वार्षिक रिपोर्ट
Annual Report
2013-14

मानक : पथप्रदर्शक :

भारतीय मानक ब्यूरो

BUREAU OF INDIAN STANDARDS

ब्यूरो के प्रधान अधिकारी, कार्यकारिणी समिति और महानिदेशालय (31 मार्च 2014 को)
PRINCIPAL OFFICERS OF BUREAU, EXECUTIVE COMMITTEE AND THE DIRECTORATE GENERAL (as on 31 March 2014)

भारतीय मानक ब्यूरो	**BUREAU OF INDIAN STANDARDS**		
अध्यक्ष	**President**	**प्रो॰ के॰ वी॰ थॉमस** उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजानिक वितरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)	**Prof. K.V. Thomas** Minister of State for Consumer Affairs, Food and Publice Distribution (Independent Charge)
अध्यक्ष कार्यकारिणी समिति	**Chairman,** Executive Committee	**श्री सुनील सोनी** महानिदेशक, भा मा ब्यूरो	**Shri Sunil Soni** Director General, BIS
भा मा ब्यूरो महानिदेशालय	**BIS DIRECTORATE GENERAL**		
मुख्यालय	**Headquarters**		
महानिदेशक	**Director General**	**श्री सुनील सोनी**	**Shri Sunil Soni**
अपर महानिदेशक	**Additional Director General**	**श्रीमती अलका पंडा**	**Smt. Alka Panda**
मुख्य सतर्कता अधिकारी	**Chief Vigilance Officer**	**श्री अलोक शर्मा**	**Shri Alok Sharma**
वैज्ञानिक जी एवं उप महानिदेशक	**Scientist G & Deputy Director General**		
परिक्षण और अंशशोधन	Testing and Calibration	श्री डी॰के॰ नैय्यर	Shri D.K. Nayyar
प्रशिक्षण संस्थान	Training Institute	श्री डी॰के॰ नैय्यर	Shri D.K. Nayyar
मानकीकरण	Standardization	श्रीमती परमिन्दर बजाज	Smt. Parminder Bajaj
परियोजना प्रबंधन एवं कार्य	Project Management and Works	श्री पी॰के॰ बत्रा	Shri P. K. Batra
वैज्ञानिक एफ एवं उप महानिदेशक	**Scientist F & Deputy Director General**		
परियोजना, योजना और समन्वय	Project, Planning & Co-ordination	श्रीमती मधुलिका प्रकाश	Smt. Madhulika Prakash
प्रमाणन	Certification	श्री के॰ अनबारासु	Shri K. Anbarasu
आई-केयर	i-CARE	श्रीमती स्नेह भाटला	Smt. Sneh Bhatla
हॉनर्माकिंग	Hallmarking	श्री ए॰के॰ सेन	Shri A.K. Sen
उप महानिदेशक	**Deputy Director General**		
प्रशासन	Administration	कैप्टन अनुज कुमार	Captain Anuj Kumar
वित्त	Finance	श्री एच॰आर॰ आहुजा	Shri H.R. Ahuja
क्षेत्रीय कार्यालय	**Regional Offices**		
वैज्ञानिक जी एवं उप महानिदेशक	**Scientist G & Deputy Director General**		
पश्चिम क्षेत्र	Western Region	श्री सी॰के॰ माहेश्वरी	Shri C.K. Maheshwari
दक्षिणी क्षेत्र	Southern Region	श्री ई॰ देवेन्दर	Shri E. Devendar
उत्तरी क्षेत्र	Northern Region	श्री ए॰के॰ सैनी	Shri A.K. Saini
वैज्ञानिक एफ एवं उप महानिदेशक	**Scientist F & Deputy Director General**		
मध्य क्षेत्र	Central Region	श्री एस॰के॰ खन्ना	Shri S.K. Khanna
पूर्वी क्षेत्र	Eastern Region	श्री डी॰के॰ चौधरी	Shri D. K. Chaudhuri

वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT
[2013-14]

भारतीय मानक ब्यूरो
BUREAU OF INDIAN STANDARDS

मानक भवन, 9 बहादुरशाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002
Manak Bhavan, 9 Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi-110002
वेबसाइट/Website : www.bis.org.in

विषय सूची
CONTENTS

क्र.सं. S.No.	विषय Subject	पृष्ठ संख्या Page No.
1.	सिंहावलोकन Overview	1
2.	मानकीकरण Standardization	7
3.	प्रमाणन Certification	31
4.	परीक्षण तथा अंशशोधन Testing and Calibration	39
5.	आई-केयर i-Care	42
6.	अंतर्राष्ट्रीय गतिविधियाँ International Activities	46
7.	प्रशिक्षण सेवायें Training Services	51
8.	सतर्कता गतिविधियाँ Vigilance Activities	53
9.	तकनीकी सूचना सेवाएं Technical Information Services	54
10.	बारहवीं योजना गत परियोजना XIIth Plan Projects	56
11.	सूचना प्रौद्योगिकी सेवाएं Information Technology Services	57
12.	परियोजना प्रबंधन तथा कार्य Project Management and Works	59
13.	मानव संसाधन विकास Human Resource Development	61
14.	वित्त, लेखा और लेखा-परीक्षा Finance, Accounts and Audit	63

सिंहावलोकन

भारत में ब्रिटिशकाल के आखिरी वर्षों में जब देश औद्योगिक भौतिक अवसंरचना के विशाल कार्य की चुनौती का सामना कर रहा था, तो इंजीनियर संस्थान (भारत) ने उस संस्थान के संविधान का पहला मसौदा तैयार किया, जो राष्ट्रीय मानक निर्धारण का कार्य कर सके। इसके परिणाम स्वरूप उद्योग और आपूर्ति विभाग ने 03 सितम्बर 1946 को एक ज्ञापन जारी करके औपचारिक रूप से एक संगठन की स्थापना की घोषणा की, जिसे भारतीय मानक संस्था कहा गया। भारतीय मानक संस्थान (भा.मा.संस्था) 6 जनवरी, 1947 को अस्तित्व में आई।

22nd meeting of the Bureau of Indian Standards
भारतीय मानक ब्यूरो की 22वीं बैठक

23rd meeting of the Bureau of Indian Standards
भारतीय मानक ब्यूरो की 23वीं बैठक

24th meeting of the Bureau of Indian Standards
भारतीय मानक ब्यूरो की 24वीं बैठक

भारतीय मानक ब्यूरो (भा.मा. ब्यूरो) पूर्व में भारतीय मानक संस्थान (आई.एस.आई) के कर्मचारियों, परिसम्पत्तियों, देयताओं और प्रकार्यों का अधिग्रहण करके व्यापक कार्य–क्षेत्र तथा अधिक शक्तियों सहित दिनांक 26 नवम्बर 1986 के संसद के एक अधिनियम के माध्यम से 1 अप्रैल 1987 को अस्तित्व में आया। यह परिवर्तन सरकार ने राष्ट्रीय मानकों के निर्धारण और कार्यान्वयन में गुणता संस्कृति और चेतना लाने तथा उपभोक्ताओं की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का वातावरण बनाने की दृष्टि से किया। ब्यूरो 25 सदस्यों का एक कार्पोरेट निकाय है। ब्यूरो के अध्यक्ष केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री और उपाध्यक्ष उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री हैं। केन्द्र एवं राज्य सरकारों के प्रतिनिधि, सांसद, उद्योग, वैज्ञानिक एवं अनुसंधान संस्थानों, उपभोक्ता संगठनों और व्यावसायिक निकायों के प्रतिनिधि इसके सदस्य हैं।

OVERVIEW

In the twilight years of British rule in India, when the country was faced with the gigantic task of building up the industrial infrastructure, it was the Institution of Engineers (India), which prepared the first draft of the Constitution of an Institution which could take up the task of formulation of National Standards. This led to the Department of Industries and Supplies issuing a memorandum on 03 September 1946, formally announcing the setting of an organization called the Indian Standards Institution. The Indian Standards Institution (ISI) came into being on 06 January 1947.

Bureau of Indian standards (BIS) came into existence on 01 April 1987, through an Act of Parliament dated 26 November 1986, with a broadened scope and more powers taking over the staff, assets, liabilities and functions of erstwhile Indian Standards Institution (ISI). Through this change over, the government envisaged building a climate for quality culture and consciousness and greater participation of consumers in formulation and implementation of national standards. The Bureau is a body corporate consisting of 25 members representing both the central and the state governments, members of parliament, industry, scientific and research institutions, consumer organizations and professional bodies with the Union Minister of Consumer Affairs, Food and Public Distribution as its President and with the Minister of State for Consumer Affairs, Food and Public Distribution as its Vice-President.

ब्यूरो की 22वीं, 23वीं और 24वीं बैठक क्रमशः 21 मई 2013, 2 जनवरी 2014 और 19 फरवरी 2014 को आयोजित की गईं। नई नीति/निर्देशों के कार्यान्वयन में भा.मा.ब्यूरो को सलाह देने के लिए वर्ष के दौरान कार्यकारी समिति की छह बैठकें आयोजित की गईं।

भा.मा.ब्यूरो की संरचना तीसरे आवरण पृष्ठ पर दी गई है। भा.मा. ब्यूरो कार्यालयों की विभिन्न लोकेशन चौथे आवरण पृष्ठ पर दी गई हैं।

भा.मा.ब्यूरो अधिदेश

भा.मा.ब्यूरो अधिदेश वस्तुओं और सेवाओं की गुणता के लिए उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं को संतुष्ट करना है।

भा.मा.ब्यूरो के उद्देश्य

- मानकीकरण का समंजित विकास, मुहरांकन तथा गुणता–प्रमाणन
- मानकीकरण और गुणता नियंत्रण पर नए सिरे से बल देना
- मानकों को मान्यता देने के लिए राष्ट्रीय नीति विकसित करना और उन्हें उत्पादन और आयात की वृद्धि और विकास के साथ एकीकृत करना

संगठनात्मक नेटवर्क

ब्यूरो का मुख्यालय, नई दिल्ली में है और कोलकाता (पूर्वी), चेन्नै (दक्षिणी), मुम्बई (पश्चिमी), चंडीगढ़ (उत्तरी) और दिल्ली (मध्य) स्थित 5 क्षेत्रीय कार्यालय हैं। अहमदाबाद, बेंगलुरू, भुवनेश्वर, भोपाल, चंडीगढ़, चेन्नई, कोयम्बटूर, देहरादून, दिल्ली, दुर्गापुर, फरीदाबाद, गाजियाबाद, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जमशेदपुर, कोचि, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, परवाणू, पटना, पुणे, रायपुर, राजकोट एवं विशाखापटनम् स्थित शाखा कार्यालय हैं, जो अलग अलग 27 स्थानों पर हैं, जिनकी कुल संख्या 32 है। उपर्युक्त क्षेत्रीय कार्यालयों के तहत हैं। ये शाखा कार्यालय क्षेत्र की राज्य सरकारों, उद्योगों, तकनीकी संस्थाओं, उपभोक्ता संगठनों आदि के बीच प्रभावी कड़ी के रूप में कार्य करते हैं।

गतिविधियाँ

भा.मा.ब्यूरो की गतिविधियों को मुख्य रूप से निम्नलिखित शीर्षों के अंतर्गत रखा जा सकता है:

क) मानक निर्धारण

ख) प्रमाणन : उत्पाद, हालमार्किंग तथा विभिन्न प्रबंध पद्धतियाँ

ग) परीक्षण और अंशशोधन सेवाएँ

घ) आई–केयर

ङ) अंतर्राष्ट्रीय गतिविधियाँ

च) प्रशिक्षण सेवाएँ

छ) सतर्कता

The 22nd, 23rd and 24th meetings of the Bureau were organized on 21 May 2013, 02 January 2014 and 19 February 2014 respectively. The Executive Committee had six meetings during the year to advise BIS in implementation of its new policies/ directives.

The structure of BIS is given on the third cover page. The various locations of BIS offices are provided on the fourth cover page.

BIS MANDATE

The Mandate of BIS is to satisfy the customer needs for quality of goods and services.

OBJECTIVES OF BIS

- Harmonious development of standardization, marking and quality certification
- To provide new thrust to standardization and quality control
- To evolve a national strategy for according recognition to standards and integrating them with growth and development of production and exports

ORGANIZATIONAL NETWORK

BIS has its Headquarters at New Delhi and its 05 Regional Offices (ROs) located at Kolkata (Eastern), Chennai (Southern), Mumbai (Western), Chandigarh (Northern) and Delhi (Central). Under the Regional Offices are the Branch Offices (BOs), which are 32 in number located at 27 different locations namely Ahmedabad, Bangalore, Bhubaneswar, Bhopal, Chandigarh, Chennai, Coimbatore, Dehradun, Delhi, Durgapur, Faridabad, Ghaziabad, Guwahati, Hyderabad, Jaipur, Jamshedpur, Kochi, Kolkata, Lucknow, Mumbai, Nagpur, Parwanoo, Patna, Pune, Raipur, Rajkot and Vishakhapatnam. The branch offices serve as an effective link between state governments, industries, technical institutions, consumer organizations, etc., of the region.

ACTIVITIES

The activities of BIS can be broadly grouped under the following heads:

a) Standards Formulation

b) Certification : Product, Hallmarking and Management Systems

c) Testing and Calibration Services

d) i-Care

e) International Activities

f) Training Services

g) Vigilance

ज) प्रचार

झ) भारतीय मानकों तथा अन्य प्रकाशनों की बिक्री

ञ) सूचना प्रौद्योगिकी सेवाएँ

ट) प्रशासन

ठ) परियोजना प्रबंध और कार्य

ड) वित्त एवं लेखा

2013–14 की कुछ प्रमुख उपलब्धियाँ इस प्रकार हैं :

- अवधि के दौरान विभिन्न व्यापक विषयों पर 547 भारतीय मानकों (309 नए और 238 पुनरीक्षित) का निर्धारण किया गया। निर्धारित कुछ भारतीय मानक इस प्रकार हैं :

– खाद्य पदार्थों और पशुचारे आहार में ट्रेसेबिलिटी–प्रणाली डिज़ाइन के सामान्य सिद्धांत और मूलभूत अपेक्षाएँ तथा कार्यान्वयन (आई एस ओ 22005 : 2007)

– खाद्य पदार्थों की स्वच्छता – सामान्य सिद्धांत–रीति संहिता (आई एस 2491 : 2013) – तीसरा पुनरीक्षण

– खाद्यान्न भण्डारण के गोदाम – रीति संहिता (आई एस 16144 : 2014)

– कान के पीछे लगने वाले श्रवण सहायकांग – डिजिटल – विशिष्टि (आई एस 16127 : 2013)

– एमपीईजी के लिए सैटअप बॉक्स – 4 डिजिटल केबल टी वी सेवाएँ – विशिष्टि (आई एस 16128 : 2013)

– वहनीय ठोस बायोमास कुक स्टोव (चूल्हा) – विशिष्टि (आई एस 13152(भाग 1) : 2013) – पहला पुनरीक्षण

– मोटर वाहनों के उपयोग के लिए द्रवित पैट्रोलियम गैस (एल पी जी) धारक – विशिष्टि (आई एस 14899 : 2014) – पहला पुनरीक्षण

– वॉक इन कोल्ड रूम – विशिष्टि (आई एस 2370 : 2014)

– चिकित्सीय प्रयोगशालाएँ – गुणता और दक्षता की अपेक्षाएँ (आई एस / आई एस ओ 15189 : 2012) – दूसरा पुनरीक्षण

– नैनो टैक्नॉलोजी – नैनो मैटीरियल के वर्गीकरण की प्रविधि (आई एस / आई एस ओ / टी आर 11360 : 2010)

– विद्युतीय संस्थापनों के इनफ्रारेड थर्मोग्राफी निरीक्षण के मार्गदर्शी सिद्धांत (आई एस 16168 : 2014)

– धात्विक सामग्रियों की वेल्डिंग प्रक्रियाओं की विशिष्टि और योग्यता – सामान्य नियम (आई एस 16003 : 2012) / आई एस ओ 15607 : 2003)

– पानी में घुलनशील फिल्में (आई एस 16154 : 2013)

– कृषि वस्त्रादि – सिंचाई प्रयोजनों के लिए उच्च घनत्व वाले पॉलीइथाइलिन (एच डी पी ई) लेमीनेटकृत वुवन ले फ्लेट ट्यूब – विशिष्टि (आई एस 16190 : 2014)

h) Publicity

i) Sales of Indian Standards and Other Publications

j) Information Technology Services

k) Administration

l) Project Management and Works

m) Finance and Accounts

Highlights of BIS Achievements during 2013-14:

- 547 Indian Standards (309 new and 238 revised) covering wide range of subjects were formulated during the year. Some important standards formulated are as follows:

- Traceability in the Feed and Food Chain -- General Principles and Basic Requirements for System Design and Implementation (ISO 22005:2007)

- Food Hygiene - General Principles - Code of Practice (IS 2491:2013 - Third Revision)

- Food Grain Storage Godowns - Code of Practice (IS 16144:2014)

- Behind The Ear (BTE) Hearing Aids - Digital - Specification (IS 16127:2013)

- Set Top Box for mpeg - 4 Digital Cable TV Services-Specification (IS 16128:2013)

- Portable Solid Bio-Mass Cook Stove (Chulha) - Specification (IS 13152 (PT 1):2013 - First Revision)

- Liquefied Petroleum Gas (LPG) Containers for Automotive Use - Specification (IS 14899:2014 - First Revision)

- Walk-in Cold Rooms - Specification (IS 2370:2014)

- Medical Laboratories - Requirements for Quality and Competence (IS/ISO 15189:2012 - Second Revision)

- Nanotechnologies - Methodology for the Classification and Categorization of Nanomaterials (IS/ISO/TR 11360:2010)

- Guidelines for Infrared Thermography Inspection of Electrical Installations (IS 16168:2014)

- Specification and Qualification of Welding Procedure for Metallic Materials-General Rules (IS 16003:2012/ISO 15607:2003)

- Water Soluble Films (IS 16154:2013)

- Agro Textiles - High Density Polyethylene (HDPE) Laminated Woven Lay Flat Tube for Irrigation Purpose - Specification (IS 16190:2014)

– पूर्ण हो चुकी सिंचाई परियोजनाओं का मूल्यांकन (मुख्य और मध्यम)– मार्गदर्शी सिद्धांत(आई एस 16115 : 2013)

– उत्प्लव मार्ग के ऊर्जा क्षयकारक की संरचनात्मक डिजाइन – मानदंड (आई एस 11527 : 2013) पहला पुनरीक्षण

– पावर परियोजनाओं के लिए तलछट हटाने की युक्तियों के द्रवचालित डिजाइनों के मानदंड (आई एस 16173 : 2014)

– विस्फोटन तथा संबद्ध ड्रिलिंग प्रचालन–सुरक्षा संहिता (आई एस 4081 : 2013 दूसरा पुनरीक्षण)

– रेडियो रसायन प्रयोगशाला की सुरक्षा संहिता (आई एस 4906 1968 पहला पुनरीक्षण)

– तापीय विद्युतरोधन सामग्री का भण्डारण और प्रहस्तन रीति संहिता (आई एस 10556 : 1983 पहला पुनरीक्षण)

– पर्यावरण प्रबंध सामग्री फ्लो कॉस्ट एकाउंटिंग – सामान्य फ्रेमवर्क (आई एस/आई एस ओ 14051 : 2011)

– निम्ज्जनीय पम्पसैटों की मोटरें – विशिष्टि (आई एस 9283 : 2013)

– घरेलू रंग–रोगन में सीसे के प्रतिबंध को शामिल करना (आई एस 2932(भाग 1) : 2013)/आई एस 2933(भाग 1) : 2013/आई एस 12744(भाग 1) : 2013/आई एस 2339 : 2013)

➢ 31 मार्च 2014 को लागू लाइसेंसों की कुल संख्या 19199 थी।

➢ 31 मार्च 2014 को कुल 5259 भारतीय मानक अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ सुमेलित किए गए।

➢ ऐसे भारतीय मानक, जिनके संगत आईएसओ/आईईसी मानक विद्यमान हैं, की संख्या को ध्यान में रखते हुए लगभग 88.5 प्रतिशत भारतीय मानक सुमेलित किए गए हैं।

➢ 15 इलेक्ट्रोनिक तथा आईटी वस्तुओं की अनुरूपता की स्व–घोषणा पंजीकरण की योजना अनिवार्य रूप से लॉच की गई। पहला पंजीकरण 2 जून 2013 को लॉच किया गया था। 31 मार्च 2014 को पूरे विश्वभर में स्थित निर्माताओं को प्रदान किए गए पंजीकरणों की संख्या 742 थी।

➢ अनिवार्य प्रमाण पत्र के अंतर्गत उत्पादों के मामले में लाइसेंस प्रदान करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए 13 फरवरी 2014 से 'तत्काल लाइसेंसिंग योजना' के नाम से आरंभ की गई। इस योजना के अंतर्गत लाइसेंस प्रदान करने के समय के मानदंड स्पष्ट रूप से अधिकतम 30 दिन के रूप में निर्धारित किए गए (साथ ही परीक्षण का समय भी घटाया गया)। 'तत्काल लाइसेंसिंग योजना' के अंतर्गत आवेदनों को प्राथमिकता दी जाती है।

➢ आवेदन को रिकार्ड करने में होने वाले परिहार्य विलम्ब को कम करने के लिए लाइसेंस प्रदान करने के आवेदन पत्रों को प्राप्त करने के लिए 1 नवम्बर 2013 से सभी शाखा कार्यालयों में प्रतिबद्ध सुविधा केन्द्र खोले गए।

- Evaluation of Completed Irrigation Projects (Major and Medium) – Guidelines (IS 16115:2013)
- Structural Design of Energy Dissipators for Spillways-Criteria (IS 11527:2013 - First Revision)
- Criteria for Hydraulic Design of Sediment Removal Devices for Power Projects (IS 16173:2014)
- Blasting and Related Drilling Operations – Safety Code (IS 4081:2013 - Second Revision)
- Code of Safety for Radiochemical Laboratory (IS 4906:1968 - First Revision)
- Storage and Handling of Thermal Insulation Materials - Code Of Practice (IS 10556:1983 -First Revision)
- Environmental Management – Material Flow Cost Accounting – General Framework (IS/ISO 14051:2011)
- Motors for Submersible Pumpsets – Specification (IS 9283:2013)
- Incorporation of Lead Restriction Requirement in Household Paints (IS 2932 (Part 1): 2013/IS 2933 (Part 1): 2013/IS 12744 (Part 1): 2013/IS 2339: 2013)

➢ The total number of standards in force as on 31 March 2014 was 19199.

➢ A total of 5259 Indian Standards have been harmonized with the International Standards as on 31 March 2014. Considering the number of Indian Standards where corresponding ISO/IEC Standards exist, about 88.5% of Indian standards are harmonized.

➢ Launch of registration scheme for self-declaration of conformity for 15 electronics and IT goods under compulsory regime. First registration was granted on 02 June 2013. The total number of registrations granted to manufacturers located throughout the world was 742, as on 31 March 2014.

➢ A new scheme called 'Tatkal Licensing Scheme' has been introduced w.e.f 13 February 2014 to expedite the processing of grant of licence in case of products under Mandatory Certification. Under this scheme, the time norms for GOL have been clearly specified as 30 days maximum (plus) reduced testing time. The applications recorded under 'Tatkal Licensing Scheme' are accorded priority.

➢ Opening of dedicated facilitation counters w.e.f 01 November 2013 in all branch offices for receiving applications for grant of licence to cut down on avoidable delays in recording of applications.

- छत्तीसगढ़ और झारखंड राज्यों के स्टेकहोल्डरों की सुविधा के लिए क्रमशः रायपुर और जमशेदपुर में उप–शाखा कार्यालय खोले गए हैं। दुर्गापुर के वर्तमान निरीक्षण कार्यालय को उन्नत करके उप–शाखा कार्यालय बना दिया गया है ताकि इस औद्योगिक समूह क्षेत्र के स्टेकहोल्डरों को पूरी और बेहतर सेवाएं मिल सकें।
- वर्ष के दौरान 3580 उत्पाद प्रमाणन लाइसेंस प्रदान किए गए। चालू लाइसेंसों (हॉलमार्किंग को छोड़कर) की कुल संख्या 31 मार्च 2014 को 27796 थी।
- वर्ष के दौरान 10 उत्पाद पहली बार उत्पाद प्रमाणन के अंतर्गत शामिल किए गए। ये उत्पाद हैं अर्थात् आई एस 10701:2012 – संरचना प्लाईवुड, आई एस 15041:2001 – वस्त्रादि–सामान्य सेवाओं के लिए कृत्रिम रेशे से बने सपाट बुने वेबिंग स्लिंग, आई एस 15884:2010 – सक्रिय ऊर्जा हेतु प्रत्यावर्ती धारा वाले प्रत्यक्ष जुड़े स्थैतिक पूर्व भुगतान किए मीटर (श्रेणी 1 एवं 2), आई एस 16008:2012 – कृषि और बागवानी प्रयोजनों हेतु टाइप 1 और टाइप 2 हेतु एग्रो टेक्सटाइल शेड नेट, आई एस 4375:1975 – निटेड सूती स्पोर्ट शर्ट, आई एस 15939:2011 – बाइफेन्थ्रिन डबल्यूपी, आई एस 8042:1989 – सफेद पोर्टलैंड सीमेंट की पैकिंग, आई एस 6046:1982 – कृषि में प्रयोग हेतु जिप्सम, आई एस 15911:2010 – संरचना इस्पात (साधारण गुणता) और आई एस 14246:2013 – सतत, पहले से रोगन किए जस्तीकृत इस्पात शीट और कॉयल।
- वर्ष के दौरान स्वर्ण हॉलमार्किंग के 1666 लाइसेंस तथा रजत हॉलमार्किंग के 193 लाइसेंस प्रदान किए गए। 31 मार्च 2014 को स्वर्ण और रजत आभूषणों की हॉलमार्किंग के लिए लागू लाइसेंसों की संख्या क्रमशः 11902 और 841 थी। 31 मार्च 2014 को भामाब्यूरो मान्यताप्राप्त मूल्यांकन एवं हॉलमार्किंग केंद्रों की संख्या 285 थी।
- वर्ष के दौरान 49 गुणता प्रबंध पद्धति प्रमाणन लाइसेंस, 14 पर्यावरण संबंधी प्रबंध पद्धति प्रमाणन लाइसेंस, 08 व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रबंध पद्धति प्रमाणन लाइसेंस, 01 खाद्य प्रबंध पद्धति प्रमाणन लाइसेंस तथा 14 सेवा गुणता प्रबंध पद्धति प्रमाणन लाइसेंस जारी किए गए। 31 मार्च 2014 तक लागू लाइसेंसों की कुल संख्या 1247 थी।
- आम उपभोक्ता को भा.मा.ब्यूरो की मानक मुहर के दुरूपयोग से बचाने के लिए देशभर में 97 छापे मारे गए। न्यायालय में दायर किए गए 66 मामलों में निर्णय हुआ है जिनमें से 63 मामलों का निर्णय भा.मा.ब्यूरो के पक्ष में हुआ।
- भा.मा.ब्यूरो प्रयोगशालाओं द्वारा परीक्षित नमूनों की संख्या और जारी की गई परीक्षण रिपोर्टों की संख्या क्रमशः 15990 और 18622 थी। चैन्नई में स्वर्ण रेफरल प्रयोगशाला ने दिसम्बर, 2010 से कार्य करना आरंभ किया है, इसने 2013–14 के दौरान 609 परीक्षण रिपोर्ट जारी की हैं।

- For the convenience of stake holders of Chhattisgarh and Jharkhand states, sub branch offices have been opened at Raipur and Jamshedpur respectively. The existing inspection office at Durgapur has been upgraded to sub branch office to provide complete and better services to stakeholders in that industrial cluster.
- 3580 Product Certification licences have been granted during the year. The total number of operative licences (excluding Hallmarking), as on 31 March 2014 were 27796.
- During the year 10 products were covered for the first time under the product certification scheme. They are namely IS 10701:2012 - Structural Plywood, IS 15041:2001 - Textiles – Flat Woven Webbing Slings made of Man-Made Fibers for General Services, IS 15884:2010 - Alternative Current Direct Connected Static Prepayment Meters for Active Energy (class 1 & 2), IS 16008:2012 - Agro Textiles Shade Nets for Agriculture and Horticulture Purposes for Type 1 and Type 2, IS 4375:1975 - Cotton knitted sport shirt, IS 15939:2011 - Bifenthrin WP, IS-8042:1989 Packing of White Portland cement, IS 6046:1982 - Gypsum for Agriculture Use, IS 15911:2010 - Structural Steel (Ordinary Quality) and IS 14246:2013 - Continuously Pre-painted Galvanized Steel Sheets and Coils.
- 1666 Gold hallmarking licences and 193 Silver hallmarking licences have been granted during the year. The number of operative licences for Hallmarking of gold and silver jewellery was 11902 and 841 respectively, as on 31 March 2014. The number of BIS recognized assaying and hallmarking centres was 285, as on 31 March 2014.
- 49 Quality Management System Certification licences, 14 Environmental Management Systems Certification licences, 08 Occupational Health and Safety Management Systems Certification licences, 01 Food Safety Management System Certification licence and 14 Service Quality Management System Certification licences were granted during the year. As on 31 March 2014, the total number of operative licences was 1247.
- During the year, 97 enforcement raids were carried out all over India on firms misusing the BIS Standard Mark. 66 cases filed in court were decided, out of which 63 cases were decided in favour of BIS.
- The number of samples tested and the number of test reports issued by BIS Laboratories were 15990 and 18622 respectively. Gold Referral Assaying Laboratory at Chennai, started in December 2010, has issued 609 test reports during 2013 - 14.

- 2013–14 के दौरान राष्ट्रीय प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रबंध पद्धति पर 10वां अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम, मानकीकरण और गुणता आश्वासन पर 45वां अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम, प्रयोगशाला गुणता प्रबंध पद्धति पर चौथा अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, इन कार्यक्रमों में विभिन्न देशों के 91 सहभागियों ने भाग लिया।
- नई दिल्ली में 16–26 अक्टूबर 2013 के दौरान भा.मा.ब्यूरो ने आई.ई.सी. की 77वीं जनरल बैठक (आई.ई.सी. जीएम) 2013 का आयोजन किया। आई.ई.सी. जीएम 2013 में 80 विभिन्न देशों के लगभग 800 विशिष्ट व्यक्तियों ने भाग लिया।
- विश्व मानक दिवस 14 अक्टूबर, 2013 को अन्तर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन की स्थापना को स्मरण करने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व मानक दिवस की विषयवस्तु थी 'अन्तर्राष्ट्रीय मानक सकारात्मक परिवर्तन सुनिश्चित करते हैं'।
- भा.मा.ब्यूरो के मुख्यालय और इसके सभी क्षेत्रीय और शाखा कार्यालयों में 28 अक्टूबर से 2 नवम्बर, 2013 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया।
- भा.मा.ब्यूरो के मुख्यालय में और इसके सभी क्षेत्रीय और शाखा कार्यालयों में 12–27 सितंबर 2013 के दौरान हिंदी पखवाड़ा मनाया गया। इस दौरान हिन्दी में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।
- 31 मार्च 2014 को भा.मा.ब्यूरो के वेतनरोल पर कुल 1480 व्यक्ति थे।
- वर्ष 2013–14 के दौरान भारतीय मानक ब्यूरो ने चहुंमुखी प्रगति जारी रखी। ब्यूरो की कुल आय (निवेश से प्राप्त आय को छोड़कर) रू. 31443.12 लाख दर्ज की गई जबकि पिछले वर्ष यह आय रू. 28017.48 लाख थी, जिसमें भा.मा.ब्यूरो पंजीकरण योजना से प्राप्त आय भी शामिल है, जिसके परिणामस्वरूप 12.23 प्रतिशत की वृद्धि हुई। भा.मा.ब्यूरो ने लगातार 25वें वर्ष अपने व्यय और अन्य देयताओं को पूरा करते हुए आत्मनिर्भर रहना जारी रखा।

महानिदेशक

ई–मेल : dg@bis.org.in
वेबसाइट : www.bis.org.in

- The 10th International Training Programme on Management Systems, the 45th International Training Programme on Standardization and Quality Assurance and the 04th International Training Programme on Laboratory Quality Management System were organised by NITS during 2013-14, which were attended by 91 participants from various developing countries.
- BIS organized the 77th IEC General Meeting (IEC GM) 2013 during 16 - 26 October 2013 at New Delhi. Around 800 delegates from more than 80 different countries participated in IEC GM 2013.
- World Standards Day was celebrated on 14 October 2013 to commemorate the establishment of the International Organization for Standardization (ISO). The theme of this year World Standards Day was 'International Standards Ensure Positive Change'.
- Vigilance Awareness Week was observed in BIS at its headquarters and in all the regional and branch offices from 28 October to 02 November 2013.
- Hindi Pakhwara was celebrated in BIS at its headquarters and in all the regional and branch offices from 12 to 27 September 2013, during which different competitions in Hindi were organized.
- As on 31 March 2014, a total of 1480 persons were on roll in BIS.
- Bureau of Indian Standards has maintained all round progress during the year 2013-14. It recorded a total income (excluding interest from investment) of 31443.12 lakhs and a growth of 12.23% (which includes income from the BIS Registration Scheme) over the income during the previous year which was 28017.48 lakhs. For the twenty fifth consecutive year, BIS continued to be self reliant in meeting its expenditure and other liabilities

Director General

e-mail : dg@bis.org.in
Website : www.bis.org.in

मानकीकरण

मानक निर्धारण

भा.मा.ब्यूरो समयबद्ध तरीके से राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप आवश्यकता के आधार पर भारतीय मानकों का निर्धारण करता है। यह उद्योगों और व्यापार के सभी पक्षों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मानकों को अपनाना, सुविधाजनक बनाने के लिए राष्ट्रीय मानकों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के समनुरूप बनाता है।

भारतीय मानकों के निर्धारण के लिए भा.मा.ब्यूरो पृथक्–पृथक् विभाग परिषदों के तहत विषयों के विशिष्ट समूहों संबंधी कार्य के लिए गठित विषय समितियों, उप–समितियों और पैनलों के रूप में तकनीकी समिति–संरचना के माध्यम से कार्य करता है। विषय समितियों, उप–समितियों और पैनलों के साथ–साथ उनकी विभाग परिषदों में भा.मा.ब्यूरो के अधिकारी और संबद्ध विभिन्न संगठनों, जैसे संगठित उपभोक्ता, उपभोक्ता निकायों, नियामक एवं अन्य सरकारी निकायों, उद्योगों, वैज्ञानिकों, प्रौद्योगिकीविदों, परीक्षण संगठनों के प्रतिनिधि तथा वैयक्तिक विशेषज्ञ शामिल होते हैं।



भारतीय मानक(मानकों) के निर्धारण का प्रस्ताव केन्द्र सरकार के किसी मंत्रालय, राज्य सरकारों, संघ शासित क्षेत्र के प्रशासनों, उपभोक्ता संगठनों, औद्योगिक इकाइयों, उद्योग संघों, पेशेवर निकायों, ब्यूरो सदस्यों तथा इसकी तकनीकी समितियों के सदस्यों द्वारा दिया जा सकता है। संबंधित विभाग परिषद् द्वारा प्रस्ताव अनुमोदित हो जाने के बाद भारतीय मानक के निर्धारण के लिए संबंधित विषय समिति उस पर मानक बनाती है।



12 विभागीय परिषदों, यथा सिविल इंजीनियरी, रसायन इंजीनियरी, विद्युत–तकनीकी, खाद्य एवं कृषि, इलैक्ट्रोनिक तथा सूचना प्रौद्योगिकी, चिकित्सा उपस्कर तथा अस्पताल आयोजना, धातुकर्म इंजीनियरी, प्रबंध एवं पद्धति, उत्पादन एवं सामान्य इंजीनियरी, परिवहन इंजीनियरी, वस्त्रादि और जल संसाधन विभागों ने वर्ष के दौरान बैठकें आयोजित कीं। विषय समितियों की 232 बैठकों के साथ–साथ बड़ी संख्या में उपसमितियों और पैनलों की बैठकों का भी आयोजन किया गया, जिनमें मानकों के मसौदों और तकनीकी

STANDARDIZATION

STANDARDS FORMULATION

BIS is formulating need-based Indian standards in line with the National Priorities in a time-bound manner. It also harmonizes National Standards with International Standards in order to facilitate adoption of International Standards by all segments of industry and business.

For formulation of Indian Standards, BIS functions through the Technical Committee structure in terms of Sectional Committees, Subcommittees and Panels set up for dealing with specific group of subjects under their respective Division Councils. The sectional committees, subcommittees and panels as well as their division councils include concerned officials of BIS and representatives of various interests such as organized consumers, consumer bodies, regulatory and other government bodies, industries, scientists, technologists, testing organizations and individual experts.

A proposal for formulation of Indian Standard(s) may be submitted by any Ministry of the Central Government, State Governments, Union Territory Administrations, Consumer Organizations, Industrial Units, Industry Associations, Professional Bodies, Members of the Bureau and Members of its Technical Committees. The proposal is taken up for formulation of standards by an appropriate Sectional Committee with the approval of the concerned Division Council.

Twelve Division Councils, namely, Civil Engineering, Chemical Engineering, Electro Technical, Food and Agriculture, Electronics and Information Technology, Medical Equipment and Hospital Planning, Metallurgical Engineering, Management and Systems, Production and General Engineering, Transport Engineering, Textile and Water Resources Departments met during the year. The meetings of 232 Sectional committees, in addition to large number of

दस्तावेजों पर विस्तार से विचार किया गया। भा.मा.ब्यूरो की नवीन प्रौद्योगिकियों पर मानक निर्धारण करने और अप्रचलित मानकों को वापस लेने की नीति है। अप्रैल 2013–मार्च 14 के दौरान भा.मा. ब्यूरो ने 547 (309 नए और 238 पुनरीक्षित) मानक बनाए, जिससे 31 मार्च 2014 तक लागू मानकों की संख्या 19199 हो गई।

मानकों की समीक्षा

जब भी आवश्यक समझा जाए, परन्तु पांच वर्षों में कम से कम एक बार मानकों का पुनरीक्षण यह सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है कि वे अभी भी प्रासंगिक हैं और पुनरीक्षण उनकी पुनर्पुष्टि करने, पुनरीक्षण करने, संशोधन जारी करने, अप्रयुक्त घोषित करने या वापस लेने की उपर्युक्त कार्रवाई करने के लिए किया जाता है। गत वर्ष के दौरान 4436 मानकों का पुनरीक्षण किया गया, 4298 मानकों को पुनर्पुष्ट किया और 91 मानकों को वापस लिया गया।

सुमेलन

बाजार के परिदृश्य में, भारत विश्वस्तरीय चुनौती का सामना कर रहा है। बाजार में टिके रहने के लिए यह महत्वपूर्ण है कि भारतीय मानकों को यथा संभव अंतर्राष्ट्रीय मानक संगठन (आई एस ओ) और अंतर्राष्ट्रीय विद्युत तकनीकी संगठन (आई ई सी) द्वारा निर्धारित अंतर्राष्ट्रीय मानकों के सुमेलन बनाया जाए। इसके साथ–साथ भारत व्यापार में तकनीकी बाधाओं हेतु डब्ल्यू टी ओ समझौते का भी हस्ताक्षरकर्ता है। इस समझौते के अनुसार डब्ल्यू टी ओ समझौता करने वाले सदस्यों के लिए अपने राष्ट्रीय मानकों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ समरूप करना आवश्यक है। तथापि, कोई देश स्वास्थ्य, सुरक्षा, पर्यावरण, राष्ट्रीय सुरक्षा और धोखाधड़ी के तरीकों की रोकथाम हेतु विशेष अपेक्षाएँ शामिल करने पर विचार शामिल कर सकता है। भा.मा.ब्यूरो मानक निर्धारण हेतु आधार के रूप में उन विषयों पर उपलब्ध होने पर, अंतर्राष्ट्रीय मानकों का प्रयोग करता है। गत वर्ष के दौरान 165 भारतीय मानकों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ सुमेलन किया गया। अब तक 5259 भारतीय मानकों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ सुमेलन किया जा चुका है, जो भारतीय मानकों के उन मानकों का 88.5 प्रतिशत है, जिनसे संबंधित अंतर्राष्ट्रीय मानक उपलब्ध हैं।

वर्ष 2013–14 के दौरान नई पहल

- दो मानकों के साथ–साथ चालू रहने की प्रणाली।
- मानकों में मल्टीग्रेड।
- द्विअंक पद्धति (दुअल नम्बरिंग सिस्टम) के अंतर्गत अन्य निकायों द्वारा निर्धारित मानकों को अपनाना।
- खाद्य एवं कृषि उत्पादों के क्षेत्र में एक एफ एस एस ए आइ., डी एम आई (एगमार्क) और भा.मा.ब्यूरो के बीच मानक निर्धारण को समनुरूप बनाना।
- मानकों को द्रुत, बेहतर और प्रासंगिक बनाने के लिए मानक निर्धारण प्रक्रिया को मजबूत बनाने हेतु प्रक्रियाओं की समीक्षा।

subcommittees and panels were also held to consider draft standards and related technical documents in detail. It is the policy of BIS to formulate Indian Standards on emerging technologies and to withdraw obsolete standards. During the period April 2013 - March 2014, 547 (309 new and 238 revised) standards were formulated. The total number of standards in force as on 31 March 2013 was 19199.

Review of Standards

Indian Standards are reviewed as and when considered necessary, but at least once in five years to establish whether these standards are still current and to take appropriate action for reaffirmation, revision, issuing amendments, declare obsolescence or withdrawal. During the year, 4436 standards were reviewed, 4298 standards were reaffirmed and 91 standards have been withdrawn.

Harmonization

In the market scenario, India is facing the challenge of global competition. To sustain in the global markets it is important to harmonize Indian Standards, as far as possible, with International Standards formulated by International Organization for Standardization (ISO) and the International Electro-technical Commission (IEC). Further, India is a signatory to the WTO Agreement on Technical Barriers to Trade (TBT). As per the agreement, member countries of WTO are required to align their National Standards with International Standards. However, country specific concerns on health, safety, environment, national security and prevention of deceptive practices can be considered/ incorporated while formulating National Standards. BIS uses International Standards, wherever they exist as a basis for standards development. During the year, 165 Indian Standards were harmonized with International Standards. A total of 5259 Indian Standards have so far been harmonized with International Standards, which is 88.5% of Indian Standards where corresponding ISO/ IEC Standards exist.

NEW INITIATIVES DURING 2013-14

- A system for concurrent running of two Indian Standards.
- Multiple Grades in Standards.
- Adoption of Standards developed by other bodies as Indian Standards under dual numbering system.
- Harmonization of standard formulation between FSSAI, DMI (AGMARK) and BIS in the area of food and agricultural products has been initiated.
- Review of procedures to strengthen standards formulation in order to make standards faster, better and relevant.

- भारतीय मानकों के प्रकाशन में तेजी हेतु एक अभियान चलाया गया।

वर्ष 2013–14 के दौरान निर्धारित मानकों की सूची निम्नलिखित है :

आहार एवं खाद्य श्रृंखला अभिज्ञात करना – प्रणाली डिजाइन एवं कार्यान्वयन के सामान्य सिद्धांत एवं आधारभूत अपेक्षाएं (आई एस ओ 22005 : 2007)

इस मानक में आहार एवं खाद्य अभिज्ञात पद्धति के डिजाइन और कार्यान्वयन के सिद्धांत एवं मूलभूत आवश्यकताओं को निर्दिष्ट किया गया है। इसे कोई संगठन आहार एवं खाद्य श्रृंखला में किसी भी चरण में कार्यान्वित कर सकता है। यह इतना अनुकूल है कि कोई आहार एवं खाद्य संगठन ज्ञात उद्देश्यों को हासिल कर सकता है। यह अभिज्ञात पद्धति संगठन को अपने परिभाषित उद्देश्यों का अनुपालन करने में सहायक एक तकनीकी साधन है और यह उत्पाद अथवा उसके संबद्ध घटकों का इतिहास अथवा स्थान ज्ञात करने के लिए भी प्रयोग में लाई जा सकती है।

खाद्य स्वच्छता – सामान्य सिद्धांत – रीति संहिता (आई एस 2491 : 2013 – तृतीय पुनरीक्षण)

यह मानक खाद्य स्वच्छता रीति को सुनिश्चित करने के लिए एक दृढ़ आधार है और जहां कहीं उपयुक्त हो, वहां स्वच्छता रीति की प्रत्येक विशिष्ट संहिता के साथ मिला कर इसका प्रयोग किया जाए। यह मानक आरंभिक उत्पादन से लेकर अंतिम खपत तक खाद्य श्रृंखला का अनुसरण करता है जिसमें प्रत्येक चरण में प्रमुख स्वच्छता नियंत्रकों को दिया गया है। यह मानक, जहां कहीं भी संभव है, वहां खाद्य निरापदता को बढ़ाने के लिए एच ए सी सी पी अथवा एफ.एस.एम.एस आधारित दृष्टिकोण की अनुशंसा करता है।

नारियल दूध पाउडर – विशिष्टि (आई एस 16116 : 2013)

इस मानक में नमी का अंश, ग्रेडिंग, नमूने लेने, परीक्षण पद्धतियां, पैकिंग एवं मुहरांकन जैसी अपेक्षाएं निर्दिष्ट की गई हैं। भारत से निर्यात किए जाने वाले प्रसंस्करित नारियल उत्पादों में नारियल दूध पाउडर का महत्वपूर्ण स्थान है। इस उत्पाद के विदेशी एवं देसी व्यापार को विकसित करने की बहुत संभावनाएं हैं। नारियल दूध पाउडर की मांग को बनाए रखने तथा अधिक बढ़ाने के लिए इस उत्पाद की गुणता को सुनिश्चित करना आवश्यक है। इस उत्पाद की सही गुणता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है इस मानक विशिष्टि पर आधारित कड़ा गुणता नियंत्रण हो।

अनाज भंडारण गोदाम – रीति संहिता (आई एस 16144 : 2014)

हरित क्रांति के बाद के समय में भारतीय कृषि के उत्पादन एवं उत्पादकता में उल्लेखनीय विकास हुआ है। अनाज के मामले में देश आत्मनिर्भर हुआ है और देश की आवश्यकताओं को पूरा करने में दालों, तिलहन, और फाइबर के उत्पादन में असाधारण विकास हुआ है। अतएव, देश में कृषि उत्पादों के भंडारण की सुविधाओं को सुदृढ़ करने और भंडारण सुविधाएं पैदा करने की आवश्यकता है। अनाज गोदामों का निर्माण करके इस प्रकार की आवश्यकता को पूरा किया जा सकता है। भंडारण की कमी होने के कारण उत्पादन

- A drive was launched to expedite publishing Indian Standards.

Details of important standards formulated during the year 2013-14 are as follows:

Traceability in the Feed and Food Chain -- General Principles and Basic Requirements for System Design and Implementation (ISO 22005:2007)

This standard gives the principles and specifies the basic requirements for the design and implementation of a feed and food traceability system. It can be applied by an organization operating at any step in the feed and food chain. It is intended to be flexible enough to allow feed organizations and food organizations to achieve the identified objectives. The traceability system is a technical tool to assist an organization to conform with its defined objectives, and is applicable when necessary to determine the history or location of a product or its relevant components.

Food Hygiene - General Principles - Code of Practice (IS 2491:2013 - Third Revision)

This standard lays a firm foundation for ensuring food hygiene and should be used in conjunction with each specific code of hygienic practice, wherever appropriate. The standard follows the food chain from primary production through to final consumption, highlighting the key hygiene controls at each stage. It recommends a HACCP or FSMS based approach wherever possible to enhance food safety.

Coconut Milk Powder - Specification (IS 16116:2013)

This standard specifies requirements such as moisture content, grading, sampling, methods of test, packing and marking. Coconut milk powder occupies an important place among the processed coconut products which are exported from India. There is ample scope for the development of external as well as the internal trade for this product. If the demand for coconut milk powder is to be maintained and further developed, it is necessary to ensure the quality of the product. In order to ensure maintenance of proper quality, it is necessary to have strict quality control based on the standard specifications.

Food Grain Storage Godowns - Code of Practice (IS 16144:2014)

In the post-green revolution era, there has been a significant growth in the production and productivity in the Indian agriculture. The country has become self-sufficient in food grains and achieved a remarkable growth in the production of pulses, oil seeds and fibres to meet the requirements of the country. Therefore, the facility for storage of agricultural produce needs to be strengthened in the country and the creation of storage facilities,

के पश्चात् अनाज का एक बड़ा हिस्सा बेकार हो जाता है। वैज्ञानिक रूप से डिजाइन की गई भंडारण संरचनाओं से ऐसी क्षति को कम किया जा सकता है और इनके होने से कृषकों को गुणता/महंगें निवेश वाली फसलों को पैदा करने का विश्वास भी मिलेगा। इस मानक में भंडारण गोदामों के स्थान, डिजाइन और निर्माण, क्षमता तथा आयाम इत्यादि जैसी अपेक्षाएं दी गई हैं। इस मानक में शामिल भंडारण गोदाम परंपरागत चिनाई वाले ढांचे हैं। यह मानक उन खराब होने वाली वस्तुओं अथवा उत्पादों पर लागू नहीं होता है जिनके लिए कोल्ड स्टोरेज इत्यादि जैसे नियंत्रित तापमान वाले भंडारणों की आवश्कयता होती है।

कान के पीछे लगने वाले (बी टी ई) श्रवण यंत्र – डिजिटल – विशिष्टि (आई एस 16127 : 2013)

श्रवण यंत्र एक ऐसा इलेक्ट्रॉनिक उपकरण है जिसे सुनने में असमर्थ व्यक्ति आवाज को बढ़ाने के लिए आम तौर पर कान में अथवा उसके पीछे लगाता है। कान के सैल कहे जाने वाले कान के भीतरी हिस्से में छोटे संवेदी सैलों के क्षतिग्रस्त होने के कारण बहरेपन की समस्या वाले लोगों की सुनने और बोलने की समझ को बेहतर करना इस यंत्र का प्रमुख कार्य होता है। श्रवण यंत्र जीवन की सुरक्षा और गुणवत्ता को बेहतर बनाते हैं। इस मानक में बी टी ई श्रवण यंत्रों – डिजिटल की सामान्य और कार्यकारिता संबंधी अपेक्षाएं दी गई हैं।

एम पी ई जी हेतु सेट टॉप बाक्स – 4 डिजिटल केबल टी वी सेवाएं – विशिष्टि (आई एस 16128 : 2013)

सेट टॉप बॉक्स (एस टी बी) अथवा सेट टॉप यूनिट (एस टी यू) एक ऐसा उपकरण है जो टेलीविजन को सिग्नल के बाहरी स्रोत से जोड़ता है और स्रोत सिग्नल को उस प्रारूप में बदलता है जिसे बाद में टेलीविजन स्क्रीन अथवा अन्य किसी उपकरण पर देखा जा सकता है। यह टेलीविजन सेट को डिजिटल टेलीविजन (डी टी वी) प्रसारण को ग्रहण करने और डिकोड करने में सक्षम बनाता है।

इस मानक में ग्राहक द्वारा मल्टीचैनल टेलीविजन कार्यक्रम रिसीव करने वाले डिजिटल सेट टॉप बाक्स की अपेक्षाएं निर्दिष्ट की गई हैं। यह बॉक्स एम पी ई जी–4 मानक से कार्यक्रमों को संपीडित करके उसको चैनल कोडित तथा डी वी बी–सी मानक से उसे मॉडयूलित करता है और यह कार्यक्रम कोएक्सीयल केबल नेटवर्क से अंशदान देने वाले ग्राहक के घर तक पहुंचते हैं।

डिजिटल टैरीस्ट्रियल एच डी टी वी/एस डी टी वी रिसेप्शन हेतु सेट टॉप बॉक्स – विशिष्टि (आईएस 16129 : 2014)

स्टैंड्र्ड डैफीनेशन (एस डी) और हाई डैफीनेशन (एच डी) टेलीविजन सिग्नल, दोनों के रिसेप्शन के लिए ग्राहक द्वारा प्रयुक्त किए जाने वाले सेट टॉप बाक्स की अपेक्षाएं दी गई हैं। यह सेट टॉप बॉक्स डी वी बी–टी2 डिजिटल टैरीस्ट्रियल टेलीविजन एमीशन स्टैंडर्ड्स के प्रयोग से सिग्नल प्रसारित करता है। यह एसटीबी टैरीस्ट्रियल टीवी एरियल से जुड़ा होगा और एच डी टी वी रिसेप्शन के लिए यह 'एच डी रेडी टी वी/किसी टी वी रिसीवर या टी वी डिस्पले के साथ जुड़ा होना चाहिए।

through construction of food grain godowns is likely to fulfil this requirement. Storage losses constitute a major share of food grain loss in post-production operations. Scientifically designed storage structures, reduce the losses and their existence provide confidence to the farmers for raising crops with quality/costly inputs. This Standard covers the basic requirements such as location, design and construction, capacities and dimensions, etc for food grain storage godowns. The storage godowns covered in this standard are conventional masonry structures. This Code does not apply to storage of perishables or those commodities which require storage under controlled temperature like cold storage etc.

Behind The Ear (BTE) Hearing Aids - Digital - Specification (IS 16127:2013)

Hearing aid is an electronic device usually worn in or behind the ear of a hearing-impaired person for amplifying sound. It is primarily useful in improving the hearing and speech comprehension of people who have hearing loss that results from damage to the small sensory cells in the inner ear, called hair cells, Hearing Aids improve safety and increase quality of life. This standard specifies the general and performance requirements of the BTE hearing aids – digital.

Set Top Box for mpeg - 4 Digital Cable TV Services-Specification (IS 16128:2013)

A set-top box (STB) or set-top unit (STU) is a device that connects to a television set and an external source of signal, turning the source signal into content form that can then be displayed on the television screen or other device. It enables a television set to receive and decode digital television (DTV) broadcasts.

This standard specifies the requirements for a Digital Set Top Box (STB) to be used by subscribers to receive multichannel television programs which are compressed using the MPEG - 4 standard and channel coded and modulated using the DVB-C standard and delivered over a coaxial cable network to subscriber homes.

Set Top Box for Digital Terrestrial HDTV/SDTV Reception - Specification (IS 16129:2014)

This standard specifies the requirements for a set top box (STB), to be used by the subscribers for the reception of both Standard Definition (SD) and High Definition (HD) television (TV) signals, transmitted by using DVB-T2 digital terrestrial television emission standards. The STB input will be connected to a terrestrial TV aerial and for HD TV reception the STB output should be connected to a 'HD Ready' TV/ any TV receiver or TV display.

पोर्टेबल ठोस जैव ईंधन चूल्हा – विशिष्टि (आई एस 13152 (भाग 1) : 2013 – प्रथम पुनरीक्षण)

जैविक ईंधन चूल्हा एक दहन उपकरण है जो जैविक ईंधन का अधिक दक्षता से व कम उत्सर्जन करते हुए दहन करता है और पकाने का स्वच्छ ऊर्जा वाला माध्यम है। यह मानक सर्वप्रथम 1991 में प्रकाशित किया गया था, जिसे बाद में 2013 में संशोधित किया गया। यह संशोधन प्रौद्योगिकीगत विकास और बेहतर घरेलू एवं सामुदायिक जैवईंधन चूल्हों के लिए पोर्टेबल स्वाभाविक प्रारूप और अनिवार्य प्रकार के प्रारूपों के परीक्षण प्रोटोकॉल को संपुटित करने के लिए किया गया। इस मानक में घरेलू एवं सामुदायिक/व्यावसायिक अनुप्रयोगों के लिए विभिन्न डिजाइनों तथा ठोस जैवईंधन पोर्टेबल चूल्हों के किस्मों की अपेक्षाएं भी दी गई हैं।

निम्न दाब द्रवीय गैसों के लिए 5 लिटर से अधिक की क्षमता वाले वेल्डित अल्प कार्बन इस्पात सिलिंडर भाग 1 द्रवित पेट्रोलियम गैस (एल पी जी) के लिए सिलिंडर – विशिष्टि (आई एस 3196 (भाग 1) : 2013)

यह मानक द्रवीय पेट्रोलियम गैस के भंडारण एवं परिवहन के लिए अभीष्ट 5 लिटर से अधिक और 250 लिटर जल क्षमता तक की अभिहित क्षमता वाले वेल्डित अल्प कार्बन इस्पात सिलिंडरों से संबंधित है। इस मानक में इन सिलिंडरों की सामग्री, डिजाइन, निर्माण, उत्पादन, परीक्षण और मुहरांकन की अपेक्षाएं निर्धारित की गई हैं। यह मानक मूल रूप से 1965 में जारी किया गया था और बाद में 1968, 1974, 1982, 1992 और 2006 में इसका पुनरीक्षण किया गया।

गैस वाले तात्क्षणिक वाटर हीटर – रीति संहिता (आई एस 16093 : 2013)

गैस वाले वाटर हीटर के सुरक्षित उपयोग के लिए उनका सही संस्थापन बहुत महत्त्वपूर्ण है। इनके सही तरह से संस्थापित न होने के कारण दम घुट सकता है, आग लग सकती है अथवा विस्फोट के कारण जान–माल का नुकसान हो सकता है। इस मानक में गैस वाले तात्क्षणिक वाटर हीटर के संस्थापन की अपेक्षाएं निर्दिष्ट की गई हैं। यह मानक वाटर हीटर के संस्थापन के लिए प्रयोग में आने वाली पाइपिंग एवं उपस्करों जैसे संबद्ध संघटकों पर भी लागू होता है।

स्वचल प्रयोग हेतु द्रवीय पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) आधान – विशिष्टि (आई एस 14899 : 2014 – प्रथम पुनरीक्षण)

यह मानक अनिवार्यतः स्वचल वाहन सेवा के लिए है और यह वांछनीय है कि अन्य दाब पोतों के लिए वर्तमान में विद्यमान सुरक्षा स्तर भी बनाए रखे जाएं। सिलिंडरों के मालिक और उन्हें भरने वाले यह ध्यान रखें कि निर्दिष्ट सेवा काल के लिए निर्दिष्ट सेवा शर्तों के अनुसार इस मानक के लिए डिजाइन किए गए सिलिंडरों का प्रयोग सुरक्षित तरीके से करें। यह मालिकों और प्रयोक्ताओं का दायित्व है कि वह समय–समय पर यथा संशोधित गैस सिलिंडर नियम 2004 और इन नियमों के अंतर्गत सांविधानिक प्राधिकरण द्वारा यथा लागू नियमों द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार सिलिंडरों का

Portable Solid Bio-Mass Cook Stove (Chulha) - Specification (IS 13152 (PT 1):2013 - First Revision)

Hot bituminous materials are used in various operations connected with civil engineering jobs. The work involved is of specialized and hazardous nature which, sometimes, leads to accidents. These accidents may cause burns to workman, injury to lungs due to breathing of dust laden air, or fire to materials and equipment. It is, therefore, necessary that certain rules are laid down for every phase of work involved and that these are meticulously followed by each member of the crew working on the job, not only

करना न केवल उस व्यक्ति के लिए बल्कि उसके साथ काम करने वाले और देखने वाले व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए भी जरूरी है। अतएव, तप्त बिटुमिन सामग्री के प्रयोग वाले निर्माण कार्यों की सुरक्षा अपेक्षाएं निर्दिष्ट करने के लिए यह मानक निर्धारित किया गया है।

रेडियो रासायनिक प्रयोगशाला के लिए सुरक्षा संहिता (आई एस 4906 : 1968 – प्रथम पुनरीक्षण)

दवाइयों, कृषि और उद्योगों तथा अनुसंधान प्रयोगशालाओं में बहुधा रेडियो समस्थानिकों का नियोजन किया जाता है। प्राकृतिक यूरेनियम को छोड़ कर सभी मामलों में मात्राक्रम में वायु और जल में रेडियो–न्यूक्लाइडों का अधिकतम अनुमत सांद्रण, असक्रिय रासायनिक समस्थानिकों के अधिकतम अनुमत सांद्रण से कम हो। इसके साथ रेडियो विशालुता के अभिलक्षण और परंपरागत पद्धतियों से इनकी पहचान करने की कठिनाइयां भी हैं, जिसके कारण यह आवश्यक हो जाता है कि रेडियोरासायनिक प्रयोगशालाओं के डिजाइन और योजना तथा रेडियोधर्मी सामग्री के रख–रखाव, भंडारण और निपटान में अधिक सतर्कता बरती जाए। यदि इसके लिए निर्दिष्ट सभी सुरक्षा निर्देशों का अधिकतम पालन किया जाए तो विकिरण के कारण होने वाली संभावित क्षति को कम किया जा सकता है। यह तभी संभव है जब रेडियोधर्मी सामग्री, कार्य में जोखिम की प्रकृति, सुरक्षा निर्देशों के महत्त्व के प्रयोजन और सुरक्षा उपस्करों के कार्यों एवं उपयोग को पूरी तरह समझा जाए। रासायनिक दुर्घटनाओं, जो रेडियोरासायनिक प्रयोगशाला में भी घट सकती है, अथवा विकिरण के कारण भी हो सकती हैं, को रोकने के लिए इनके लिए इस मानक के साथ भारतीय मानक 4209 : 2013 रासायनिक प्रयोगशालाओं हेतु सुरक्षा संहिता का भी संदर्भ लिया जा सकता है।

ऊष्मारोधी सामग्री का भंडारण एवं प्रहस्तन – रीति संहिता (आई एस 10556 : 1983 – प्रथम पुनरीक्षण)

ऊष्मारोधी सामग्री के उपयुक्त भंडारण एवं प्रहस्तन आवश्यक है क्योंकि प्रतिकूल पद्धति के कारण इनके गुणधर्म पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। यह मानक ऊष्मारोधन के विभिन्न वर्गों से संबद्ध जेनेरिक अपेक्षाओं के लिए बनाया गया है। ऊष्मारोधी सामग्री के सुरक्षित प्रहस्तन की जानकारी में ऊष्मारोधी सामग्री के प्रहस्तन के सुरक्षा पक्षों की जानकारी, जैसे श्रमिकों और कार्य स्थल परिवेश की सुरक्षा शामिल नहीं है क्योंकि इसके विनियम श्रम मंत्रालय द्वारा निर्धारित किए जाते हैं। जहां इस प्रकार के विनियम निर्दिष्ट किए गए हैं वहां नियामक एजेंसी द्वारा जारी सुरक्षा मानकों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

पर्यावरण प्रबंधन – मैटीरियल फ्लो कॉस्ट अकाउंटिंग – सामान्य आधार (आई एस/आई एस ओ 14051 : 2011)

मैटीरियल फ्लो कॉस्ट अकाउंटिंग प्रबंधन का एक साधन है जिससे संगठन संभावित पर्यावरण और रीतियों के प्रयोग से अपने माल एवं ऊर्जा के वित्तीय परिणामों को बेहतर ढंग से समझने के साथ ही

for his own safety but also for the safety of his fellow workers and on-lookers. This standard has, therefore, been formulated to lay down safety requirements for constructions involving the use of hot bituminous materials.

Code of Safety for Radiochemical Laboratory (IS 4906:1968 - First Revision)

Radioisotopes are increasingly employed in medicines, agriculture and industry and in research laboratories. The maximum permissible concentrations of radio-nuclides in air and water are in almost all cases, excepting natural uranium, of orders of magnitude lower than the maximum allowable concentrations of non-active chemical isotopes. This, coupled with the characteristic radio toxicity and difficulties of detection by conventional methods, makes it necessary that elaborate precautions are taken in the design and layout of radiochemical laboratories and in the handling, storage and disposal of radioactive materials. The potential injuries due to radiation may be reduced to a minimum if all the safety instructions prescribed for the purpose are followed to the fullest extent. This is only possible if the characteristic of the radioactive material, nature of the hazards involved, purpose underlying the safety instruction and the function and uses of protective equipment are fully understood. For prevention of chemical accidents, which may also occur in a radiochemical laboratory or which may lead to exposure due to radiation, Indian Standard Code of Safety for Chemical Laboratories, IS: 4209:2013 may be consulted in conjunction with this standard.

Storage and Handling of Thermal Insulation Materials - Code Of Practice (IS 10556:1983 -First Revision)

Proper storage and handling of thermal insulation materials is essential as their insulating properties could be severely affected by non-optimum practice. This standard has been prepared to provide generic requirements relevant to different families of Insulating materials. Information on safe handling of thermal insulation materials excludes information on safety aspects of handling thermal insulation materials, such as safety of workers and work space environment, the regulations which are being formulated by the Ministry of Labour. Where such safety regulations have been specified, it should be ensured that safety standards issued by the regulatory agency are adhered to.

Environmental Management – Material Flow Cost Accounting – General Framework (IS/ISO 14051:2011)

Material Flow Cost Accounting (MFCA) is a management tool that can assist organizations to better understand the potential environmental and financial consequences of

उन रीतियों में बदलाव के माध्यम से पर्यावरणीय एवं वित्तीय सुधार करने के लिए अवसर पैदा कर सकता है। इस मानक में सामान्य शब्दावली; उद्देश्य एवं सिद्धांत; मूलभूत कारक; कार्यान्वयन के उपाय दिए गए हैं जिनके प्रयोग से संगठन के मैटीरियल फ्लो का आकलन किया जा सकता है।

घरेलू पेन्ट में सीसा प्रतिबंध की अपेक्षाओं का समावेशन (आई एस 2932 (भाग 1) : 2013/आई एस 2933 (भाग 1) 2013/आई एस 12744 (भाग 1) : 2013/आई एस 2339 : 2013)

ये मानक सीमित सीसे वाले पेन्ट को ध्यान में रखते हुए संशोधित किए गए हैं। विभिन्न देशों में लागू विनियम की वैश्विक अवधारणा को ध्यान में रखते हुए सीसे के निम्नतम स्तर को इस मानक में सम्मिलित किया गया है। इन मानकों में सीसे की अधिकतम अनुमत सीमा 90पी पी एम निर्दिष्ट की गई है। इससे ग्राहकों को घरेलू और सज्जात्मक उपयोग का पेन्ट मिलेगा जो स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण की दृष्टि से सुरक्षित होगा। इसके अतिरिक्त, इस पेन्ट के उपयोग को सभी ग्राहकों के उपयोग के लिए सुगम बनाने की दृष्टि से उत्पाद के प्रमुख घटकों के साथ पेन्ट के कंटेनर पर मुहरांकन भाग में एक चेतावनी भी शामिल की गई है।

कॉस्टिक सोडा – विशिष्टि (आई एस 252 : 2013)

उत्पादन प्रक्रिया में प्रौद्योगिकीगत विकास को देखते हुए 2013 में कॉस्टिक सोडे के मानक को संशोधित किया गया। इससे पहले उद्योग पारा सैल प्रक्रिया से कॉस्टिक सोडे का उत्पादन कर रहे थे जिसके कारण उत्पाद और निःस्राव में पारा आता था। जबकि अब उद्योग पारा रहित प्रक्रिया अर्थात् मेम्बरेन सैल प्रौद्योगिकी का प्रयोग करते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए संशोधित मानक में एक नई अपेक्षा के रूप में पारे की अपेक्षा भी सम्मिलित की गई है। रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय ने गैर–शुल्क उपाय के रूप में इस मानक को अनिवार्य करने का आग्रह किया है। इससे भारत में निम्न ग्रेड की सामग्री की डम्पिंग को नियंत्रित करने में सहायता मिलेगी, जिससे पर्यावरण के साथ–साथ उद्योगों और ग्राहकों के हितों की भी रक्षा होगी।

प्रतिदीप्त लैम्पों में सीसे के स्तर के मापन के लिए नमूना तैयार करना (आई एस 16166 : 2014)

इस मानक का प्रयोग प्रतिदीप्त लैम्पों में सीसे के स्तर को मापने के लिए नमूना तैयार करने के लिए किया जाता है। पारे का प्रयोग स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक होने के कारण सीएसएल में पारे के स्तर को सीमित किया गया जिसके लिए आई एस 15111 (भाग 1) में संशोधन कर जारी किया गया है। इस मानक में 0.1मिग्रा अथवा उससे अधिक पारायुक्त नए नलिकाकार प्रतिदीप्त लैम्प (एकल कैप, दोहरे कैप, स्वयं धारा–स्थिरक और बैकलाइट के लिए सी सी एफ एल सहित) में पारा ज्ञात करने के लिए नमूने तैयार करना निर्दिष्ट किया गया है। इस मानक में निर्दिष्ट पद्धति का वांछित वियोजन 05% के अनुक्रम में हैं। प्रयुक्त लैम्प में सीसे के स्तर का मापन इसमें शामिल नहीं हैं क्योंकि लैम्प जलने के दौरान

their material and energy use practices, and seek opportunities to achieve both environmental and financial improvements via changes in those practices. This Indian Standard provides common terminologies; objective and principles; fundamental elements; implementation steps using which an organizations material flow can be assessed.

Incorporation of Lead Restriction Requirement in Household Paints (IS 2932 (Part 1): 2013/IS 2933 (Part 1): 2013/IS 12744 (Part 1): 2013/IS 2339: 2013)

These standards were revised aiming at formulation of lead restricted paints. Keeping in view of the global concept of regulation applicable in different countries, the lowest level of lead restriction has been incorporated in this standard. The maximum permissible limits of lead in these standards have been prescribed as 90 ppm. This would enable consumers to procure paints for household and decorative application which would be safe for health, safety and environmental safety. Moreover, to facilitate all consumers about the uses of the paints, a cautionary note has been added in the marking clause on the container of the paint along with the lead content in the products.

Caustic Soda - Specification (IS 252: 2013)

Caustic Soda standard was revised in 2013 keeping in view the technological development that has taken place in the manufacturing process. Earlier the industries were manufacturing caustic soda by mercury cell process which lead to mercury in the product and effluent. Whereas, now the industries have shifted to the mercury free process i.e. membrane cell technology. In view of this, mercury requirement has also been incorporated as a new requirement in the revised standard. Ministry of Chemical and Fertilizers have requested to make the standard mandatory as a step towards non-tariff measure. This will help to control the dumping of low grade material in India, protect the environment and the interest of industries and consumers.

Sample Preparation for Measurement of Mercury Level in Fluorescent Lamps (IS 16166:2014)

This standard is to be used for the sample preparation for measurement of mercury level in fluorescent lamps. Since mercury poses a major health risk, a limit to the mercury level in CFL's is brought out by issuing an amendment to IS 15111 (Part 1). This Indian Standard specifies sample preparation methods for determining mercury levels in new tubular fluorescent lamps (including single capped, double capped, self ballasted and CCFL for backlighting) containing 0.1 mg mercury or more. The intended resolution of the methods described in this standard is of the order of 05%. Mercury level measurement of spent lamps is excluded, as during lamp operation, mercury

पारा धीरे–धीरे कांच में विसरित होता है और कांच के तत्त्वों के साथ क्रिया करता है। इस मानक की परीक्षण पद्धति डिस्चार्ज ट्यूब की कांच की भित्ति में विसरित हो चुके अथवा उसके साथ क्रिया कर चुके अथवा अन्यथा अप्रत्यावर्तित ढंग से मिल चुके पारे की पुनर्प्राप्ति के लिए नहीं है।

बत्ती उपकरण भाग 5 विशेष अपेक्षाएं खंड 7 प्रकाशीय श्रृंखला (आई एस 10322 (भाग 5/खंड 7) : 2013)

इस मानक में प्रकाशीय श्रृंखला की अपेक्षाएं दी गई हैं। इसमें केवल सुरक्षा अपेक्षाएं शामिल हैं। इस मानक में 250वो. से कम की आपूर्ति वोल्टेज पर भीतर अथवा बाहर प्रयुक्त होने वाले सीरीज़ अथवा समांतर अथवा सीरीज़ के संयोजन/समांतर कनेक्ट किए गए बल्बों अथवा एल ई डी लैम्पों के साथ फिट होने वाली प्रकाशीय श्रृंखला की अपेक्षाएं निर्दिष्ट की गई हैं। यह मानक आईएस 10322 (भाग 1) : 2010 'बत्ती उपकरण : भाग 1 सामान्य अपेक्षाएं एवं परीक्षण' के साथ पढ़ा जाना चाहिए। इस मानक के खंड आई एस 10322 (भाग 1) : 'सामान्य अपेक्षाएं' के खण्डों के अनुरूप हैं।

निमज्जनीय पम्पसेटों के लिए मोटर – विशिष्टि (आई एस 9283 : 2013)

इस मानक में उन निमज्जनीय पम्प सेटों के लिए निमज्जनीय मोटरों की तकनीकी अपेक्षाएं दी गई हैं जो सामान्यतः बोर होल (बोर वैल अथवा ट्यूबवैल) और कृषि, जल आपूर्ति इत्यादि में प्रयोग के लिए स्वच्छ, ठंडे और ताजे जल के लिए प्रयुक्त होते हैं। इस मानक को आई एस 8034 : 1989 'निमज्जनीय पम्प सेट – विशिष्टि' और आई एस 14220 : 1994 'ओपन वैल निमज्जनीय पम्पसेट– विशिष्टि' के साथ पढ़ा जाए क्योंकि निमज्जनीय मोटर और निमज्जनीय पम्प के साथ ही पूरा सेट बनता है। पम्प सेट की संतोषजनक और दक्षतापूर्ण कार्य के लिए मोटर और पम्प का साइज़, रेटिंग और आउटपुट इत्यादि के लिए उनके चयन में समन्वय होना आवश्यक है।

भारतीय मानकों के कार्यान्वयन हेतु संगोष्ठियां

भारतीय मानकों के कार्यान्वयन में गति लाने के लिए भा.मा.ब्यूरो उन पहचान किए गए क्षेत्रों में संगोष्ठियां/सम्मेलन आयोजित करता है जिनमें निर्माता, प्रयोक्ता, विकास एवं अनुसंधान संगठन, सरकारी संस्थान और अन्य भागीदारी करते हैं। वर्ष के दौरान भा.मा.ब्यूरो ने विभिन्न संगोष्ठियां/कार्यशालाएं आयोजित कीं और सम्मेलनों में भाग लिया ताकि मानकों की उपलब्धता के बारे में प्रसार किया जा सके और सुधार/अद्यतन करने के लिए फीडबैक लिया जा सके तथा उन क्षेत्रों की पहचान की जा सके जहां उद्योगों को मानकीकरण की आवश्यकता है।

'राष्ट्रीय भवन कोड : प्रावधान एवं नवीनतम विकास' पर अखिल भारतीय कार्यशाला
All India Workshop on National Building Code: Provisions and Latest Developments

gradually diffuses into the glass wall and reacts with the glass materials. The test method of this standard does not recover mercury that is diffused into or reacted with or otherwise incorporated irreversibly with the glass wall of discharge tubes.

Luminaries Part 5 Particular Requirements Section 7 Lighting Chains (IS 10322 (Part 5/ Sec 7):2013)

This standard covers the requirements of lighting chains. It covers only the safety requirements. It specifies requirements for lighting chains fitted with series or parallel or a combination of series/parallel-connected incandescent lamps or LED lamps for use either indoors or outdoors on supply voltages not exceeding 250 V. This standard is to be read in conjunction with IS 10322 (Part 1):2010 'Luminaires: Part 1 General Requirements and Tests'. The clauses of this standard correspond to those of IS 10322 (Part 1): 'General requirements'.

Motors for Submersible Pumpsets – Specification (IS 9283:2013)

This standard specifies technical requirements of submersible motors for submersible pump sets commonly used in bore holes (bore-wells or tube wells) and those used in open wells for handling clear, cold and fresh water for application in agriculture, water supply, etc. This standard shall be read in conjunction with IS 8034: 1989 'Submersible pump sets - Specification' and IS 14220:1994 'Open well submersible pump sets - Specification' as the submersible motor and the submersible pump together form a complete set. Co-ordination in the selection of motor and pump with respect to their size, rating and output, etc., is necessary for satisfactory and efficient operation of the pump set.

Seminars for Implementation of Indian Standards

To intensify the implementation of Indian standards BIS organizes seminars/ conferences/ workshops in identified sectors where stakeholders such as manufacturers, users, R and D organizations, Government institutions and others participate. During the year, BIS organized various Seminars/ Workshops and participated in Conferences with a view to disseminate information about the availability of standards and to get feedback for further improvement/ updating as well as to find out fields where standardization is needed by the industry.

इस अवधि के दौरान आयोजित महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम निम्नलिखित हैं

1. **भारत का राष्ट्रीय भवन कोड 2005: प्रावधान एवं नवीनतम विकास' पर कार्यशाला:** भा.मा.ब्यूरो और इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स (भारत), यूपी स्टेट सेन्टर, लखनऊ द्वारा संयुक्त रूप से 12–13 मई 2013 को लखनऊ में 'भारत का राष्ट्रीय भवन कोड 2005' पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

2. **'खेल के सामान – मानकीकरण, प्रमाणन, प्रयोगशालाओं' पर कार्यशाला**

   भा.मा.ब्यूरो द्वारा प्रोसेस एण्ड प्रोडक्ट डवलपमेंट सेन्टर (पी पी डी सी) एण्ड एम एस एम ई के साथ संयुक्त रूप से 11 नवम्बर 2013 को जालंधर, पंजाब में 'खेल का सामान – मानकीकरण, प्रमाणन प्रयोगशालाओं' पर एक परिचर्चात्मक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान मानक (भारतीय व अंतर्राष्ट्रीय), प्रमाणन और प्रयोगशालाओं से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई।

3. **'प्रकाश एवं राष्ट्रीय प्रकाश कोड' पर संगोष्ठी**

   भा.मा.ब्यूरो ने इंडियन सोसायटी ऑफ लाइटिंग इंजीनियर्स (आई एस एल ई), मध्य प्रदेश स्टेट सेन्टर, इंदौर के साथ मिल कर 17 दिसम्बर 2013 को इंदौर में 'प्रकाश एवं राष्ट्रीय प्रकाश कोड' पर संगोष्ठी का आयोजन किया।

   संगोष्ठी में प्रतिभागियों को भा.मा.ब्यूरो द्वारा तैयार किए गए विभिन्न प्रकार के मानकों यथा, उत्पाद मानक, परीक्षण पद्धति, पारिभाषिक शब्दावली मानक, आयाम मानक, चिन्ह मानकों और रीति संहिताओं की जानकारी दी गई। उन्हें यह बताया गया कि एन एल सी भा.मा.ब्यूरो द्वारा तैयार की गई रीति संहिता है जिसे प्रयोक्ताओं, परामर्शदाताओं, डिजाइनरों, नीति निर्माताओं को जोड़ने के लिए बनाया गया। इसका उद्देश्य नियामक ढांचा प्रदान करना है जिससे कि ऊर्जा दक्ष डिजाइन, प्रकाश की क्षति को रोकना और प्रकाश प्रदूषण को कम करना सुनिश्चित किया जा सके। इस संगोष्ठी में विभिन्न श्रेणी के स्टेकहोल्डरों जैसे, आर्किटेक्ट, इंटीरियर डिजाइनरों, सलाहकारों, आई एस एल ई के सदस्यों, विभिन्न सरकारी विभागों के इंजीनियरों तथा उद्योगों, व्यापारियों, छात्रों इत्यादि ने भाग लिया।

प्रकाश एवं राष्ट्रीय प्रकाश कोड पर संगोष्ठी
Seminar on Lighting and National Lighting Code

Important events organized during this period are as under:

1. **Workshop on 'National Building Code of India 2005: Provisions and latest developments'**

   A workshop on 'National Building Code of India 2005:Provisions and latest developments' was organized at Lucknow during 12-13 May 2013 jointly by BIS and the Institution of Engineers (India), U.P. State Centre, Lucknow.

2. **Workshop on 'Sports Goods - Standardization, Certification, Laboratories'**

   An interactive workshop on 'Sports Goods - Standardization, Certification and Laboratories' was jointly organized by BIS with Process and Product Development Centre (PPDC) and MSME on 11 November 2013 at Jalandhar, Punjab. During the workshop issues related to standards (Indian and International), Certification and Laboratories were discussed.

3. **Seminar on 'Lighting and National Lighting Code'**

   BIS in association with Indian Society of Lighting Engineers (ISLE), Madhya Pradesh State Centre, Indore organized a daylong seminar on 'Lighting and National Lighting Code' on 17 December 2013 at Indore.

   During the seminar different types of standards developed by BIS namely Product Standards, Methods of Test, Terminology Standards, Dimension Standards, Symbol Standards and Codes of Practice were informed to participants. It was explained that NLC was a Code of Practice developed by BIS with a view to integrate users, consultants, designers, policy formulators which aims to provide regulatory framework ensuring energy efficient designs, prevention of Light waste and minimize Light Pollution. The Seminar attracted the participation of more than 100 delegates/professionals from a wide spectrum of stakeholders such as architects, Interior designers, consultants, academicians, members of ISLE, engineers from various government departments and industries, traders, students, etc.

4. **'राष्ट्रीय प्रकाश संहिता' पर संगोष्ठी**

07 फरवरी 2014 को कोलकाता में 'राष्ट्रीय प्रकाश संहिता' पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस संगोष्ठी का प्रमुख उद्देश्य इस क्षेत्र में काम करने वाले लोगों और उद्योगों में उत्कृष्ट प्रकाश रीतियों तथा संबद्ध भारतीय मानकों को लोकप्रिय बनाना था। इस संगोष्ठी का एक और उद्देश्य राष्ट्रीय प्रकाश संहिता के अगले पुनरीक्षण में शामिल किए जाने वाले परिवर्तनों और सुधारों के लिए स्टेकहोल्डरों से फीडबैक लेना भी था।

5. **'फुटवियर क्षेत्र में रसायन अनुपालन का पंजीयन, मूल्यांकन, प्राधिकार और प्रतिबंध (आर ई ए सी एच) एवं उसके पक्ष' पर संगोष्ठी**

भा.मा.ब्यूरो द्वारा 16 जनवरी 2014 को नई दिल्ली में 'फुटवियर क्षेत्र में आर ई ए सी एच अनुपालन एवं उसके पक्ष' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में आर ई ए सी एच के पक्ष और फुटवियर क्षेत्र में निर्यात एवं आयात पर उसके प्रभावों पर उद्योगों को जागरूक किया गया।

6. **'हाइड्रोमीटरी' पर संगोष्ठी**

भा.मा.ब्यूरो ने 13–14 फरवरी 2014 को पुणे मे 'हाइड्रोमीटरी' पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। इस संगोष्ठी में लगभग 45 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। वर्तमान मानकों में संशोधन एवं नए मानक बनाने के कई सुझाव संगोष्ठी में प्राप्त हुए।

7. **'साईकिल एवं उसके पुर्जो का मानकीकरण' पर संगोष्ठी**

21 फरवरी 2014 को लुधियाना, पंजाब में 'साइकिल एवं उसके पुर्जो का मानकीकरण' पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें उद्योग (साईकिल, पुर्जे, लाइसेंसधारक एवं विशेषज्ञ) से जुड़े 50 लोगों ने हिस्सा लिया। संगोष्ठी में आई एस 10613 : 2004 / आई एस ओ 6742–2: 1985 के अनुसार साइकिल की सुरक्षा अपेक्षाओं एवं उस पर चमकने वाले उपकरण लगाने के सरकार के विचार पर पहल के बारे में चर्चा की गई।

8. **'तकनीकी वस्त्रादि में मानक' स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण में मानकों की भूमिका' पर दूसरी राष्ट्रीय संगोष्ठी**

भा.मा.ब्यूरो ने फिक्की और वस्त्रादि मंत्रालय के सहयोग से 25 फरवरी 2014 को मुंबई

तकनीकी वस्त्रादि में मानकों पर दूसरी राष्ट्रीय संगोष्ठी
2nd National Seminar on Standards in Technical Textiles

4. **Seminar on 'National Lighting Code'**

A seminar on 'National Lighting Code' was organized at Kolkata on 07 February 2014. Around 100 participants attended the programme. The main objective of the seminar was to popularize the best lighting practices and relevant Indian Standards among the lighting practitioners and industries. The seminar was also intended to obtain the feedback of stakeholders on changes to be incorporated and improvements to be made during the next revision of the National Lighting Code.

5. **Seminar on 'Registration, Evaluation, Authorisation and Restriction of Chemicals (REACH) Compliance and its aspect on Footwear Sector'**

The seminar on 'REACH Compliance and its aspect on Footwear sector' was organized by BIS on 16 January 2014 at New Delhi. Footwear industries were sensitized on the REACH aspect and its impacts on import and export in Footwear Sector.

6. **Seminar on 'Hydrometry'**

The seminar on 'Hydrometry' was organized by BIS on 13-14 February 2014 at Pune. Around 45 participants attended the programme. A number of suggestions for formulation of new standards and amendments to existing standards were received.

7. **Seminar on 'Standardization on Bicycle and its Components'**

A seminar on 'Standardization on Bicycle and its Components' was held on 21 February 2014 at Ludhiana, Punjab in which about 50 participants from industry (Bicycle and components, Licensees and experts) participated. During the seminar, discussion was held regarding the Govt. move to consider safety requirements of Bicycle and Retro-reflective devices and tapes as per IS 10613:2004/ISO 6742-2:1985. All the industrial representatives available in the seminar welcomed the move.

8. **2nd National Seminar on 'Standards in Technical Textiles - Role of Standardi-zation in Health, Safety and Environment'**

The seminar was organized by BIS on 25 February 2014 at Mumbai in association

में संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी में तकनीकी वस्त्रादि मंत्रालय, व्यापार, नियामक निकायों, परीक्षण प्रयोगशालाओं, सरकार के 100 प्रतिनिधियों और महत्त्वपूर्ण प्रयोक्ताओं ने भाग लिया।

9. इंजीनियरिंग मेट्रोलॉजी–मानकीकरण' पर संगोष्ठी

इंजीनियरिंग मेट्रोलॉजी के क्षेत्र में भारतीय मानकों को प्रोत्साहित करने के लिए भा.मा.ब्यूरो द्वारा 06 मार्च 2014 को ए आर ए आई, पुणे में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उद्योगों के साथ इस परिचर्चात्मक संगोष्ठी का प्रमुख उद्देश्य इंजीनियरिंग मेट्रोलॉजी के क्षेत्र में बने मानकों के बारे में उद्योगों को जागरूक करना, भारतीय मानकों को कार्यान्वयित करना; मापन उपस्करों के लिए भा.मा.ब्यूरो प्रमाणन चिन्ह लेने के लिए उद्योगों को अवगत कराना; अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किए गए कार्य के बारे में उद्योगों को जागरूक करना, मानकीकरण के नए क्षेत्रों के लिए सुझाव लेना और उद्योगों से फीडबैक लेना था, ताकि भा.मा.ब्यूरो अपनी सेवाओं को बेहतर कर सके।

10. 'खाद्य निरापदता' पर कार्यशाला

भा.मा.ब्यूरो ने 12 मार्च 2014 को नई दिल्ली में 'खाद्य निरापदता' पर एक कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें लगभग 50 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। यह कार्यशाला खाद्य निरापदता पर भारतीय मानकों के प्रमाणन को बढ़ावा देने के लिए भा.मा.ब्यूरो के मध्य क्षेत्रीय कार्यालय की लाइसेंसधारकों के साथ समीक्षा बैठक के साथ आयोजित की गई।

11. 'विश्वसनीयता तकनीक–मानकीकरण और अनुप्रयोग' पर संगोष्ठी

भा.मा.ब्यूरो ने 19 मार्च, 2014 को 'विश्वसनीयता तकनीक–मानकीकरण और अनुप्रयोग' पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन चेन्नै में किया। उद्घाटन सत्र के अलावा इसमें दो तकनीकी सत्र भी थे। इस संगोष्ठी का उद्देश्य इलैक्ट्रोनिक और विद्युत संघटकों और उपस्करों की विश्वसनीयता और निर्भरता के मानकीकरण के बारे में सूचना वितरित करना था। इस संगोष्ठी में परमाणु अनुसंधान, अंतरिक्ष विज्ञान और इलैक्ट्रोनिक संगठकों जैसे क्षेत्र के प्रख्यात विशेषज्ञों ने विश्वसनीयता के विभिन्न पहलुओं के विभिन्न अनुप्रयोगों के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने का प्रयास किया। संगोष्ठी के वक्ता और सहभागी विभिन्न सरकारी विभागों, वैज्ञानिक और अनुसंधान संगठनों, शैक्षणिक संस्थाओं तथा उद्योग से संबंधित थे।

12. 'चिकित्सकीय युक्तियों पर मानक' संगोष्ठी

भा.मा.ब्यूरो द्वारा नई दिल्ली में 20 मार्च, 2014 को 'चिकित्सकीय युक्तियों पर मानक' संगोष्ठी आयोजित की गई। इस संगोष्ठी में प्रौद्योगिकी, सामाजिक महत्त्व और कार्यान्वयन के संदर्भ में मानक निर्धारण के लाभ पर विचार–विमर्श किया गया।

with FICCI and Ministry of Textiles. Around 100 delegates from technical textiles Industry, trade, regulatory bodies, testing laboratories, Government and important users attended the seminar.

9. Seminar on 'Engineering Metrology – Standardization'

In order to promote the Indian Standards formulated in the field of Engineering Metrology, a seminar was organized by BIS on 06 March 2014 at ARAI, Pune. Main aim of this interactive seminar with the industry was to create awareness among the industry about the standards formulated in the field of engineering metrology; Implementation of Indian standards published; to approach the industry for getting BIS certification mark license for the measuring equipment; to create the awareness among the industry about the work done at International level; to suggest new areas for standardization and to get feedback from the industry so that BIS can improve in its services.

10. Workshop on 'Food Safety'

A workshop on 'Food Safety' was organized by BIS on 12 March 2014 at New Delhi. Around 50 participants attended the programme. The workshop was held in conjunction with the licensees review meet of Central Regional Office of BIS to promote the certification of the Indian Standards on food safety.

11. Seminar on 'Reliability Techniques - Standardization and Applications'

BIS has organized a one day Seminar on 'Reliability Techniques - Standardization and Applications', on 19 March 2014 at Chennai. Besides the inaugural session, there were two technical sessions. The objective of this seminar was to disseminate information relating to standardization of reliability and dependability of electronic and electrical components and equipment. An attempt was made to spread awareness about various applications of different aspects of reliability by eminent experts such as in atomic research, space science and electronic components. Speakers and participants belonged to govt. departments, scientific and research organizations, academic institutions and industry.

12. Seminar on 'Standards on Medical Devices'

A seminar on 'Standards on Medical Devices' was organized by BIS on 20 March 2014 at New Delhi. Around 50 participants attended the programme. The benefits of standards formulation with respect to technology, social importance and implementation were discussed.

13. 'संमिश्र (कम्पोजिट) में मानकीकरण–वर्तमान स्थिति और आगे का मार्ग' पर कार्यशाला

यह संगोष्ठी 27 मार्च, 2014 को अहमदाबाद में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में 35 लोगों ने भाग लिया। इस कार्यशाला में स्टेकहोल्डरों को भा.मा.ब्यूरो की मानकीकरण प्रक्रिया और नई पहलों तथा संमिश्रों के क्षेत्र में किए गए कार्य के बारे में सूचित किया गया। कार्यशाला में भाग लेने वाले सदस्यों ने इस बात पर बल दिया कि संमिश्र एक व्यापक संभावनाओं वाला विषय है और यह अंतिम उपयोग से अधिक रेशों, रेजिन की गुणता और उनके पारस्परिक सम्पर्क पर अधिक निर्भर है, अतः इस पर एक पृथक् विषय समिति बनाई जाए। औद्योगिक संघ भी अतिशीघ्र इस विषय पर पृथक् समिति बनाने की आवश्यकता पर भा.मा.ब्यूरो को व्हाइट पेपर देने जा रहा है। नए विषयों के बारे में सदस्यों की राय थी कि उपभोक्ता की सुरक्षा से संबंधित विषयों को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाए। इसलिए केबल ग्रेटिंग, केबल ट्रे, एफ आर पी एक्सटेंशन लेडर, जी आर पी एपोक्सी पाइप तथा फिटिंगों इत्यादि नए विषय प्रस्तावित किए गए।

प्रचार

भा.मा.ब्यूरो की प्रचार गतिविधियों का उद्देश्य आम उपभोक्ताओं और उद्योगों के मध्य भा.मा.ब्यूरो की गतिविधियों के बारे में जागरूकता पैदा करना है। इसके उल्लंघनकर्ताओं को रोकने के लिए नकली मुहरांकन जैसी अनैतिक व्यापारिक रीतियों को रोकने के लिए दंडात्मक प्रावधान किया गया। जिन आम प्रचार माध्यमों का उपयोग किया गया है, वे प्रिंट, इलैक्ट्रोनिक मीडिया, रेडियो, ऑउटडोर पब्लिसिटी, मैट्रो, रेल संपर्क 139, सिनेमा स्लाइड इत्यादि हैं।

उपभोक्ता हितों की सुरक्षा पर सर्वाधिक बल देने के लिए और भा.मा.ब्यूरो को नागरिक/लोगों के लिए अनुकूल संगठन बनाने का प्रयास करने के उद्देश्य से उपभोक्ता संरक्षण और उपभोक्ता जागरूकता के लिए आई–केयर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। भामाब्यूरो द्वारा हॉलमार्क किए गए स्वर्ण आभूषणों सहित भा.मा.ब्यूरो द्वारा प्रमाणित आई एस आई मुहरांकित चीजें खरीदने हेतु आम उपभोक्ताओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से जोर–शोर से प्रचार अभियान चलाया गया। उन्हें भा.मा.ब्यूरो प्रमाणित सामानों से संबंधित शिकायतों के निपटान हेतु भा.मा.ब्यूरो द्वारा बनाई पद्धति के संबंध में भी शिक्षित किया गया।

भा.मा.ब्यूरो ने लोकप्रिय उपभोक्ता और औद्योगिक मेलों में भाग लिया, जिनमें भा.मा.ब्यूरो की गतिविधियों के साथ–साथ गुणता पर ध्यान केंद्रित करने हेतु सूचना वितरित करने के लिए बनायी गयी फिल्मों की स्क्रीनिंग की गई। इन कार्यक्रमों के दौरान लघु संवर्द्धनात्मक फिल्मों की स्क्रीनिंग भी की गई। भा.मा.ब्यूरो के स्टॉल पर भा.मा.ब्यूरो की विभिन्न गतिविधियों के ब्लो–अप प्रदर्शित किए गए और ब्रोशर/फोल्डर जैसी प्रचार सामग्री आगंतुकों को उपलब्ध करायी गयी।

वर्ष 2013–14 के दौरान प्रचार के विशिष्ट विवरण नीचे दिए गए हैं: हॉलमार्किंग पर दो टीवी स्पॉट डी डी नेशनल और 58 केबल और सैटेलाइट चैनलों पर कुल आठ सप्ताह तक प्रसारित किए गए। हॉलमार्क के चार विज्ञापन अखिल भारतीय स्तर पर चार महीनों की अवधि के लिए 86 विभिन्न समाचार पत्रों में अलग–अलग फेजों में

13. Workshop on 'Standardization in Composites - Present status and way forward'

The seminar was organized on 27 March 2014 at Ahmedabad. Around 35 participants attended the programme. The stakeholders were informed about BIS standardization procedure and new initiatives and the work done in the field of composites. The house insisted that composites being a versatile subject and more depend on the quality of fiber, resin and their interaction together rather than the end usage, hence it should be made a separate sectional committee. The Industry Association will also be writing a white paper on the need of separate committee to BIS very soon. On new subjects, the house opined the subject related to safety of consumer should be taken on priority. Therefore new subjects of cable grating, cable trays, FRP extension ladders, GRP epoxy pipes and fittings etc were proposed.

PUBLICITY

The publicity activity of BIS is aimed at creating awareness of various BIS activities among the Industry and consumers. The penal provisions for unscrupulous practices like spurious marking were also publicized to deter violators. The publicity was given through print and electronic media as well as other media like Outdoor Publicity, Metro Rail, Rail Sampark 139, Cinema Slides, etc.

To give utmost thrust for safeguarding consumer interest and in an effort to make BIS a citizen/ people friendly organization, an i-Care programme has been launched for consumer protection and consumer awareness. An aggressive publicity campaign was taken up with an aim to persuade consumers to buy ISI Marked goods including BIS Hallmarked Gold Jewellery and they were made aware of the mechanism for redressal of complaints relating to BIS certified goods.

BIS participated in popular consumer and industrial trade fairs where screening of films was made to disseminate information on the activities of BIS as well as to focus on quality. Short promotional films were screened during these events. Blow-ups on various activities of BIS were displayed at BIS stall and publicity material like brochures, folders, leaflets were also made available to the visitors.

The specific details on publicity for the year 2013-14 are as follows:

Two TV Spots on Hallmarking were telecast for a total of 8 weeks on DD National and 58 cable and satellite channels. Four Hallmark advertisements were released on an all

प्रकाशित किए गए। हॉलमार्क पर भा.मा.ब्यूरो के महानिदेशक का साक्षात्कार सी एन बी सी आवाज पर 20 फरवरी, 2014 को प्रसारित किया गया। दूसरा साक्षात्कार आकाशवाणी पर 31 मार्च, 2014 को उनके 'विविधा' नामक कार्यक्रम में प्रसारित किया गया।

आई एस आई मुहर पर दो रेडियो स्पॉट हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं में 24 एफ एम स्टेशनों पर आकाशवाणी के माध्यम से विविध भारती के 37 स्टेशनों पर 45 दिनों की अवधि के लिए प्रसारित किए गए।

आई एस आई मुहर लगे उत्पादों पर दो विज्ञापन, अखिल भारतीय स्तर पर 33 दिनों की अवधि के लिए फेजों में 25 अलग–अलग समाचार पत्रों में प्रकाशित किए गए।

आई एस आई मुहर पर उपभोक्ता जागरूकता के लिए 139 रेल सम्पर्क पर जिंगल एक मास तक प्रसारित की गई।

महत्वपूर्ण घटनाओं का प्रचार

राजीव गांधी राष्ट्रीय गुणता पुरस्कार वितरण समारोह का विज्ञापन 53 समाचार पत्रों में अखिल भारतीय स्तर पर 26 अप्रैल, 2013 को प्रकाशित किया गया।

विश्व मानक दिवस पर 14 अक्तूबर, 2013 को 38 समाचार पत्रों में अखिल भारतीय स्तर पर प्रकाशित किया गया। इसके अलावा विश्व मानक दिवस अर्थात् 14 अक्तूबर, 2013 को भा.मा.ब्यूरो के महानिदेशक का साक्षात्कार डीडी–1 के 'गुड इवनिंग इंडिया' नामक कार्यक्रम में और आकाशवाणी पर प्रसारित किया गया।

आई ई सी जनरल मीटिंग 2013 के उद्घाटन का विज्ञापन 21 अक्तूबर, 2013 को 16 समाचार पत्रों में अखिल भारतीय स्तर पर प्रकाशित किया गया।

मानकों एवं अन्य प्रकाशनों की बिक्री

ब्यूरो मुख्यालय, क्षेत्रीय कार्यालयों और शाखा कार्यालयों के 24 बिक्री केंद्रों के माध्यम से भारतीय मानक और विशेष प्रकाशनों की बिक्री करता है। पंजीकृत पुस्तक विक्रेताओं के माध्यम से भी बिक्री की जाती है। भा.मा.ब्यूरो भारत में भी विदेशी मानकों (आई एस ओ, आई ई सी, बी एस आई लंदन, डी आई एन जर्मनी, जे आई एस जापान) की बिक्री करता है। भा.मा.ब्यूरो ने ई–पोर्टल द्वारा भारतीय मानकों की बिक्री आरंभ की थी। मानकों को भा.मा.ब्यूरो के ई–पोर्टल से सॉफ्ट कॉपी के रूप में डाउनलोड किया जा सकता है अथवा ई–पोर्टल द्वारा हार्ड कॉपी के लिए भी क्रयादेश दिया जा सकता है। दोनों ही मामलों में क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड द्वारा पोर्टल पर भुगतान किया जा सकता है। भा.मा.ब्यूरो ने उन ग्राहकों के लिए भी भुगतान की प्रणाली आरंभ की है जिनकी ई–खरीद रू. 50,000 से अधिक की हो। ऐसे ग्राहक डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर द्वारा भी भुगतान कर सकते हैं। भा.मा.ब्यूरो के खाते में सीधे हस्तांतरण द्वारा भी ग्राहक मानकों हेतु भुगतान कर सकते हैं।

भारतीय मानक पूरे सेट के रूप में अथवा सिविल इंजीनियरिंग, विद्युत इंजीनियरिंग, यांत्रिक इंजीनियरिंग, टैक्सटाइल इत्यादि जैसे 14 क्षेत्रों के अलग–अलग विशेष सेटों के रूप में डी वी डी पर भी लीजिंग के लिए उपलब्ध है।

ग्राहकों की सुविधा के लिए भा.मा.ब्यूरो के ई–पोर्टल www.standardsbis.in से जुड़ा एक टच स्क्रीन कियोस्क मुख्यालय के बिक्री विभाग में लगाया गया है। ग्राहक इस पर अपनी आवश्यकता के मानक, मानकों का मूल्य, विषयक्षेत्र, संशोधन इत्यादि देख सकते हैं। इसी प्रकार की सुविधा भा.मा.ब्यूरो के क्षेत्रीय एवं शाखा कार्यालयों के सभी बिक्री केंद्रों पर उपलब्ध कराने की संभावनाओं का भी पता लगाया जा रहा है।

India basis for a period of 04 months in phases in 86 different newspapers. An interview of DG, BIS on Hallmark was telecast on CNBC Awaz on 20 February 2014. Another interview on All India Radio was broadcast on 31 March 2014 in their Programme 'Vividha'.

Two radio spots on ISI Mark were broadcast for a period of 45 days in Hindi and regional languages on 24 FM channels and 37 Vividh Bharati Stations through All India Radio. Two advertisements on ISI marked products were released on an all India basis for a period of 33 days in phases in 25 different newspapers.

Jingle on ISI Mark was run on 139 Rail Sampark for one month regarding consumer awareness.

Publicity on important events

Rajiv Gandhi National Quality Award Presentation Ceremony advertisement was released on 26 April 2013 on an all-India basis in 53 newspapers.

An advertisement on World Standards Day Celebrations was released on an all-India basis on 14 October 2013 in 38 newspapers. Besides on the occasion of World Standards Day, i.e., on 14 October 2013 interviews of DG, BIS were broadcast on DD-I in the programme 'Good Evening India' and on All India Radio.

Inauguration of IEC General Meeting 2013 advertisement was released on an all-India basis on 21 October 2013 in 16 newspapers.

SALE OF STANDARDS AND OTHER PUBLICATIONS

The Bureau sells Indian Standards and Special publications through 24 different sales outlets located at the Headquarters (HQs), Regional offices and Branch Offices. Sale is also done through registered booksellers. BIS also sells foreign standards (ISO, IEC, BSI London, DIN Germany, JIS Japan) in India. BIS had started sale of Indian Standards through the e-portal. Standards can be downloaded in the form of soft copy (or) an order for hard copy can also be placed through the e-portal. Online payment can be made over the portal through credit/debit card. BIS had also introduced a system of payment through DD/ pay order for customers whose e-purchase is more than 50,000. Customers can also make payment for standards through trunk transfer in BIS bank account directly.

The Indian Standards are also available as a complete set in DVD or 14 different department/ sector specific sets like Civil Engineering, Electrical Engineering, Mechanical Engineering, Textiles, etc., on lease. For the ease of customers, a touch screen kiosk, connected to BIS e-portal (www.standardsbis.in), has been installed at Sales Department, HQs. The customer can search the standard of their requirement, see the price of standards, scope, amendments, etc. Possibility is also being explored to provide similar facilities at all sales outlets at Regional and Branch Offices of BIS.

हिंदी गतिविधियाँ

भारतीय मानक ब्यूरो ने राजभाषा विभाग द्वारा जारी राजभाषा संबंधी सभी अनुदेशों का पालन किया। तदनुरूप, हिंदी के प्रगामी प्रयोग संबंधी निम्नलिखित कार्य किए गए :

क. **हिंदी कार्यान्वयन** : भा.मा.ब्यूरो के सभी विभागों को राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक रिपोर्ट की प्रतियाँ जारी की गईं। मुख्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की चारों बैठकें समय से आयोजित की गईं। चार तिमाहियों की हिंदी की प्रगति रिपोर्ट समय पर मंत्रालय को भेजी गई। अवधि के दौरान ब्यूरो के विभिन्न कार्यालयों में 25 हिंदी कार्यशालाएँ आयोजित की गईं, जिनमें 516 अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया।

ख. **निरीक्षण** : संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति ने ब्यूरो के फरीदाबाद, मध्य क्षेत्रीय कार्यालय, परवाणू, कानपुर, लखनऊ और कोयम्बटूर शाखा कार्यालयों का निरीक्षण किया। इसके अलावा संसदीय राजभाषा समिति की आलेख एवं साक्ष्य समिति ने ब्यूरो के अहमदाबाद और कानपुर शाखा कार्यालयों का भी निरीक्षण किया। समिति ने हिंदी के प्रगामी प्रयोग पर अपनी संतुष्टि व्यक्त की।

ग. **हिंदी पखवाड़ा** : मुख्यालय में 12 सितम्बर 2013 से 27 सितम्बर 2013 तक हिंदी पखवाड़ा मनाया गया, जिसमें हिंदी संबंधी 7 प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को 44 पुरस्कार दिए गए।

घ. **प्रोत्साहन योजनाएँ** : ब्यूरो ने हिंदी टिप्पण एवं आलेखन की नकद पुरस्कार योजना, हिंदी प्रोत्साहन भत्ता योजना, राजभाषा शील्ड योजना आदि सरकार की सभी योजनाओं का क्रियान्वयन जारी रखा।

हिन्दी पखवाड़ा 2013 समापन समारोह
Hindi Pakhwara 2013 – Closing ceremony

ङ. **हिंदी सलाहकार समिति और नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में भाग लेना** : 04 सितम्बर 2013 और 18 फरवरी 2014 को नई दिल्ली में आयोजित मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति की बैठकों में ब्यूरो के महानिदेशक महोदय और वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया और इसके निर्णयों पर अनुवर्ती कार्यवाही की गई। समय–समय पर कंप्यूटरों में अद्यतन द्विभाषी सुविधा उपलब्ध कराई गई। लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए वार्षिक कार्यक्रम की सभी मदों का अनुपालन किया गया।

च. **मानक एवं सामान्य अनुवाद** : मानकों के अनुवाद में तेजी लाने के लिए ब्यूरो ने विभिन्न प्रकार के उपाय किए। अनुवाद पैनल में और अधिक अनुवादकों को शामिल किया गया और उन्हें अनुवाद के लिए मानक भेजे गए। इस अवधि के दौरान

HINDI ACTIVITIES

Bureau of Indian Standards is following all the directions issued by the Department of Official Language, Ministry of Home Affairs regarding official language. Accordingly, following work related to progressive use of Hindi has been done during the year.

a. **Hindi Implementation –** Annual Programme of Official Language Department was circulated to all the departments of BIS. Official Language Committee of HQ conducted all its four quarterly meetings on time. Quarterly reports of Hindi were timely sent to the Ministry. During the period, 25 Hindi workshops were organized in which 516 officers and employees were trained.

b. **Inspection -** During the year, the Second Sub Committee of Committee of Parliament on Official Language inspected the branch offices of Faridabad, Parwanoo, Kanpur, Lucknow, Coimbatore Branch Office and Central Region Office. Besides, the Drafting and Evidence Committee of Committee of Parliament on Official Language also inspected the Ahemdabad and Kanpur branch offices. The Committee expressed satisfaction towards the progressive use of Hindi in BIS.

c. **Hindi Pakhwara -** Hindi Fortnight was celebrated from 12 to 27 September 2013 at HQs in which seven different Hindi competitions were organized. 44 prizes were awarded to the successful participants in these competitions.

d. Incentive Schemes - Bureau also continued to carry out all incentive schemes of the Government of India such as Cash Incentive Scheme of Hindi Noting and Drafting, Hindi Incentive Allowance Scheme, Rajbhasha Shield Scheme etc.

e. Participation in Hindi Advisory and Town Official Language Committee (Central) - The Director General and Senior Officers of BIS took part in Hindi Advisory Committee meetings held at New Delhi on 04 September 2013 and 18 February 2014 and follow up actions were taken on the decisions taken in the meeting. The latest facilities for bilingual works were provided in all the computers from time to time. In order to meet the targets, all the points of Annual Programme were implemented.

f. **Standard and General Translation -** In order to accelerate translation works of Indian Standards, BIS took a number of steps to increase number of translators in the panel and standards were sent to them for translation accordingly. During the approximately 340 pages of 37 standards were

37 मानकों के लगभग 340 पृष्ठों का अनुवाद किया गया तथा 425 मानकों के शीर्षकों को द्विभाषी बनाया गया। मानकों के अनुवाद कार्यों के अतिरिक्त ब्यूरो ने अपने विभिन्न विभागों से प्राप्त अनेक प्रोफार्मों, वार्षिक रिपोर्ट, हॉलमार्किंग सामग्री, विश्व मानक दिवस सामग्री, राजीव गाँधी राष्ट्रीय गुणता पुरस्कार, निविदा सूचनाएं, संसदीय प्रश्नोत्तरों, संसद की स्थायी समिति की सामग्री, राजपत्र अधिसूचना, प्रशिक्षण सामग्री आदि के लगभग 850 पृष्ठों के अनुवाद का कार्य किया।

छ. **हिंदी पुस्तकों की खरीद** : हिंदी पुस्तक चयन समिति की बैठक आयोजित की गई तथा राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित 50 प्रतिशत लक्ष्य के अनुसार हिंदी पुस्तकें खरीदी गईं।

विदेशी भाषाएं एवं प्रकाशन

भा.मा.ब्यूरो का यह विभाग भारतीय मानकों का इलेक्ट्रॉनिक प्रकाशन करता है तथा राजपत्र में प्रकाशित मानकों की अधिसूचना प्रकाशित करता है।

यह विभाग निम्नलिखित शीर्षकों युक्त कैटलॉग हर वर्ष प्रकाशित करता है :

क) 31 दिसम्बर तक अद्यतन किए गए भा.मा.ब्यूरो द्वारा प्रकाशित भारतीय मानक (तत्संबंधी वर्ष के),

ख) भारतीय मानकों के रूप में अपनाए गए अंतर्राष्ट्रीय मानक,

ग) हिंदी में भारतीय मानक (अनुवाद)

घ) विशेष प्रकाशन, एवं

ङ) सभी प्रकाशनों से संगत कैटलॉग

भा.मा.ब्यूरो विभिन्न तकनीकी विभागों से प्राप्त भारतीय मानकों/अन्य प्रकाशनों के पुनर्पुष्ट /वापिस लिए जाने/अधिसूचना होने संबंधी प्राप्त जानकारी से मानकों/अन्य प्रकाशनों की प्रगति की विषय–सूची प्रकाशित करता है। तकनीकी विभागों से प्राप्त सभी नए/पुनरीक्षित भारतीय मानकों/प्रकाशनों के साथ संशोधनों की सॉफ्ट प्रति के पीडीएफ प्रारूप का भी रखरखाव करता है। इस जानकारी का इस्तेमाल वेबसाइट www.standardsbis.in पर भारतीय मानकों की इलेक्ट्रॉनिक बिक्री को अद्यतन करने के लिए किया जाता है।

भा.मा.ब्यूरो के पास सभी प्रकाशनों के कॉपीराइट हैं और तकनीकी पुस्तकों के लेखकों द्वारा भारतीय मानकों से सार प्राप्त करने के अनुरोध विभाग को भेज दिए जाते हैं। तकनीकी प्रकाशन और आई एस ओ : जी ई एन 19:1999 'आई एस ओ 'गाइडलाइन्स फॉर ग्रान्टिंग कॉपीराइट एक्सप्लॉइटेशन राइट्स टू थर्ड पार्टीज फॉर आई एस ओ स्टैण्डर्डस् इन बुक्स' मानकों हेतु तृतीय पक्षों को कॉपीराइट उपयोग अधिकार प्रदान करने के दिशा–निर्देश' से अपनाई गई प्रक्रिया के आधार पर तकनीकी सत्यापन का आकलन करने के बाद विभाग कॉपीराइट शुल्क के भुगतान के लिए आवेदक को अनुमति प्रदान करता है।

विभिन्न भारतीय (हिंदी को छोड़कर) और विदेशी भाषा से अंग्रेजी और अंग्रेजी से विदेशी भाषा में तकनीकी दस्तावेजों, मानकों और अन्य सामग्री का अनुवाद उपलब्ध कराया गया। विभिन्न समितियों और उद्योग जगत से नियमित रूप से इसके अनुरोध प्राप्त होते रहते हैं। विभाग उन देशों से संवाद को भी सुगम बनाता है जहाँ जर्मन और फ्रेंच भाषा बोली जाती है।

translated and titles of 425 standards were made bilingual. Besides standards translation, BIS also translated approximately 850 pages of different types of materials such as Proformas, Annual Report, material on Hallmarking, World Standards Day, Tender Notices, Parliament Questions, RGNQA, Parliamentary Standing Committee, Gazette Notifications, Training etc.

g. **Purchase of Hindi Books** - A meeting of Hindi Books Selection Committee was held through which a target of 50% expenditure on purchasing Hindi books was achieved.

FOREIGN LANGUAGES AND PUBLICATIONS

BIS, through its publication department handles the electronic publishing of Indian Standards and the notification of published standards in the gazette.

BIS publishes a catalogue annually containing the following information:

a) Indian Standards published by BIS updated up to the 31 December (of the concerned year),

b) International Standards adopted as Indian Standards,

c) Indian Standards in Hindi (translation),

d) Special Publications and

e) Index corresponding to all publications

BIS also publishes the incremental index file for Indian Standards/Other Publications from the information provided by the printing department and various technical departments on new, revised standards and reaffirmation/withdrawal of Indian Standards. Soft copy (in pdf format) of all new/revised Indian Standards/ publications as well as amendments provided by technical departments was also maintained in the department, which was utilized for updating the electronic sale of Indian Standards at www.standardsbis.in.

BIS has the copyright to all its publications and requests for reproducing extracts from Indian Standards are received by the department from authors of technical books. After technical verification and calculations based on the procedures adopted from ISO: GEN 19:1999 `Guidelines for Granting Copyright Exploitation Rights to Third Parties for ISO Standards in Books', permission was granted to the applicant on payment of the copyright charges. Translation services are also provided for translation of technical documents, standards and other material from various Indian (other than Hindi) and foreign languages into English and vice-versa, as and when requests were received from technical committees and industry. The department also facilitates interaction with countries where German or French language is spoken.

प्रमाणन

उत्पाद प्रमाणन

भा.मा.ब्यूरो उत्पाद प्रमाणन योजना का प्रचालन करता है जो कि भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 1986 और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों एवं विनियमों द्वारा नियंत्रित की जाती है। उत्पाद पर मानक मुहर (आई एस आई के रूप में लोकप्रिय) का लगा होना यह दर्शाता है कि उत्पाद संबद्ध भारतीय मानक के अनुरूप है। भा.मा. ब्यूरो किसी विनिर्माता को लाइसेंस प्रदान करने से पूर्व विनिर्माता के पास आवश्यक अवसंरचना तथा क्षमता की उपलब्धता का होना सुनिश्चित करता है और संबद्ध भारतीय मानक के अनुरूप बने उत्पाद की सतत रूप से जाँच करता है। उत्पादन स्थल और बाज़ार से भी नमूने लिए जाते हैं और स्वतंत्र प्रयोगशाला में संबद्ध भारतीय मानक से उनकी अनुरूपता की जांच सुनिश्चित कराई जाती है।

प्रमाणन योजना मूलतः स्वैच्छिक प्रकृति की है, परंतु जनहित में बहुत से उत्पादों को भा.मा.ब्यूरो अधिनियम के अतिरिक्त सरकार के विभिन्न वैधानिक उपायों जैसे खाद्य निरापदता तथा मानक अधिनियम, आवश्यक सामग्री अधिनियम, भारतीय विस्फोटक अधिनियम, परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, शिशुओं हेतु दुग्ध विकल्पी, दूध पिलाने की बोतल और शिशु आहार अधिनियम, आदि के माध्यम से इसे अनिवार्य बनाया गया है। अनिवार्य प्रमाणन योजना में शामिल कुछ वस्तुओं, जैसे एल.पी.जी. सिलिंडर, दूध पाऊडर संघनित दूध, नवजात शिशुओं के लिए धान्य आधारित आहार, मलाई रहित दूध पाऊडर, नवजात शिशुओं के लिए दूध विकल्पी सामग्री, हैक्सेन खाद्य ग्रेड, डॉक्टरी थर्मामीटर, पैकेजबंद पेयजल, प्राकृतिक खनिज जल, बिजली की इस्तरी और निमज्ज्य वाटर हीटर, केबल, स्विच, बल्ब तथा सी.एफ. एल, सर्किट ब्रेकर, ऊर्जा मीटर हेतु सुरक्षा अपेक्षाएं, शुष्क बैटरियां, इस्पात पाइप, तेल दाब स्टोव, एक्सरे उपकरण, दूध पिलाने की प्लास्टिक की बोतलें, सीमेंट, इस्पात एवं इस्पात के उत्पाद, सामान्य प्रयोजन के डीज़ल इंजन, मोटर वाहनों के लिए हवा भरे टायर एवं टयूब, केंद्रीकृत कास्ट डक्टाइल आयरन प्रैशर पाइप, प्रैशर पाइपों के लिए डक्टाइल आयरन फिटिंगें, सामान्य प्रयोजनों के लिए समगति कम्प्रेशन इग्नीशन (डीजल) इंजन, बिजली के ट्रांसफार्मर, इत्यादि।

वर्ष 2013–14 में भा.मा.ब्यूरो की उत्पाद प्रमाणन योजना में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्ष के दौरान कुल 3580 नए लाइसेंस दिए गए। जिनमें पहली बार योजना में शामिल किए गए 10 उत्पाद भी शामिल हैं। ये उत्पाद हैं: आई.एस. 10701:2012 – संरचना प्लाईवुड, आई.एस. 15041:2001 – वस्त्रादि–सामान्य सेवाओं के लिए कृत्रिम रेशे से बने सपाट बुने वेबिंग स्लिंग, आई.एस. 15884:2010 – सक्रिय ऊर्जा हेतु प्रत्यावर्ती धारा वाले प्रत्यक्ष जुड़े स्थैतिक पूर्व भुगतान किए मीटर (श्रेणी 1 और 2), आई.एस. 16008:2012 – कृषि और बागवानी प्रयोजनों हेतु टाइप 1 और टाइप 2 हेतु एग्रो टेक्सटाइल शेड नेट, आई.एस. 4375:1975 – निटेड सूती स्पोर्ट शर्ट, आई.एस. 15939:2011 – बाइफेन्थ्रिन डबल्यू.पी, आई.एस. 15911:2010 – संरचना इस्पात (साधारण

CERTIFICATION

PRODUCT CERTIFICATION

BIS operates a Product Certification scheme, which is governed by The Bureau of Indian Standards Act, 1986 and rules and regulations framed there under. Presence of BIS standard mark (popularly known as ISI mark) on a product indicates conformity to the relevant Indian standard. Before granting licence to any manufacturer, BIS ascertains the availability of required infrastructure and capability of the manufacturer to produce and test the product conforming to the relevant Indian standard on a continuous basis. Samples are also drawn from the production line as well as from market and got tested in independent laboratories to ensure their conformance to the relevant Indian Standard.

The certification scheme is basically voluntary in nature, but for a number of products, in public interest, it has been made mandatory by the Central Government under various statutes such as The Food Safety and Standards Act, The Essential Commodities Act, The Indian Explosive Act, The Atomic Energy Regulation Board, The Environment Protection Act, The Infant Milk Substitutes, Feeding Bottles and Infant Food Act, besides The Bureau of Indian Standards Act. Some of the items under mandatory certification are LPG Cylinders, Milk Powder, Condensed Milk, Cereal Food for Infant, Skimmed Milk Powder, Infant Milk Substitute, Hexane Food Grade, Clinical Thermometers, Packaged Drinking Water, Natural Mineral Water, Safety requirements for Electric Iron and Immersion Water Heater, Cables, Switches, Electric Lamps and CFLs, Circuit Breakers, Energy Meters, Dry Batteries, Steel Tubes, Oil Pressure Stoves, X-Ray Equipment, Plastic Feeding Bottles, Cement, Steel and Steel Products, Diesel Engine for General Purpose, Pneumatic Tyres and Tubes for Automotive Vehicles, Centrally Cast Ductile Iron Pressure Pipes, Ductile Iron Fittings for Pressure Pipes, Constant Speed Compression Ignition (diesel) Engines for General Purposes, Electrical Transformers, etc.

Considerable progress was made in BIS product certification scheme during 2013-14. During the year, 3580 new licences were granted, which include 10 products covered for the first time under the scheme. These products are IS 10701:2012 - Structural plywood; IS 15041:2001 - Textiles - Flat Woven Webbing Slings made of Man-Made Fibers for General Services; IS 15884:2010 - Alternative Current Direct Connected Static Prepayment Meters for Active Energy (class 1 and 2); IS 16008:2012 - Agro textiles Shade Nets for Agriculture And Horticulture Purposes for Type 1 and Type 2; IS 4375:1975 - Cotton knitted sport shirt; IS 15939:2011 - Bifenthrin WP; IS 15911:2010 - Structural Steel (Ordinary Quality); IS

गुणता), आई.एस. 14246:2013 – सतत, पहले से रोगन किए जस्तीकृत इस्पात शीट और कॉयल, आई.एस. 8042:1989 – सफेद पोर्टलैंड सीमेंट की पैकिंग और आई.एस. 6046:1982 – कृषि में प्रयोग हेतु जिप्सम।

भा.मा.ब्यूरो प्रमाणन मुहर योजना के अंतर्गत शामिल कुल भारतीय मानकों की संख्या 908 है। 31 मार्च 2014 को लागू लाइसेंसों की संख्या बढ़कर 27796 हो गई है।

आकृति 1 भा.मा.ब्यूरो उत्पाद प्रमाणन लाइसेंस स्वीकृत किए (हॉलमार्किंग को छोड़कर)

No. of Licences Granted in Product Certification (excluding hallmarking)



उत्पाद प्रमाणन योजना के अंतर्गत प्रचालित लाइसेंसों / आवेदकों का आँकलन

लाइसेंसों के प्रचालन को मॉनीटर करने के लिए वर्ष के दौरान कुल 18614 निरीक्षण, 11213 लॉट निरीक्षण किए गए और स्वतंत्र परीक्षण के लिए (बाजार से खरीदे नमूनों सहित) 22541 नमूने लिए गए।

प्रमाणन प्रचालन की समीक्षा

भारतीय मानक ब्यूरो की प्रमाणन मुहर योजना के प्रचालन के बारे में फीडबैक प्राप्त करने के लिए प्रचालन के प्रमुख क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले लाइसेंसधारियों के साथ नियमित तौर पर समीक्षा बैठकें आयोजित की गई। वर्ष के दौरान 07 समीक्षा बैठकें तथा 12 बैठकें लाइसेंसधारियों के साथ आयोजित की गईं, जो पैकेजबन्द पेयजल, टायर एवं ट्यूब, खाद्य रंग और कैरामल, बिजली के उपस्कर, सीमेंट, पी.वी.सी. उत्पाद, रबड़ एवं रबड़ उत्पाद, प्लास्टिक एवं संबद्ध उत्पाद, जूट और जूट उत्पाद, एल.पी.जी. सिलिन्डर, वाल्व एवं रेगुलेटर के विषय में थी।

वर्ष 2013–14 के दौरान नई योजना का शुभारंभ

एक नई 'तत्काल लाइसेंस योजना' का शुभारंभ किया गया जो केवल अनिवार्य प्रमाणन योजना के अन्तर्गत उत्पादों के लिए लाइसेंस प्रदान करने के लिए है, जिससे शीघ्र लाइसेंस प्रदान किये जा सकें।

आयातित उत्पादों का प्रमाणन

भा.मा.ब्यूरो वर्ष 1999 से आयातित वस्तुओं के प्रमाणन के लिए एक योजना विदेशी विनिर्माताओं के लिए प्रचालित कर रहा है। इस योजना के प्रावधानों के अंतर्गत विदेशी विनिर्माता भारतीय मानक ब्यूरो की मानक मुहर अपने उत्पादों पर लगाने के लिए भा.मा.ब्यूरो

14246:2013 - Continuously Pre-Painted Galvanized Steel Sheets and Coils; IS 8042:1989 - Packing of White Portland cement and IS 6046:1982 - Gypsum for Agricultural Use.

The total number of Indian Standards which have been covered under BIS Certification Marks Scheme are 908. The total number of operative licences as on 31 March 2014 was 27796.

आकृति 2 उत्पाद प्रमाणन में प्रचालित लाइसेंसों की संख्या (हॉलमार्किंग को छोड़कर)

No. of Operative Licences in Product Certification (excluding hallmarking)



Assessment of Operative Licences/Applicants under Product Certification Scheme

In order to monitor the operation of licences, during the year, a total number of 18614 inspections and 11213 lot inspections were organized and 22541 samples (including samples procured from market) were drawn for independent testing.

Review of Certification Operation

In order to acquire feedback on the operation of the BIS Certification Marks Scheme, review meetings with the licensees representing significant fields of operations are organized on a regular basis. During the year, 07 review meetings and 12 licensees meets were organized covering the areas of Packaged Drinking Water; Tyres and Tubes; Food colour and Caramel, Electrical Appliances; Cement; PVC Products; Rubber and Rubber Products; Plastic and related products; Jute and Jute Products; LPG Cylinders, Valves and Regulators.

NEW INITIATIVE DURING 2013-14

A new 'Tatkal Licensing Scheme' was launched, applicable only for applicants of licence for products under mandatory certification to expedite grant of license.

Certification of Imported Products

BIS has been operating separate scheme from 1999 for certification of imported goods - for foreign manufacturers. Under this Scheme, foreign manufacturers applying for BIS Standard Mark can seek certification from BIS on the product being imported into the country such as Cement,

में प्रमाणन लाइसेंस के लिए आवेदन कर सकते हैं। जो उत्पाद देश में आयात किए जा रहे हैं वे सीमेंट, एच.डी.पी.ई पाइप, नवजात शिशुओं हेतु खाद्य सामग्री फॉर्मूला, प्लास्टिक की फीडिंग बोतलें, स्विचगीयर, प्लग एवं सॉकेट, अतिलघु सर्किट ब्रेकर, अवशिष्ट धारा परिपथ ब्रेकर, पी.वी.सी. रोधित केबल, बिजली इस्तरियों से सुरक्षा के लिए एक्स.एल.पी. रोधित केबल, शुष्क सेल बैटरियां, इस्पात और इस्पात उत्पाद, सीवन रहित गैस सिलिन्डर, कॉम्पपैक्ट प्रतिदीप्ति लैम्प, प्राशन हेतु दुग्ध धान्य आधारित खाद्य सामग्री, गैस आयतन मीटर, वाट घंटा मीटर, लकड़ी के उत्पाद आदि हैं। इन उत्पादों को पाकिस्तान, चीन, बांग्ला देश, थाइलैंड, मलेशिया, सिंगापुर, जापान, वियतनाम, श्रीलंका, जर्मनी, पोलैंड, रोमानिया, स्पेन पुर्तगाल, स्विटजरलैंड, आइसलैंड, चेक गणराज्य, फ्रांस, बेल्जियम, इटली, मिस्र, यूनाइटेड किंगडम, स्लोवाकिया, यू.एस.ए, ब्राजील, यूक्रेन, कजाकिस्तान, यू.ए.ई, नेपाल, भूटान, हंगरी, इन्डोनेशिया, फिलिपीन्स, दक्षिण कोरिया, टर्की, ताइवान, दक्षिण अफ्रीका आदि देशों से आयात किया जा रहा है। अप्रैल 2013 से मार्च 2014 के दौरान विदेशी उत्पादक प्रमाणन योजना के अन्तर्गत 147 लाइसेंस स्वीकृत किए गए, जिससे 60 भारतीय मानकों के लिए इन लाइसेंसों की संख्या बढ़कर 379 हो गई।

अनुरूपता की स्व–घोषणा हेतु पंजीकरण योजना

इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा अधिसूचित 15 इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी की वस्तुएं सामान, (जैसे एल.ई.डी./एल.सी.डी. टी.वी., लैपटॉप, प्रिन्टर, सैटटॉप बाक्स, माइक्रोवेव ओवन, नोट बुक/टेबलेट, प्रोजेक्टर, सर्वर, स्टोरेज आदि) के लिए भा.मा.ब्यूरो ने अनुरूपता की स्व–घोषणा हेतु अनिवार्य पंजीकरण योजना का हाल ही में शुभारंभ किया है। विनिर्माता द्वारा स्व–घोषणा हेतु पंजीकरण अनुरूपता मूल्यांकन की एक सरलीकृत प्रक्रिया है जिसे हाल ही में शुरू किया गया है। यह लाइसेंसिंग की वर्तमान पद्धति के अतिरिक्त है। इस नई पंजीकरण पद्धति में विनिर्माता स्वयं यह घोषणा करता है कि उसका उत्पाद भारतीय मानक के अनुरूप है। अतः विनिर्माता स्वयं उत्पाद की गुणता का आश्वासन देता है। पंजीकरण हेतु आवेदक को ब्यूरो द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी प्रयोगशाला से अपने उत्पाद का परीक्षण कराना होता है। इसके बाद पंजीकरण हेतु आवेदक को अपने आवेदन पत्र के साथ वह परीक्षण रिपोर्ट भा.मा.ब्यूरो में जमा करनी होती है। पहला पंजीकरण 02 जून 2013 को स्वीकृत किया गया। इस योजना के शुभारंभ के बाद से ब्यूरो ने अब तक (31 मार्च 2014 तक) विनिर्माताओं को 742 पंजीकरण स्वीकृत किए गए। उपर्युक्त उत्पादों के ये विनिर्माता विश्वभर में अलग–अलग स्थानों पर स्थित हैं।

स्वर्ण/चांदी के आभूषणों की हॉलमार्किंग योजना

(i) स्वर्ण आभूषणों की हॉलमार्किंग

भा.मा.ब्यूरो में स्वर्ण आभूषणों की हॉलमार्किंग 1 अप्रैल, 2000 में शुरू की थी। इसका उद्देश्य स्वर्ण आभूषणों की शुद्धता के लिए उपभोक्ताओं को थर्ड पार्टी आश्वासन प्रदान करना था। चांदी के आभूषणों/वस्तुओं की हॉलमार्किंग योजना अक्टूबर 2005 में शुरू की गई थी। इस योजना के अन्तर्गत ज्वैलर को अपने स्वर्ण आभूषण हॉलमार्क कराने के लिए भा.मा.ब्यूरो से लाइसेंस प्राप्त करना होता है। भा.मा.ब्यूरो द्वारा मान्यता प्राप्त एसेइंग एवं

HDPE Pipes, Infant formula, Plastic Feeding Bottles, Switchgear, Plug and sockets, Miniature circuit breakers, Residual Current Circuit Breakers, PVC Insulated Cables, XLP Insulated Cables Safety of Electric Irons, Dry Cell batteries, Steel and Steel products, Seamless Gas Cylinders, Compact Fluorescent Lamps, Milk cereal based weaning food, Gas Volume Meters, Watt-hour meter, Wood products, Tyres and tubes from countries like, Pakistan, China, Bangladesh, Thailand, Malaysia, Singapore, Japan, Vietnam, Srilanka, Germany, Poland, Romania, Spain, Portugal, Switzerland, Iceland, Czech Republic, France, Belgium, Italy, Egypt, United Kingdom, Slovakia, USA, Brazil, Ukraine, Kazakhstan, UAE, Nepal, Bhutan, Hungary, Indonesia, Philippines, South Korea, Turkey, Taiwan, South Africa, etc. During the period April 2013 - March 2014, 147 licenses were issued under the Foreign Manufacturers Certification Scheme, taking the total number of operative licenses to 379 against 60 Indian Standards.

Registration Scheme for Self Declaration of conformity

BIS has recently introduced Registration Scheme for 15 Electronics and Information Technology Goods (like LED/LCD TVs, Laptops, Printers, Set Top Box, Microwave Oven, Notebook/Tablets, Projectors, Servers, Storage, etc), notified by the Department of Electronics and Information Technology, Govt. of India, under the Compulsory Registration Scheme for Self declaration of conformity. Registration for self-declaration by the manufacturer is a simplified process of conformity assessment, which has been introduced, and is in addition to the existing system of licencing. In this new Registration System, a manufacturer himself makes a declaration that his product conforms to the Indian Standard. Therefore, the manufacturer himself is providing an assurance on the quality of his product. For Registration, an applicant has to get the sample of their product tested from any laboratory recognized by the Bureau. The applicant has to submit the test report(s) along with Application to BIS for registration. The first Registration was granted by BIS on 02 June 2013. Since its launch BIS has granted (upto 31 March 2014) 742 registrations to manufacturers located throughout the world for the above mentioned products.

HALLMARKING SCHEME OF GOLD/SILVER JEWELLERY

(i) Hallmarking of Jewellery

Hallmarking of Gold Jewellery was started by BIS in April 2000 to provide third party assurance to consumers on the purity of gold jewellery or its fineness. The scheme for Hallmarking of Silver Jewellery/ artefacts was launched in October 2005. Under the Scheme a jeweller has to obtain

हॉलमार्किंग (ए और एच) केन्द्रों पर आभूषणों/वस्तुओं की शुद्धता की जांच की जाती है। इन केन्द्रों पर स्वर्ण तथा चांदी के आभूषणों/वस्तुओं के मूल्यांकन तथा हॉलमार्किंग के लिए अपेक्षित इन्फ्रास्ट्रक्चर की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के बाद भा.मा.ब्यूरो द्वारा इन्हें मान्यता प्रदान की जाती है।

अप्रैल 2013 – मार्च 2014 की अवधि के दौरान हॉलमार्किंग योजना ने और भी प्रगति की है। 31 मार्च 2013 को स्वर्णाभूषणों की हॉलमार्किंग के लाइसेंसों की संख्या बढ़ कर 11902 हो गई जबकि मार्च 2013 को इनकी संख्या 10586 थी। अप्रैल 2013 – मार्च 2014 अवधि के दौरान स्वर्णाभूषणों/शिल्पों की 260.50 लाख स्वर्ण आभूषणों/वस्तुओं पर हॉलमार्किंग की गई। इस दौरान भा.मा.ब्यूरो से मान्यता प्राप्त एसेइंग एवं हॉलमार्किंग केन्द्रों की संख्या 31 मार्च 2013 को 285 हो गई।

हॉलमार्किंग के चालू लाइसेंसों की संख्या
No. of Operative Licences in Hallmarking



चांदी के आभूषणों/वस्तुओं की हॉलमार्किंग हेतु लाइसेंसों की संख्या अप्रैल 2013 – मार्च 2014 के दौरान 696 से बढ़कर 841 हो गई। अप्रैल 2013 – मार्च 2014 के दौरान हॉलमार्किंग गतिविधि से हुई आय लगभग रू. 1396 लाख थी।

(ii) केन्द्र सरकार की सहायता से भारत में स्वर्ण हॉलमार्किंग/एसेइंग केन्द्रों की स्थापना हेतु स्कीम का कार्यान्वयनः केन्द्र सरकार की सहायता से भारत में स्वर्ण हॉलमार्किंग/एसेइंग केन्द्रों की स्थापना हेतु इन्फ्रास्ट्रक्चर सृजित करने हेतु सहायता के लिए केन्द्र सरकार योजना के अन्तर्गत अप्रैल 2013 – मार्च 2014 के दौरान 07 केन्द्रों को केन्द्र सरकार की सहायता प्रदान की गई, जिससे केन्द्रीय सहायता प्राप्त ऐसे ए एंड एच केन्द्रों की संख्या 46 हो गई।

(iii) हॉलमार्किंग का प्रचार

क) स्वर्ण/चाँदी के आभूषणों/वस्तुओं की हॉलमार्किंग को उपभोक्ताओं को प्रभावी सुरक्षा देने हेतु, भा.मा.ब्यूरो ने देश भर में अपने क्षेत्रीय एवं शाखा कार्यालयों के नेटवर्क के माध्यम से ज्वैलरों/उपभोक्ताओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। 1 अप्रैल, 2013 से 1 मार्च, 2014 के दौरान ऐसे 33 ज्वैलर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

मुम्बई में आयोजित हालमार्किंग जागरूकता कार्यक्रम
Hallmarking Awareness Program organised at Mumbai

license from BIS to get his jewellery hallmarked. Assaying and Hallmarking (A and H) Centres where the purity of jewellery articles is assessed are recognized by BIS after ensuring that the Centres have required infrastructure for assaying and hallmarking of gold and silver jewellery articles.

The scheme for Hallmarking has further grown during the period April 2013 - March 2014. The number of licences for Hallmarking of gold jewellery has grown from 10586 as on March 2013 to 11902 as on March 2014. 260.50 lakh articles of gold jewellery/ artefacts have been hallmarked during April 2013 - March 2014. The number of BIS recognized assaying and hallmarking centres was 285.

मान्यता प्राप्त मूल्यांकन और हॉलमार्किंग केन्द्रों की संख्या
No. of Assaying & Hallmarking Centres Recongnised



The number of operative licences for Hallmarking of silver jewellery/ artefacts has increased from 699 to 841 during the period April 2013 - March 2014. Income from Hallmarking activity from April 2013 - March 2014 was around Rs. 1396 lakhs.

(ii) Implementation of the Scheme for setting up of gold hallmarking/ assaying centres in India with central assistance: Under the Government Scheme for Central Assistance for creating infrastructure, 07 A and H centres have been provided central assistance during April 2013 – March 2014, making the total number of such centrally assisted A and H centres to 46.

(iii) Publicity on Hallmarking

(a) To promote hallmarking in the country for effective consumer protection in gold jewellery trade, awareness programmes for jewellers/ consumers are organized by BIS through its various Regional and Branch offices across the country. 33 Jewellers awareness programmes have been organized during April 2013 - March 2014.

ख) अप्रैल 2013 से मार्च 2014 के दौरान उपभोक्ताओं/ज्वैलरों में स्वर्ण / चाँदी के आभूषण पर हॉलमार्किंग से लाभ के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए देश के विभिन्न समाचारपत्रों में 160 विज्ञापन जारी किए।

प्रबंध पद्धति प्रमाणन

प्रबंध पद्धतियों के संगत अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय मानकों के अनुसार भा.मा.ब्यूरो ने निम्नलिखित प्रमाणन सेवाएँ प्रदान करना जारी रखा :

क) आई.एस./आई.एस.ओ. 9001:2008 के अनुसार गुणता प्रबंध पद्धति (क्यू.एम.एस.) प्रमाणन योजना

भा.मा.ब्यूरो गुणता प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजना (क्यू.एम.एस.सी.एस.) सितम्बर 1991 में आरंभ की गई थी। यह योजना आई.एस.ओ./आई.ई.सी. 17021 'अनुरूपता मूल्यांकन – प्रबंध पद्धतियों का ऑडिट करने वाले और प्रमाणन प्रदान करने वाले निकायों की अपेक्षाओं' के अनुसार प्रचालित की जाती हैं।

वर्ष 2013–2014 के दौरान 49 गुणता प्रबंध पद्धति प्रमाणन लाइसेंस स्वीकृत किए गए। इस प्रकार 31 मार्च 2014 को प्रचालित लाइसेंसों की कुल संख्या 951 हो गई। इनमें रसायन, धातु एवं धातु उत्पाद, सीमेंट, निर्माण, डेयरी संयंत्र, शिक्षा, विद्युत उत्पादन, इंजीनियरिंग सेवाएं, खनन, मशीनरी, पेट्रोलियम, प्लास्टिक, फार्मास्यूटिकल, वस्त्रादि और सेवा क्षेत्र जैसे वित्तीय क्षेत्र, स्वास्थ्य क्षेत्र, बीमा, सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार, परिवहन इत्यादि औद्योगिक क्षेत्र शामिल हैं।

ख) आई.एस./आई.एस.ओ. 14001:2004 के अनुसार पर्यावरण प्रबंध प्रमाणन (ई.एम.एस.) पद्धति योजना

भा.मा.ब्यूरो ने आई.एस./आई.एस.ओ. 14001 के अनुसार पर्यावरण प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजना (ई.एम.एस.) प्रारंभ की है। यह भी आई.एस.ओ./आई.ई.सी. 17021 में निर्दिष्ट अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों के अनुसार प्रचालित है। अप्रैल 2013 से मार्च 2014 के दौरान 14 नए ई.एम.एस. लाइसेंस प्रदान किए गए जिससे 31 मार्च 2014 को प्रचालन लाइसेंसों की संख्या 186 हो गई। इन लाइसेंसों में एकीकृत इस्पात संयंत्र, ताप बिजली संयंत्र, विमान उद्योग, परमाणु बिजली घर, वैगन वर्कशाप, फार्मस्यूटिकल, मशीनरी, खनन, लोक प्रशासन (प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड) इत्यादि तकनीकी क्षेत्र शामिल हैं।

ग) आई.एस./आई.एस.ओ. 18001:2007 के अनुसार व्यवसाय में स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रबंध पद्धति (ओ.एच.एस.एम एस.) प्रमाणन योजना

भा.मा.ब्यूरो ने आई.एस. 18001 : 2007 के अनुसार व्यवसाय में स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रबंधन पद्धति प्रमाणन योजना (ओ.एच.एस.एम.एस.) जनवरी 2003 में आरंभ की थी। इससे कोई संगठन अपनी गतिविधियों से प्रभावित

(b) During the period from April 2013 - March 2014, 160 advertisements have been released in various newspapers across the country for spreading awareness among the consumers about the benefits of hallmarked Gold Jewellery.

MANAGEMENT SYSTEM CERTIFICATION

BIS continued to provide the following Management Systems Certification services as per the corresponding standards:

a) Quality Management System (QMS) Certification Scheme as per IS/ISO 9001:2008

BIS Quality Management System Certification Scheme (QMSCS) was launched in September 1991. The Scheme is being operated in accordance with standard ISO/IEC 17021 'Conformity assessment – Requirements for bodies providing audit and certification of management systems'.

During the period April 2013 - March 2014, 49 Quality Management System Certification licences were granted making the total of operative licenses to 951 as on 31 March 2014 covering industrial sectors such as chemicals, metal and metal products, cement, construction, dairy plants, education, electricity generation, engineering services, mining, machinery, petroleum, plastic, pharmaceuticals, textiles, and service sector such as financial sector, health sector, insurance, information technology, telecommunications, transport etc.

b) Environmental Management System (EMS) Certification Scheme as per IS/ISO 14001:2004

The Environmental Management System (EMS) Certification Scheme was launched by BIS as per IS/ISO 14001. It is also operated as per the International criteria laid down in ISO/IEC 17021. During the period April 2013 - March 2014, 14 new EMS licenses have been granted making the total of operative licenses to 186 as on 31 March 2014. These licenses cover technology areas like integrated steel plants, thermal power plants, aeronautical industries, atomic power, wagon workshops, pharmaceuticals, machinery, mining, public administration (Pollution Control Board) etc.

c) Occupational Health and Safety Management System (OHSMS) Certification Scheme as per IS 18001:2007

BIS launched Occupational Health and Safety Management System (OHSMS) Certification Scheme as per IS 18001:2007, which essentially enables an organization to define, plan and manage policies and

होने वाले उसके कर्मचारियों और अन्य व्यक्तियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा की रक्षा करने के लिए ऐसे महत्त्वपूर्ण खतरों और जोखिमों से जुड़ी विधायी अपेक्षाओं एवं जानकारी को ध्यान में रखते हुए नीति और उद्देश्य तय कर सकता है, योजना बना सकता है, और प्रबंधन कर सकता है जिन खतरों और जोखिमों को संगठन नियंत्रित कर सकता हो और जिनका प्रभाव कर्मचारियों पर पड़ने की संभावना है। अप्रैल 2013 से मार्च 2014 के दौरान 08 ओ.एच.एस.एम.एस. लाइसेंस प्रदान किए गए। इस प्रकार 31 मार्च 2014 को कुल प्रचालित लाइसेंसों की संख्या 78 हो गई। इन लाइसेंसों में ताप बिजली संयंत्र, सिरेमिक उद्योग, साइकिल उद्योग, गैस पॉवर स्टेशन और स्वास्थ्य सेवाएं तथा कर्मचारी विकास केन्द्र, वस्त्रादि, प्लास्टिक, सीमेंट, निर्माण, विद्युत एवं दूरसंचार केबल, पेट्रोलियम रिफाईनरी, कीट नाशक, औद्योगिक और विस्फोटक रसायन, रेलवे आदि शामिल हैं।

घ) खाद्य जनित हानि विश्लेषण तथा क्रांतिक नियंत्रण बिन्दु (एच.ए.सी.सी.पी.) योजना (एच.ए.सी.सी.पी. स्टैंड एलोन)

भा.मा.ब्यूरो आई.एस. 15000 के अनुसार स्टैंड एलोन एच.ए.सी.सी.पी. प्रमाणन योजना भी प्रदान करता है। 31 मार्च 2014 को 2 एच.ए.सी.सी.पी. स्टैंड एलोन लाइसेंस प्रचालन में थे।

ङ) आई.एस./आई.एस.ओ. 22000:2005 के अनुसार खाद्य निरापदता प्रबंध पद्धति (एफ.एस.एम.एस.) प्रमाणन योजना

भा.मा.ब्यूरो ने आई.एस./आई.एस.ओ. 22000 : 2005 के अनुसार खाद्य सुरक्षा प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजना (एफ.एस.एम.एस.) प्रारंभ की थी। इस पद्धति को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि खाद्य श्रृंखला में आने वाले सभी प्रकार के संगठन खाद्य निरापदता प्रबंध पद्धति को क्रियान्वित कर सकते हैं। वर्ष के दौरान 9 लाइसेंस प्रदान किये गये।

च) आई.एस. 15700:2005 के अनुसार सेवा गुणता प्रबंध पद्धति (एस.क्यू.एम.एस.) प्रमाणन योजना

सेवा गुणता प्रबंध पद्धति प्रमाणन (एस.क्यू.एम.एस.) योजना अप्रैल 2007 में आरंभ की गई थी। यह आई.एस. 15700 : 2005 'गुणता प्रबंध पद्धतियां – जन सेवा संगठनों द्वारा सेवा देने की गुणता अपेक्षाएँ' पर आधारित है। यह मानक एक्रास द काउंटर गुणता सेवा की सुपुर्दगी पर बल देता है। जो संगठन इस मानक को कार्यान्वित कर रहे हैं उन्हें भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा प्रमाणित किया जा सकता है। भा.मा.ब्यूरो ने आई.एस. 15700 : 2005 'गुणता प्रबंध पद्धति – जन सेवा संगठनों द्वारा सेवा देने की गुणता अपेक्षाएँ' के कार्यान्वयन को वरीयता क्षेत्र के तौर पर रखा है। अप्रैल 2013 – मार्च 2014 के दौरान 14 नए लाइसेंस स्वीकृत किए गए। 31 मार्च 2014 को कुल 23 लाइसेंस प्रचालन में थे

छ) आई.एस. 50001:2011 के अनुसार ऊर्जा प्रबन्ध पद्धति (ई.एन.एम.एस.) प्रमाणन योजना :

आई.एस./आई.एस.ओ. 50001:2011 के अनुसार ऊर्जा प्रबन्ध

objectives, taking into account the legislative requirements and the information about significant hazards and risks, which the organization can control and over which it can be expected to have an influence, to protect its employees and others, whose health and safety may be affected by the activities of the organization. During the period April 2013 - March 2014, 08 OHSMS licenses have been granted making the total operative licenses to 78 as on 31 March 2014. The licenses cover technology areas like thermal power plants, ceramic industry, cycle industry, gas power station, health services and employee development centres, textiles, plastic, cement, construction, electrical and telecommunication cables, petroleum refinery, insecticides, industrial and explosive chemicals, railways etc.

d) Hazards Analysis and Critical Control Point (HACCP) Scheme (HACCP Stand Alone)

BIS also offers a standalone HACCP Certification Scheme as per IS 15000. As on 31 March 2014, 02 HACCP stand-alone licences were in operation.

e) Food Safety Management System (FSMS) Certification Scheme as per IS/ISO 22000:2005

BIS has launched Food Safety Management System (FSMS) as per IS/ISO 22000:2005. This system is designed to allow all types of organization within the food chain to implement a food safety management system. As on 31 March 2014, 09 FSMS licences were in operation.

f) Service Quality Management System (SQMS) Certification Scheme as per IS 15700:2005

The Service Quality Management System (SQMS) Certification was launched by BIS in April 2007, based on the Indian Standard IS 15700:2005, 'Quality Management Systems – Requirements for service quality by public service organizations'. This standard focuses on delivery of quality service across the counter. Further, the organizations implementing this standard can be certified by BIS.During the period April 2013 - March 2014, 14 new licenses have been granted making a total of operative licenses to 23, as on 31 March 2014.

g) Energy Management System (EnMS) Certification Scheme as per IS 50001:2011

Energy Management Systems Certification Scheme as

पद्धति (ई.एन.एम.एस.) प्रमाणन योजना प्रारंभ की गई और लाइसेंसधारियों की समीक्षा बैठक के दौरान यह सूचना सभी को दी गई।

ज) एन.ए.बी.सी.बी. द्वारा क्यू एम. एस. और ई.एम.एस. को प्रत्यायन

प्रमाणन निकायों हेतु राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एन.ए.बी.सी.बी.), क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया ने गुणता प्रबंध पद्धति तथा पर्यावरण प्रबंध पद्धति के लिए भा.मा.ब्यूरो को दिसंबर 2013 से तीन वर्ष की अवधि के लिए मान्यता प्रदान की

झ) प्रबंध पद्धति प्रमाणन का संवर्धन :

एस.क्यू.एम.एस. (जो आर. एफ.डी. की एक अपेक्षा है) हेतु भा.मा.ब्यूरो की प्रमाणन योजनाओं के बारे में एक अभियान चलाकर सभी सरकारी संगठनों को सूचित किया। एस.क्यू.एम.एस कार्यान्वयन के बारे में आई. एस 15700 पर भा.मा.ब्यूरो की टीम ने व्याख्यान दिये हैं और कार्मिक, जनशिकायत तथा पेंशन मंत्रालय के पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग, नई, दिल्ली के साथ बैठकें आयोजित की गईं। आई. एस./आई.एस.ओ. 9001 के कार्यान्वयन के लिए महाराष्ट्र सदन और मिजोरम सदन में सरकारी संगठनों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। खाद्य निरापदता प्रबंध पद्धति (एफ.एस.एम.एस.) प्रमाणन के संवर्धन हेतु खाद्य पदार्थ बनाने वाले उद्योगों के लिए चंडीगढ़, नई दिल्ली, कोलकाता और कोच्चि में 4 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

प्रबंध पद्धति प्रमाणन में स्वीकृत लाइसेंसों की संख्या



प्रबंध प्रमाणन पद्धति में चालू लाइसेंसों की संख्या



ण) ऑडीटरों की बैठक

अप्रैल 2013 – मार्च 2014 के दौरान 5 ऑडीटर बैठकें आयोजित की गईं। मध्य क्षेत्रीय कार्यालय, उत्तर क्षेत्रीय कार्यालय, पश्चिम क्षेत्रीय कार्यालय, दक्षिण क्षेत्रीय कार्यालय में प्रत्येक क्षेत्र में एक बैठक आयोजित की गई। इन बैठकों में पद्धति प्रमाणन का ऑडिट करने वाले पंजीकृत भा.मा.ब्यूरो के अधिकारियों और बाहर के ऑडीटरों ने भाग लिया।

per IS/ISO 50001 was launched and information on this was disseminated during the licensees' review meets.

h) Accreditation of QMS and EMS by NABCB

BIS has been granted accreditation by the National Accreditation Board for Certification Bodies (NABCB), Quality Council of India for its Quality Management systems and Environmental Management Systems in December 2013 for a period of three years.

i) Promotion of Management Systems Certification:

All government organizations were informed regarding the certification services of BIS for SQMS (which was an RFD requirement) through a special drive undertaken for the purpose. BIS team had delivered lectures on IS 15700 for implementation of SQMS certification and also had conducted meetings with the Ministry of Personnel, Public Grievances and Pension, Deptt. of Pension and Pensioners' Welfare, New Delhi. For implementation of IS/ISO 9001 in government organizations, awareness programme were conducted in Maharashtra Sadan and Mizoram Sadan. As a part of promotion of Food Safety Management System (FMS) Certification among the food industry, four awareness programmes on FSMS were carried out at Chandigarh, New Delhi, Kolkata and Kochi.

j) Auditors' Meet

During the period April 2013 - March 2014, 05 Auditors' Meets were organized, one each by the Central Regional Office, Eastern Regional Office, Northern Regional Office, Southern Regional Office and Western Regional Office which were attended by external auditors and BIS officers, registered for carrying out system certification audit.

कोलकता में आयोजित प्रबंध पद्धति लाइसेंसधारियों की पुनरीक्षण बैठक
Management System Licensees Review Meeting organised at Kolkata

ट) लाइसेंसधारियों की समीक्षा बैठक

लाइसेंसधारियों में जागरूकता पैदा करने एवं भा.मा.ब्यूरो के लाइसेंसधारियों से प्रत्यक्ष फीडबैक प्राप्त करने के लिए भा.मा.ब्यूरो द्वारा अपने लाइसेंसधारियों के साथ 5 बैठकें आयोजित की गईं। ये समीक्षा बैठकें मध्य क्षेत्रीय कार्यालय, उत्तर क्षेत्रीय कार्यालय, पश्चिम क्षेत्रीय कार्यालय, दक्षिण क्षेत्रीय कार्यालय एवं पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय में प्रत्येक क्षेत्र में एक आयोजित की गई।

ठ) लीड ऑडिटर कोर्स में भा.मा.ब्यूरो अधिकारियों को प्रशिक्षण

गत वर्ष के दौरान भा.मा.ब्यूरो के अधिकारियों को नीचे दिए गए विवरण के अनुसार विभिन्न लीड ऑडिटर कोर्स में प्रशिक्षण दिया गया :

लीड ऑडिटर कोर्स	प्रशिक्षित अधिकारियों की संख्या
ई.एम.एस.	03
ई.एन.एम.एस.	01
एफ.एस.एम.एस.	01

ड) भा.मा.ब्यूरो प्रबंध पद्धति के लिए ऑडिटिंग कार्मिक

अवधि के दौरान 10 ऑडिटिंग कार्मिकों (बाहरी ऑडीटरों) को विभिन्न प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजनाओं क्यू.एम.एस./ई.एम.एस./ओ.एच.एस.एम.एस./एच.ए.सी.सी.पी./एफ.एस.एम.एस.) के अंतर्गत पंजीकृत किया गया । 31 मार्च 2014 तक प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजना के अंतर्गत नीचे दी गई संख्या में बाहरी ऑडीटरों/विशेषज्ञों को पंजीकृत किया गया :

गतिविधि	उपसंविदाकार–ऑडीटर
क्यू.एम.एस.	104
ई.एम.एस.	51
ओ.एच.एस.एम.एस.	29
एफ.एस.एम.एस.	08
एच.ए.सी.सी.पी.	08
एस.क्यू.एम.एस.	05

k) Licensees' Review Meet

For the purpose of creating awareness and to receive first hand feedback about our services from the licensees, 05 Management Systems Licensees Review Meetings were organized, one each by the Central Regional Office, Eastern Regional Office, Northern Regional Office, Southern Regional Office and Western Regional Office.

l) Training of BIS officers in Lead Auditor Course

During the year, no. of BIS officers trained in various Lead Auditor Courses is given below:

Lead Auditor Course	No. of Officers trained
EMS	03
EnMS	01
FSMS	01

Auditing Personnel for BIS Management Systems

During this period, 10 auditing personnel (external auditors) have been registered under various Management Systems Certification Schemes (QMS/EMS/OHSMS/HACCP/FSMS). As on 31 March 2014, the number of external auditors/experts registered with BIS for Management Systems Certification Scheme are given below:

Activity	Subcontractor Auditor
QMS	104
EMS	51
OHSMS	29
FSMS	08
HACCP	08
SQMS	05

परीक्षण और अंशशोधन

उत्पाद मुहर योजना को प्रोत्साहित करने और योजना से आने वाले नमूनों की परीक्षण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भा.मा.ब्यूरो ने देश में आठ प्रयोगशालाओं की स्थापना की है। इसकी शुरूआत 1962 में साहिबाबाद में केन्द्रीय प्रयोगशाला की स्थापना के साथ की गई। इसके बाद मोहाली, कोलकाता, मुम्बई और चेन्नई में चार क्षेत्रीय प्रयोगशालाएं और पटना, बंगलौर तथा गुवाहाटी में तीन शाखा कार्यालय में प्रयोगशालाएं खोली गईं। भा.मा.ब्यूरो की इन प्रयोगशालाओं में रसायन, सूक्ष्मजैविकी, विद्युत और यांत्रिक शाखाओं के उत्पादों के परीक्षण की सुविधाएं हैं। चेन्नई और साहिबाबाद प्रयोगशालाओं में विद्युत क्षेत्र के उत्पादों के इन–हाउस अंशशोधन की सुविधा है।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि भा.मा.ब्यूरो की प्रयोगशालाओं की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हो रहे विकास के साथ गति बनी रहे, मुम्बई, कोलकाता, चेन्नई, मोहाली और साहिबाबाद की प्रयोगशालाओं को अंतर्राष्ट्रीय मानक आई एस/आई एस ओ/आई ई सी 17025 के अनुसार राष्ट्रीय प्रत्यायन एवं अंशशोधन बोर्ड (एन ए बी एल) द्वारा प्रत्यायित किया गया है।

भा.मा.ब्यूरो प्रयोगशालाओं में 1233 भारतीय मानकों की पूर्ण और 709 भारतीय मानकों की आंशिक परीक्षण सुविधाएं हैं। वर्ष के दौरान भा.मा.ब्यूरो प्रयोगशालाओं ने उत्पाद प्रमाणन के अंतर्गत आने वाले विभिन्न उत्पादों के लिए 18622 परीक्षण रिपोर्टें जारी कीं। इसके अतिरिक्त वर्ष के दौरान चेन्नई में गोल्ड रेफरल एसेयिंग प्रयोगशाला ने 609 परीक्षण रिपोर्टें जारी कीं।

भा.मा.ब्यूरो द्वारा जारी परीक्षण रिपोर्टों की संख्या



परीक्षण सुविधाओं का सृजन/उन्नयन

यह सतत प्रयास किया जाता है कि उत्पाद परीक्षण में भा.मा.ब्यूरो की प्रयोगशालाओं में सुविधाएं अद्यतन हों। तदनुसार, प्रयोगशालाओं में आधुनिकीकरण एवं उन्नयन की प्रक्रिया निरंतर चल रही है। नवीनतम प्रौद्योगिकीगत विकास के साथ बने रहने के लिए भा.मा.ब्यूरो प्रयोगशालाओं ने अप्रैल 2013 से मार्च 2014 के दौरान कम्प्रेशन परीक्षण मशीन, हॉट डिफॉरमेशन टेस्ट अपारेटस, सीमेंट के परीक्षण के लिए वाइब्रेटिंग मशीन, ह्यमिडिटी चैम्बर, विकेट सॉफ्टनिंग उपकरण, कार्बन–सल्फर एनलाइज़र, यू वी स्पेक्ट्रोमीटर ओपेसिटी टेस्टर, मेम्बरन फिल्टरेशन असेम्बली, रेश, सेन्ट्रीफ्यूज, उच्च वोल्टेज के परीक्षण उपस्कर, इत्यादि प्राप्त किए।

गुणता आश्वासन कार्यकलाप

भा.मा.ब्यूरो प्रयोगशालाओं में गुणता आश्वासन, परीक्षण का नियमित अंग है जिसके द्वारा गुणता युक्त परीक्षण सुनिश्चित किया

TESTING AND CALIBRATION

In order to support the activities of the product certification marks scheme, BIS has established eight laboratories in the country to cater to the testing need of samples generated from the scheme, beginning with the establishment of Central Laboratory at Sahibabad in 1962. Subsequently, four Regional Laboratories at Mohali, Kolkata, Mumbai and Chennai and three branch office laboratories at Patna, Bangalore and Guwahati were established. The BIS laboratories have facilities for testing of products in the field of chemical, microbiological, electrical and mechanical discipline. In-house calibration facilities in the field of electrical discipline are operational at Central Laboratory, Sahibabad.

In order to ensure that BIS laboratories are abreast with the latest developments at the International level, the laboratories at Mumbai, Kolkata, Chennai, Mohali, and Sahibabad have been accredited by the National Accreditation Board for Calibration and Testing Laboratories (NABL) as per the international standard IS/ISO/IEC 17025.

BIS labs have complete test facilities for 1233 Indian Standards and partial test facilities for 709 Indian Standards. During the year, BIS laboratories issued 18622 test reports for various products covered under Certification. In addition, the Gold Referral Assaying Laboratory at Chennai has issued 609 test reports during the year.

Creation/ up-gradation of testing facilities

Efforts are being made continuously to make BIS labs 'state of the art' in testing of products. Accordingly, modernisation and up-gradation in the labs is a continuous process. During the period April 2013 to March 2014, BIS labs have procured Compression Testing Machine, Hot Deformation Test Apparatus, Vibrating Machine for cement testing, Humidity Chamber, Vicat Softening Apparatus, Carbon-Sulphur Analyzer, UV Spectrophotometer, Opacity Tester, Membrane Filtration Assembly, Resh. Centrifuge, High Voltage Test Apparatus, etc., in order to be in step with the latest technological advancements.

Quality Assurance Activities

Quality Assurance is a regular part of testing in BIS Labs by way of which the quality of testing is assured. During the

जाता है। अवधि के दौरान भा.मा.ब्यूरो प्रयोगशालाओं में गुणता आश्वासन क्रियाकलापों के अंतर्गत 695 नमूनों का परीक्षण किया गया। इनमें दक्षता परीक्षण/अन्तर प्रयोगशाला तुलना कार्यक्रम में भाग लेने के दौरान लिए गए नमूनों का परीक्षण भी शामिल हैं।

प्रशिक्षण

क) भा.मा.ब्यूरो प्रयोगशालाओं में कार्यरत श्रमशक्ति को अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में नवीनतम विकास से अवगत कराने के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षित किया जाता है। अवधि के दौरान भा.मा.ब्यूरो के 13 अधिकारियों को एसेयिंग एवं हॉलमार्किंग तथा एसेयिंग एवं ऑलमार्क के ऑडिट में प्रशिक्षित कराया गया। इसके अतिरिक्त 07 अधिकारियों को आई एस/आई एस ओ/आई ई सी 17025 प्रयोगशाला प्रबंधन पद्धति में प्रशिक्षित कराया गया।

ख) भा.मा.ब्यूरो प्रयोगशालाओं ने 03 फरवरी से 21 फरवरी 2014 तक प्रयोगशाला गुणता प्रबंध पद्धति पर आयोजित चौथे अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम के दौरान व्याख्यान देने के लिए संकाय सदस्य उपलब्ध कराये तथा विकासशील देशों के तीन प्रतिनिधि मंडलों को केन्द्रीय प्रयोगशाला एवं विभिन्न बाहरी प्रयोगशालाओं में इन अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागियों के दौरे की व्यवस्था की।

ग) अवधि के दौरान भा.मा.ब्यूरो की केन्द्रीय प्रयोगशाला ने सीमेंट, केबल और पैकेजबंद पेयजल के परीक्षण क्षेत्र में उद्योगों के लिए तीन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए।

प्रयोगशाला मान्यता योजना

उत्पाद प्रमाणन योजना से निकलने वाले नमूनों के परीक्षण का कार्यभार भा.मा.ब्यूरो प्रयोगशालाओं में उपलब्ध क्षमता से कहीं अधिक होने के कारण भा.मा.ब्यूरो ने बाहरी प्रयोगशालाओं को मान्यता देने के लिए प्रयोगशाला मान्यता योजना (एल आर एस) प्रारंभ की है। ऐसी प्रयोगशालाओं की सेवाओं का उपयोग वहां भी किया जाता है जहां भा.मा.ब्यूरो प्रयोगशालाओं में आर्थिक कारणों से परीक्षण सुविधाएं विकसित करना व्यावहारिक न हो, भा.मा.ब्यूरो प्रयोगशालाओं में बड़ी संख्या में नमूने इकठ्ठे हो जाएं या उपस्कर अस्थायी तौर पर काम न कर रहे हों इत्यादि। यह योजना अंतर्राष्ट्रीय मानक आई एस/आई एस ओ/आई ई सी 17025 : 2005 पर आधारित है और प्रयोगशालाओं के प्रत्यायन हेतु अंशशोधन एवं परीक्षण प्रयोगशालाओं के लिए राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एन ए बी एल) द्वारा अपनाए गए मानदंड के अनुरूप हैं। भा.मा.ब्यूरो द्वारा मान्यता प्राप्त बाहरी प्रयोगशालाएं निम्नलिखित पूर्व अर्हताएं पूरा करती हों :

- प्रयोगशाला संबद्ध क्षेत्र में एन ए बी एल द्वारा प्रत्यायित हों
- प्रयोगशाला में संबद्ध भारतीय मानक के अनुसार पूर्ण परीक्षण सुविधाएं हों
- प्रयोगशाला भारतीय मानक के अनुसार उत्पादों के परीक्षण में सक्षम हों

period, 695 Samples were tested under Quality Assurance activities in BIS Labs. This includes the samples tested during participation in proficiency testing/ inter-lab comparison program.

Training

a) The manpower working in labs are being trained on a regular basis to abreast them of the latest developments in the international arena. A total of 13 officials from BIS labs were trained in the assaying and hallmarking and audits of assaying and hallmarking centres during the year. In addition, 07 officials were trained for IS/ISO/IEC 17025 Laboratory Quality Management System.

b) BIS Labs provided faculty for delivering lectures during the 4th International program on Laboratory Quality Management Systems held from 03 to 21 February 2014 and also facilitated the visit of International participants in three delegations from the developing countries to Central Lab and various recognized outside labs.

c) During the year, BIS Central lab also organized three training programmes for the industry in the area of testing of cement, cables and packaged drinking water.

Lab Recognition Scheme

As the volume of workload for testing of samples generated from product certification scheme is much larger than the available capacity in BIS labs, BIS has established Laboratory Recognition Scheme (LRS) for recognition of outside laboratories (OSLs). The services of such laboratories are utilized in case of availability of large number of samples over and above the capacity of BIS labs or the equipment temporarily being out of order. The services of such laboratories are also used when development of testing facilities in BIS labs is not economically viable. The scheme is based on International Standard IS/ISO/IEC 17025:2005, which is also in line with the criteria adopted by the National Accreditation Board for Calibration and Testing Laboratories (NABL) for accreditation of laboratories. OSLs recognized by BIS are required to fulfil following prerequisites:

- The lab shall be accredited by NABL in the respective field
- The lab shall have complete testing facilities as per relevant Indian Standard
- The lab shall have the competence to test the products as per Indian Standard

31 मार्च 2014 को 147 भा.मा.ब्यूरो मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाएं थीं जिसमें प्रतिष्ठित अनुसंधान एवं विकास संगठनों, तकनीकी संस्थानों, सरकारी एवं निजी प्रयोगशालाएं (सरकारी प्रयोगशालाएं – 62 और निजी प्रयोगशालाएं – 85) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त भा.मा.ब्यूरो द्वारा जब और ऐसी आवश्यकता पड़ने पर विभिन्न उत्पादों के लिए विशेष प्रकृति की 24 सरकारी प्रयोगशालाओं की सेवाओं का उपयोग भी किया जाता है। अवधि के दौरान 12 नई बाहरी प्रयोगशालाओं को मान्यता प्रदान की गई। विभिन्न कारणों से 5 प्रयोगशालाओं की मान्यता समाप्त की गई। भा.मा.ब्यूरो की आरंभ की गई पंजीकरण योजना की सहायता के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी वस्तु (अनिवार्य पंजीकरण की अपेक्षाएं) आदेश, 2012 के अंतर्गत आने वाले आई टी उत्पादों (आई एस 13252)/एवी उत्पादों (आई एस 616)/माइक्रोवेव ओवन (आई एस 302–2–25)/इलेक्ट्रॉनिक घड़ियों (आईएस 302–2–26) के परीक्षण के लिए 11 बाहरी प्रयोगशालाओं को मान्यता दी गई।

As on 31 March 2014, there were 147 BIS recognized labs which include reputed R and D organizations, technical institutions, Govt. labs and Private sector labs (Government labs – 62 and Private labs - 85). Besides this, services of 24 Government laboratories of specialized nature are also being utilized for different products by BIS as and when required. During the period, 12 new outside labs were recognized and 05 labs were de-recognized.To support the newly launched BIS Registration Scheme, 11 outside labs have been recognized for testing of IT products (IS 13252)/ AV products (IS 616)/microwave ovens (IS 302-2-25)/ electronic clocks (IS 302-2-26) covered under Electronics and Information Technology Goods (Requirement for Compulsory Registration) Order, 2012.

आई-केयर

आई–केयर कार्यक्रम

उपभोक्ता गतिविधियों को अधिक केंद्रित तरीके से निपटाने एवं ज्यादा प्रभाव पैदा करने के लिए ब्यूरो मुख्यालय के उपभोक्ता मामले विभाग, प्रवर्तन विभाग, जन संपर्क विभाग एवं बिक्री विभाग से जनता एवं उपभोक्ताओं को सीधे संपर्क कराने के लिए इन्हें एक विभाग अर्थात् आई–केयर के साथ रखा गया है। यह विभाग राजीव गांधी गुणता पुरस्कार एवं विश्व मानक दिवस जैसी गतिविधियों को भी निपटाता है।

आई–केयर नीति

भा.मा.ब्यूरो अपने सभी स्टेकहोल्डरों को मानकीकरण एवं प्रमाणन के लाभ उपलब्ध कराने जिसमें उद्योग जगत, उपभोक्ता, राज्य सरकारें, अन्य सरकारी विभाग, शैक्षिक संस्थान इत्यादि शामिल हैं तथा समयबद्धता से भा.मा.ब्यूरो के उपभोक्ताओं को सेवाएं एवं संतुष्टि देने का प्रयास करता है।

मानक संवर्धन

राज्य स्तरीय समितियाँ एवं निविदा पूछताछ

भारतीय मानकों के कार्यान्वयन और उन्हें बढ़ावा देने के लिए राज्य स्तरीय समितियों के माध्यम से सरकारी विभागों और क्रय एजेंसियों के साथ निकट सहयोग और परस्पर संवाद के प्रयास किए गए। इसके साथ–साथ अखबारों में निविदाओं की जांच–पड़ताल नियमित रूप से की गई। संगठनों से अनुरोध किया गया कि वे निविदाओं में आई एस आई मुहर लगे उत्पाद मांगे या आई एस आई विशिष्टियों का उल्लेख करें।

विश्व मानक दिवस

भा.मा.ब्यूरो ने 'अंतर्राष्ट्रीय मानक सकारात्मक परिवर्तन सुनिश्चित करते हैं', विषय पर 14 अक्टूबर 2013 को विश्व मानक दिवस का आयोजन किया। मुख्यालय में इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी का उद्घाटन माननीय राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) उप भोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण एवं अध्यक्ष भा.मा.ब्यूरो द्वारा किया गया। इस विषय पर चार विशिष्ट व्याख्याताओं ने अपने तकनीकी पेपर प्रस्तुत किए। तकनीकी संगोष्ठियाँ भा.मा.ब्यूरो के देशभर में फैले क्षेत्रीय कार्यालयों/शाखा कार्यालयों में भी आयोजित की गईं।

विश्व मानक दिवस 2013
World Standards Day 2013

i-Care

i-Care PROGRAMME

To deal with consumer the related activities in a more focused manner and for creating greater impact, departments of BIS having direct interface with the public and consumers namely, Consumer Affairs Department, Enforcement Department, Public relations Department and Sales department at BIS Head Quarters have been placed under a single department, viz., I-Care. This department also handles Rajiv Gandhi National Quality Award and other important events like, World Standards Day.

i-Care POLICY

BIS endeavours to provide the benefits of standardization and certification to all stakeholders which include the Industry, Consumers, State Govts., other Govt. Departments, Educational Institutions etc. and to provide BIS services in time bound manner and to the satisfaction of BIS customers

STANDARDS PROMOTION

State Level Committees and Tender Enquires

Efforts were made to have close collaboration and interaction with Government Departments and purchase agencies through State Level Committees in order to implement and promote Indian Standards. Further, scrutiny of tenders in news papers was done regularly and organizations were requested to opt for ISI marked products or to refer Indian Standard Specifications in the tender.

World Standards Day

BIS celebrated the World Standards Day on 14 October 2013 on the theme 'International Standards Ensure Positive Change'. The Seminar organised on the occasion at HQs was inaugurated by the Hon'ble Minister of State (Independent Charge) for Consumer Affairs, Food and Public Distribution and President, BIS. Four eminent speakers presented their technical papers on the theme. Technical seminars were organized by BIS all over the country through its ROs/BOs.

उपभोक्ता संबंधी गतिविधियां

जागरूकता कार्यक्रम

उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम

उपभोक्ताओं के बीच मानकीकरण, प्रमाणन एवं गुणता चेतना की अवधारणा को बढ़ाने के लिए, जागरूकता कार्यक्रम, उपभोक्ता संगठनों के सहयोग से तथा विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों/शाखा कार्यालयों के माध्यम से नियमित रूप से आयोजित किए गए। अप्रैल 2013 से मार्च 2014 की अवधि के दौरान ऐसे 115 कार्यक्रम आयोजित किए गए।

उद्योग हेतु जागरूकता कार्यक्रम

लघु स्तरीय उद्योगों में मानकीकरण, उत्पाद प्रमाणन, प्रबंध पद्धति प्रमाणन एवं अन्य भा.मा.ब्यूरो गतिविधियों की अवधारणा प्रचारित करने के लिए अप्रैल 2013 से मार्च 2014 की अवधि के बीच उद्योग जागरूकता के लिए 28 कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में व्याख्यान एवं चर्चाएं शामिल थीं। विशेष औद्योगिक सैक्टरों से संबद्ध मानकों पर औद्योगिक क्षेत्रों का ध्यान आकर्षित करने के लिए प्रकाश भी डाला गया।

मानक कार्यक्रमों के शैक्षिक उपयोग

भा.मा.ब्यूरो मानकीकरण की अवधारणा एवं इसके लाभों को युवाओं के दिलो दिमाग में बैठाने के लिए छात्रों, विद्यालय एवं कालेजों इत्यादि की फैकल्टी के लिए मानक कार्यक्रमों के शैक्षिक उपयोग (ई यू एस) के कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। मानकीकरण के सिद्धांतों एवं रीतियों से तकनीकी संस्थानों के छात्रों को परिचित कराने की आवश्यकता एवं देश के औद्योगिक विकास में मानकीकरण की महत्ता की जरूरत महसूस की जा रही है। अप्रैल 2013 से मार्च 2014 के दौरान भा.मा.ब्यूरो ने ई यू एस के 25 कार्यक्रम आयोजित किए हैं।

आयोजित किए गए जागरूकता कार्यक्रमों (सी ए पी, ई यू एस एवं आई ए पी) की कुल संख्या
Total No. of Awareness Programs organised (CAP, EUS & IAP)



सार्वजनिक शिकायतें

भा.मा.ब्यूरो में प्रमाणित उत्पादों संबंधी उपभोक्ता शिकायतों का निपटान किया गया और प्रगति की समीक्षा की गई एवं प्रत्येक माह मॉनीटरिंग की गई। तय सीमा के भीतर शिकायतों को निपटाने के प्रयास किए गए।

सिटिजन चार्टर

सिटिजन चार्टर कार्यान्वित किया गया और प्रबंध नियंत्रण रिपोर्टों के माध्यम से प्रत्येक माह समय सीमा की मॉनीटरिंग की जा रही है

प्रवर्तन गतिविधियाँ

भा.मा.ब्यूरो मानक मुहर (आई एस आई मुहर) गुणता की मुहर है। धोखेबाज विनिर्माता भा.मा.ब्यूरो से लाइसेंस प्राप्त किए बिना अर्थात्

CONSUMER RELATED ACTIVITIES

AWARENESS PROGRAMMES

Consumer Awareness Programmes

For promoting the concept of standardization, certification and quality consciousness among consumers, awareness programmes were organized on a regular basis through various ROs/BOs, sometimes in association with Consumer Organizations. During the period April 2013 to March 2014, 115 such programmes were organized by ROs/BOs throughout the country.

Industry Awareness Programmes

To propagate the concept of standardization, product certification, management systems certification and other BIS activities amongst small scale industries, 28 Industry Awareness Programmes were conducted during the period April 2013 to March 2014. The programme consisted of lectures and discussions. Standards relating to specific industrial sectors were also highlighted depending on concentration of industries in the area.

Educational Utilization of Standards Programmes

BIS is organizing Educational Utilization of Standards Programmes (EUS) for students and faculties of schools, colleges etc., to inculcate the young minds with the concepts and benefits of standardization. The need for familiarizing the students of technical institutions with the principles and practices of standardization is being increasingly felt due to the importance of standardization in industrial development of the country. During the period April 2013 to March 2014, BIS has organized 25 EUS Programmes.

Public Grievances

Consumer complaints relating to BIS certified products were taken up for Redressal and the progress was reviewed and monitored every month. Efforts were made to redress the grievances within the stipulated time frame.

Citizen Charter

Citizen's Charter has been implemented and time lines are being monitored every month through Management Control Reports.

ENFORCEMENT ACTIVITY

The BIS Standard Mark (ISI Mark) is a quality mark. There are unscrupulous manufacturers, who deceive consumers

आई एस आई मुहर का दुरूपयोग करके घटिया स्तर के उत्पादों पर आई एस आई मुहर लगाकर एवं उनकी मार्किटिंग करके उपभोक्ताओं को धोखा दे रहे हैं।

आई एस आई मुहर के दुरूपयोग की घटनाएं भा.मा.ब्यूरो के लिए प्रमुख चिंता का विषय हैं। प्रवर्तन गतिविधियों को बल देने एवं बेहतर समन्वय के लिए प्रत्येक शाखा कार्यालय में नोडल प्रवर्तन अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।



वर्ष 2013 से 2014 के दौरान आई एस आई मुहर का दुरूपयोग करने वाली फर्मों पर देशभर में 97 छापे मारे गए। इन छापों में विभिन्न नकली उत्पाद, जैसे पैकेजबंद पेयजल, पी वी सी विद्युतरोधी केबल, प्रेशर कुकर, यू पी वी सी पाइप, क्लिनिकल थर्मामीटर, ब्लीचिंग पाउडर, सबमर्सिबल पम्प सेट, इलैक्ट्रिक आयरन, हॉट एयर बलॉअर, सीलिंग पंखे, इलैक्ट्रिक स्विच, नमक, प्लाईवुड एवं इन्सुलेटिड मैट इत्यादि जब्त किए गए। प्रवर्तन मामलों पर यथासमय कार्रवाई करने और न्यायालयों में दोषियों के विरूद्ध अभियोजन शुरू करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

उपर्युक्त के अतिरिक्त, भा.मा.ब्यूरो ने मुख्यालय तथा अन्य शाखा कार्यालयों द्वारा मारे गए प्रवर्तन छापों के बारे में व्यापक प्रचार करते हुए कई प्रेस विज्ञप्तियाँ जारी कीं, ताकि आई एस आई मुहर का दुरूपयोग करने वाले विनिर्माताओं के विरूद्ध उपभोक्ताओं में जागरूकता फैलाई जा सके। घटिया उत्पादों पर प्रयोग किए जा रहे ब्रांडनाम सहित उन्हें प्रयोग कर रहे विनिर्माताओं के नामों का उल्लेख भी इन प्रेस विज्ञप्तियों में किया गया। आई एस आई मुहर का दुरूपयोग करने वाले विनिर्माताओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने एवं उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से उपभोक्ता संगठनों और निर्माता एसोसिएशनों के साथ बैठकें आयोजित की गईं।

राजीव गाँधी राष्ट्रीय गुणता पुरस्कार

उत्कृष्ट प्रयास करने के लिए विनिर्माताओं और सेवा संगठनों को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से 1991 में ब्यूरो द्वारा राजीव गांधी राष्ट्रीय गुणता पुरस्कार स्थापित किए गए। इन वार्षिक पुरस्कारों की तुलना यू एस के मैल्कम बाल्रिज राष्ट्रीय गुणता पुरस्कार एवं यूरोपियन गुणता पुरस्कार जैसे सदृश अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से की जाती है। इन पुरस्कारों का मूल्यांकन लीडरशिप, नीतियों, उद्देश्यों एवं कार्यप्रणालियों, मानव संसाधन प्रबंध, संस्थानों, प्रक्रियाओं, उपभोक्ता केन्द्रित परिणामों, कर्मचारियों की संतुष्टि, व्यवसाय के परिणाम एवं पर्यावरण तथा समाज पर प्रभाव जैसे नौ मानदंडों के आधार पर किया जाता है।

by producing and marketing sub-standard products with ISI Mark without obtaining the licence from BIS i.e. misuse of ISI Mark.

The menace of misuse of ISI Mark is an area of prime concern for BIS. Nodal Enforcement Officers have been nominated in each branch office for strengthening and better coordination of enforcement activity.

During the 2013 - 2014, BIS has carried out 97 enforcement raids all over the country on the firms misusing ISI Mark. During these raids, various spurious products such as Packaged Drinking Water, PVC Insulated Cables, Pressure Cookers, UPVC Pipes, Clinical Thermometer, Bleaching Powder, Submersible Pump Sets, Electric Iron, Hot Air Blower, Ceiling Fans, Electric Switch, Salt, Plywood and Insulated Mats etc. were seized. Efforts were made for timely processing of the enforcement cases and consequent launching of prosecution against the offenders in the court of law.

Besides, BIS had also issued a number of press releases about the enforcement raids from HQs and other branch offices all over the country for giving wide coverage with the intention to create awareness among the consumers about such misuse of ISI Mark. The names of those manufacturers along with brand names which are being used by them on the spurious products were also mentioned in the press releases. Meetings were also organized with the consumer organizations and the manufacturers associations with the objective of making them aware about the misuse of the ISI Mark and also to get information about manufacturers who are misusing ISI Mark.

RAJIV GANDHI NATIONAL QUALITY AWARDS

With a view to encourage manufacturers and service organizations to strive for excellence, Rajiv Gandhi National Quality Award was instituted by the Bureau in 1991. This annual award compares well with similar international awards such as the Malcolm Baldrige National Quality Award of US and the European Quality Award. The assessment for this award is made on the basis of nine parameters namely Leadership; Policies, Objectives and Strategies; Human Resource Management; Resources; Processes; Customer focused results; Employees' satisfaction; Business results and Impact on environment and society. For small scale organizations the assessment is carried out on the basis of six parameters.

सूचीबद्ध आर जी एन क्यू ए 2012 के आवेदक संगठनों की पड़ताल और मूल्यांकन प्रक्रिया क्षेत्रीय मूल्यांकन समितियों द्वारा की गई है। पुरस्कार विजेताओं एवं प्रशंसा प्रमाण–पत्रों के प्राप्तकर्ताओं के चयन का निर्णय करने के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार समिति (एन ए सी) की बैठक सचिव (सी ए) की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

The fact finding and evaluation process of short listed applicant organizations for RGNQA 2012 have been completed by the Regional Evaluation Committees. The meeting of the National Awards Committee (NAC) was organized under the chairmanship of Secretary (CA) to decide the award winners and recipients of commendation certificates.

(26 अप्रैल 2013 को आयोजित राजीव गांधी राष्ट्रीय गुणता पुरस्कार 2011 का वितरण समारोह)
Presentation Ceremony of Rajiv Gandhi National Quality Awards 2011 held on 26 April 2013



(राजीव गांधी राष्ट्रीय गुणता पुरस्कार 2011 के पुरस्कार प्राप्तकर्ता)
Awardees of Rajiv Gandhi National Quality Awards 2011

अंतर्राष्ट्रीय गतिविधियाँ

भा.मा.ब्यूरो, भारत के मानक निकाय की हैसियत से अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आई एस ओ) एवं अंतर्राष्ट्रीय विद्युत–तकनीकी आयोग (आई ई सी) का एक सदस्य है। विभिन्न तकनीकी समितियों, उप–समितियों, कार्यकारी समूहों इत्यादि संबंधी सहभागी (पी) सदस्य या आब्जर्वर (ओ) सदस्य के रूप में कार्य करके अंतर्राष्ट्रीय मानकों के विकास में सक्रियता से भागीदार हैं। मार्च 2014, तक भा.मा.ब्यूरो आई एस ओ की 348 तकनीकी समितियों/उपसमितियों एवं आई ई सी की 70 तकनीकी समितियों/उपसमितियों एवं आई एस ओ की 278 तकनीकी समितियों/उपसमितियों तथा आई ई सी की 85 तकनीकी समितियों/उपसमितियों का 'ओ' सदस्य है। अंतर्राष्ट्रीय मानकों के विकास में भा.मा.ब्यूरो की ऐसी भागीदारी भारतीय व्यापार एवं उद्योग के हितों की रक्षा में मदद करता है।

भा.मा.ब्यूरो इन अंतर्राष्ट्रीय मानक निकायों की विभिन्न नीति–निर्माण समितियों में सहभागिता करता है तथा भा.मा.ब्यूरो आई एस ओ की कुछ महत्वपूर्ण समितियों, जिनमें भारत के व्यापार हित जुड़े हैं, का सचिवालय धारक भी है। इसके अतिरिक्त, भा.मा. ब्यूरो मानकीकरण, परीक्षण, प्रमाणन, प्रशिक्षण इत्यादि संबंधी क्षेत्रीय एवं द्विपक्षीय सहयोग कार्यक्रमों में भी सक्रियता से शामिल हुआ। अब तक, भा.मा.ब्यूरो ने 27 भिन्न–भिन्न देशों के राष्ट्रीय मानक निकायों से समझौता ज्ञापन/एम आर ए पर हस्ताक्षर किए हैं तथा 17 देशों के साथ ऐसी व्यवस्थाएं करना प्रक्रिया में हैं। भा.मा. ब्यूरो या सार्क देशों के लिए क्षेत्रीय मानकों को तैयार करने में सक्रिय भूमिका भी निभा रहा है।

वैश्विक व्यापार में मानकों की बढ़ती महत्ता एवं अनुरूपता मूल्यांकन प्रक्रिया को ध्यान में रखकर तथा यह समझकर कि भा.मा. ब्यूरो की भारतीय निर्यात/व्यापार को बढ़ाने में प्रमुख भूमिका है। अतः भा.मा.ब्यूरो ने एक 'व्यापार सुविधा कक्ष' बनाया है। यह कक्ष वाणिज्य मंत्रालय के साथ नजदीकी सहयोग से कार्य करेगा तथा यह तकनीकी विनियमों को स्थापित करने तथा प्रस्तावित तकनीकी विनियमों पर अन्य देशों द्वारा उठाई गई विशेष व्यापारिक चिंताओं से निपटने के लिए विभिन्न मंत्रालयों को मदद देने के लिए परस्पर आदान–प्रदान करेगा। कक्ष मानकों एवं अनुरूपता मूल्यांकन प्रक्रियाओं से संबंधी उनके द्वारा सामने आ रही बॉटलनेक के लिए उद्योग एवं निर्यातक एसोसिएशनों के साथ परस्पर संवाद करने का इच्छुक भी है।

डब्ल्यू टी ओ–टी बी टी मामले

भा.मा.ब्यूरो ने डब्ल्यू टी ओ/टी बी टी पूछताछ बिंदु के रूप में अपनी गतिविधियां जारी रखीं। भा.मा.ब्यूरो ने राष्ट्रीय हित के विभिन्न मामलों पर वाणिज्य मंत्रालय एवं उद्योग के साथ परस्पर संवाद से कार्य किया। राष्ट्रीय एवं अन्य देशों, दोनों के मानकों एवं अनुरूपता मूल्यांकन पद्धतियों संबंधी सभी समुचित पृच्छाओं का उत्तर दिया।

INTERNATIONAL ACTIVITIES

BIS, in its capacity as the National Standards Body of India, is a member of International Organization for Standardization (ISO) and International Electro-technical Commission (IEC). It is actively involved in the development of International Standards by acting as Participating (P) member or Observer (O) member on various Technical Committees, Sub-Committees, Working Groups, etc. As on March 2014, BIS is a 'P' member in 348 Technical Committees/ Subcommittees of ISO and 70 Technical Committees/ Subcommittees of IEC, and an 'O' Member in 278 Technical Committees/ Subcommittees of ISO and 85 Technical Committees/ Subcommittees of IEC. Such participation by BIS in the development of International Standards helps in protecting the interest of Indian trade and industry.

BIS participates in various policy-making committees of these International Standards Bodies and holds the secretariat of some important ISO Committees dealing with subjects that are of trade interest to India. Besides, BIS is also actively involved in the Regional and Bilateral Cooperation Programmes pertaining to standardization, testing, certification, training etc. So far, BIS has signed MoUs/MRAs with National Standards Bodies of 27 different countries, and is in the process of having such an arrangement with 17 other countries. BIS has also been playing an active role in formulation of regional standards or the SAARC countries.

Keeping in view the growing importance of standards and conformity assessment procedure in global trade and understanding that BIS has a key role to play in enhancing the Indian exports/ trade, BIS has created a Trade Facilitation Cell. This Cell will work in close co-operation with the Ministry of Commerce and would interact with various Ministries to help them in establishing technical regulations and also in dealing with specific trade concerns raised by other countries on the proposed technical regulations. The Cell also seeks to interact with Industry and Exporters' Associations to address bottlenecks being faced by them relating to standards and conformity assessment procedures.

WTO-TBT Matters

BIS continued its activities as the WTO/ TBT Enquiry Point. BIS worked in close interaction with the Ministry of Commerce and Industry on various issues of national interest. All reasonable queries pertaining to Standards and Conformity Assessment systems, both national and of other countries were replied.

अंतर्राष्ट्रीय बैठकों की मेजबानी

अप्रैल 2013 से मार्च 2014 के दौरान, भा.मा.ब्यूरो ने निम्नलिखित अंतर्राष्ट्रीय बैठकों की मेजबानी की :

i) 13–16 जनवरी 2014 के दौरान नई दिल्ली में आई एस ओ/टी सी 69/एस सी 4 के तीन कार्यकारी समूहों (डब्ल्यू जी) अर्थात् डब्ल्यू जी 10, 11 एवं 12 'प्रक्रिया प्रबंधन में सांख्यांयिक पद्धतियों के अनुप्रयोग' की अंतरिम बैठकों में 15 शिष्टमण्डलों ने भाग लिया।

ii) आई एस ओ परियोजना समिति आई एस ओ/पी सी 259 की 'कोर–जीवन चक्र एवं प्रक्रियाएं' विषय पर कार्यकारी समूह आई एस ओ पी सी 259/डब्ल्यू जी 1 की बैठक हुई। भारत सहित विभिन्न देशों के 12 शिष्टमंडलों ने बैठक में भाग लिया। भारत आई एस ओ/पी सी 259 का पी–सदस्य है।

iii) भा.मा.ब्यूरो ने आई एस जी एफ (इंडिया स्मार्ट ग्रिड फोरम) के सहयोग से बंग्लौर में 03–05 मार्च 2014 तक आई ई सी/पी सी 118 स्मार्ट ग्रिड उपयोगकर्ता अंतरापृष्ठ एवं इसके कार्यकारी समूहों की प्लेनरी बैठक की मेजबानी की। बैठक में विभिन्न देशों के सदस्यों के 21 शिष्टमंडलों ने भाग लिया।

आई एस ओ बैठकों में सहभागिता

- भा.मा.ब्यूरो के एक शिष्टमंडल ने सेंट पीटर्सबर्ग (रूस) में 18–20 सितम्बर 2013 के दौरान आई एस ओ महासभा में भाग लिया। भा.मा.ब्यूरो ने 16–17 सितम्बर 2013 के दौरान आई एस ओ की बैठकों, 21 सितम्बर 2013 को आई एस ओ परिषद्, 16–17 सितम्बर 2013 के दौरान आई एस ओ तकनीकी प्रबंधन बोर्ड (टी एम बी) एवं 15 सितम्बर 2013 को पी ए एस सी बैठक में भी भाग लिया। शिष्टमंडल ने सी ई एन–सी ई एन ई एल ई सी, यूरोप, जे आई एस सी, जापान, जी ओ एस टी–आर, रूस, एस ए एस ओ, सऊदी अरब एवं सार्क देशों के सदस्य (पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल) के साथ बैठकें कीं।

- सेक्रेटरी जनरल, आई एस ओ ने 05–06 सितम्बर 2013 के दौरान भा.मा.ब्यूरो का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आई एस ओ के नवीन विकासों, आई एस ओ कार्यप्रणाली योजना एवं कापीराइटर मुद्दों पर आई एस ओ नीति के संबंध में भा.मा.ब्यूरो के वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित किया। सेक्रेटरी जनरल, आई एस ओ के साथ एफ आई सी सी आई के वरिष्ठ अधिकारियों की एक बैठक का आयोजन भी किया गया।

- भा.मा.ब्यूरो ने गुईलीन, चीन में 23 से 28 फरवरी 2014 तक आई एस ओ तकनीकी प्रबंधन बोर्ड (टी एम बी) बैठक एवं टी एम बी सदस्यों से संबद्ध सदस्यों ने भाग लिया।

Hosting of International Meetings

During April 2013 - March 2014, BIS hosted the following international meetings:

i) Interim meetings for the three Working Groups (WGs) namely, WG 10, 11 and 12 of ISO/TC 69/SC 4 Applications of Statistical Methods in Process Management at New Delhi during 13-16 January 2014, which was attended by 15 delegates.

ii) Meeting of the working group ISO PC 259/WG1 on 'Core – Life Cycle and Processes' of ISO Project Committee ISO/PC 259. The meeting was attended by 12 delegates from different countries including India. India is a P-member on ISO/PC 259.

(iii) BIS in association with ISGF (India Smart Grid Forum) hosted the Plenary meeting of IEC/PC118 Smart grid user interface' and its Working Groups from 03 – 05 March 2014 at Bangalore. The meeting was attended by 21 delegates from different member countries.

Participation in ISO Meetings

- A delegation of BIS attended the ISO General Assembly during 18 - 20 September 2013, at St. Petersburg (Russia). BIS also attended the meetings of ISO DEVCO during 16 - 17 September 2013 , the ISO Council on 21 September 2013, ISO Technical Management Board (TMB) during 16 - 17 September 2013 and the PASC meeting on 15 September 2013. The delegation had meetings with CEN-CENELEC, Europe; JISC, Japan; GOST-R, Russia; SASO, Saudi Arabia and members of SAARC countries (Pakistan, Sri Lanka, Nepal).

- Secretary General, ISO visited BIS during 05 - 06 September 2013, during which he addressed senior officials of BIS regarding the recent developments at ISO, the ISO Strategic Plan and the ISO policy on copyrights issues. A meeting of the Secretary General, ISO with senior officials of FICCI was also organised.

- BIS participated in the ISO Technical Management Board (TMB) meeting and related events for TMB members from 23 to 28 February 2014 at Guilin, China.

आई ई सी बैठकों में सहभागिता

भा.मा.ब्यूरो ने नई दिल्ली में 16–26 अक्टूबर 2013 के दौरान 77वीं आई ई सी महासभा (आई ई सी जी एम) 2013 आयोजित की। आई ई सी जी एम 2013 में 80 से अधिक देशों के लगभग 969 शिष्टमंडलों ने भाग लिया। आई ई सी जी एम 2013 के दौरान साईडलाईन एवं द्विपक्षीय बैठकें आयोजित की गई एवं समझौता ज्ञापनों पर चर्चाएं कीं तथा मानकीकरण एवं अनुरूपता मूल्यांकन संबंधी मुद्दें को अमेरिकन नेशनल स्टैण्डर्ड इंस्टिट्यूट (ए एन एस आई), केनेडियन स्टैण्डर्ड एसोसिएशन (सी एस ए), कोरियन एजेंसी फॉर टैक्नोलॉजी एवं स्टैण्डर्ड (के ए टी एस), जेपनीज स्टैण्डर्ड एसोसिएशन, स्टेट कमेटी फॉर स्टैण्डर्डडाइजेशन ऑफ द रिपब्लिक ऑफ बेलारूस, जर्मन कमीशन फॉर इलैक्ट्रिकल, इलैक्ट्रॉनिक एंड इंफोर्मेशन टैक्नोलॉजिस ऑफ डी आई एन एवं वी डी ई (डी के ई) एवं एसोसिएशन फ्रांसिस डी नार्मिलाइजेशन (ए एफ एन ओ आर) के साथ उठाए गए।

(77वीं आई ई सी महासभा – उद्घाटन समारोह)
77th IEC General Meeting - Opening ceremony

द्विपक्षीय सहयोग कार्यक्रमों में सहभागिता

भा.मा.ब्यूरो ने वाणिज्य मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के निकट सहयोग से संयुक्त राज्य अमेरिका, पाकिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात, जर्मनी, केन्या, दक्षिण कोरिया, बंग्लादेश, रूस, ईरान और सऊदी अरब जैसे देशों के साथ निकट द्विपक्षीय सहयोग जारी रखा।

अप्रैल 2013–मार्च 2014 तक निम्नलिखित समझौता ज्ञापनों को हस्ताक्षरित किया गया:

- दिनांक 04 मई 2013 को भारतीय मानक ब्यूरो (बी आई एस) एवं इंस्टिट्यूट ऑफ स्टैण्डर्ड एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च ऑफ ईरान (आई एस आई आर आई) के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- दिनांक 14 जून 2013 को भारतीय मानक ब्यूरो (बी आई एस) एवं द इंस्टिट्यूट ऑफ सूरीनाम स्टैण्डर्ड ब्यूरो (एस एस बी) के बीच आवश्यक सूचना एवं विशेषज्ञता के परस्पर आदान–प्रदान के लक्ष्यार्थ मानकीकरण एवं अनुरूपता के मूल्यांकन के क्षेत्र में तकनीकी सहयोग को सुदृढ़ करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- भा.मा.ब्यूरो एवं जी ओ एस टी–आर के बीच दिनांक 21 अक्टूबर 2013 को मॉस्को, एशिया में सम्मिट बैठक के दौरान एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये।
- दिनांक 25 जनवरी 2014 को नई दिल्ली में भारतीय मानक ब्यूरो (बी आई एस) एवं जेपनिज इंडस्ट्रियल स्टैण्डर्ड कमेटी (जे आई एस सी) के बीच सहयोग ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये।

Participation in IEC Meetings

BIS organized the 77th IEC General Meeting (IEC GM) 2013 during 16 - 26 October 2013 at New Delhi. Around 969 delegates from more than 80 different countries participated in IEC GM 2013. During the IEC GM 2013, sideline and bilateral meetings were held and discussion on MoUs and issues on Standardization and Conformity Assessment took place with American National Standards Institute (ANSI), Canadian Standards Association (CSA), Korean Agency for Technology and Standards (KATS), Japanese Standards Association, State Committee for Standardization of the Republic of Belarus, German Commission for Electrical, Electronic and Information Technologies of DIN and VDE (DKE) and Association Francaise de Normalisation (AFNOR).

Participation in Bilateral Co-operation Programmes

BIS continued to work towards closer bilateral co-operation with countries such as USA, Pakistan, UAE, Germany, Kenya, South Korea, Bangladesh, Russia, Iran and Saudi Arabia in close association with the Ministry of Commerce and the Ministry of External Affairs.

The following Memorandum of Understanding (MoUs) were signed during April 2013-March 2014:

- MoU between The Bureau of Indian Standards (BIS) and Institute of Standards and Industrial Research of Iran (ISIRI) was signed on 04 May 2013.
- MoU between the Bureau of Indian Standards (BIS) and the Institute of Suriname Standards Bureau (SSB) was signed on 14 June 2013 to enhance and strengthen technical co-operation in the fields of standardization and conformity assessment with the aim of exchanging necessary information and expertise between the parties.
- MoU between BIS and GOST-R was signed during the summit meeting on 21 October 2013 at Moscow, Russia. The Ambassador of India for Moscow signed the MoU on behalf of BIS.
- A Memorandum of Co-operation was signed between Bureau of Indian Standards (BIS) and Japanese Industrial Standards Committee (JISC) on 25 January 2014 at New Delhi.

- दिनांक 12–13 फरवरी 2014 को मानकीकरण एवं अनुरूपता मूल्यांकन के क्षेत्र में परस्पर सहयोग हेतु भारतीय मानक ब्यूरो (बी आई एस) एवं डिपार्टमेंट ऑफ नेशनल ट्रेड मैनेजमेंट एवं स्टैण्डर्ड (डी एन टी एम एस) के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये।

भा.मा.ब्यूरो ने द्विपक्षीय सहयोग के संबंध में निम्नलिखित महत्वपूर्ण बैठकों में भाग लिया :

- भा.मा.ब्यूरो के शिष्टमंडल ने 24–28 मई 2013 के दौरान मानकीकरण एवं अनुरूपता मूल्यांकन के क्षेत्र में आपसी सहयोग हेतु स्टैण्डर्डाईजेशन, एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना एवं सर्टीफिकेशन एंड एक्रीडीटेशन एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ द पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (सी एन सी ए) का दौरा किया।
- दिनांक 12 जून 2013 को कमर्शियल काउंसलर्स, ऑफिस ऑफ द कमर्शियल काउंसलर, तुर्कि एम्बेसी ने भा.मा.ब्यूरो का दौरा किया एवं टर्की की अनुरूपता, मूल्यांकन, प्रमाणन एवं गुणता अवसंरचना पर चर्चा की।
- मानकीकरण, अनुरूपता मूल्यांकन एवं उत्पाद निरापदता में सहयोग हेतु गुणता अवसंरचना पर इंडो–जर्मन ज्वाइंट कार्यकारी समूह की प्रथम बैठक दिनांक 12–13 दिसम्बर 2013 के दौरान नई दिल्ली में आयोजित की गई।
- नई दिल्ली में 13 जनवरी 2014 को तुर्कि एम्बेसी के अधिकारियों के साथ भा.मा.ब्यूरो के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान भा.मा.ब्यूरो की अनिवार्य प्रमाणन एवं पंजीकरण योजनाओं के संबंध में भा.मा.ब्यूरो एवं टर्किश स्टैण्डर्ड इंस्टिट्यूट (टी एस ई) के बीच समझौता ज्ञापन की स्थिति पर विचार–विमर्श किया गया।
- इंस्टिट्यूट ऑफ इलैक्ट्रिकल एवं इलैक्ट्रोनिक्स इंजीनियर्स (आई ई ई ई) से आठ सदस्यीय शिष्टमंडल ने दिनांक 25 फरवरी 2014 को भा.मा.ब्यूरो का दौरा किया जिसमें भा.मा. ब्यूरो एवं आई ई ई ई के बीच प्रस्तावित समझौता ज्ञापन को ध्यान में रखते हुए भा.मा.ब्यूरो एवं आई ई ई ई के बीच सहयोग पर चर्चा की गई। दोनों पक्षों ने व्यक्त किया कि जल्द ही वे सभी अपेक्षित स्पष्टीकरण लेंगे तथा जल्द ही वे समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। बैठक में भा.मा. ब्यूरो द्वारा आई ई ई ई मानकों को अधिग्रहण करने हेतु भावी कार्यवाही पर चर्चा की गई।
- यू एन ई एस सी ए पी दक्षिण एवं दक्षिण पश्चिम एशिया कार्यालय ने नई दिल्ली में 11–13 मार्च 2014 तक डब्ल्यू टी ओ में अफगानिस्तान एसेशन पर चौथी तकनीकी क्षमता निर्माण कार्यशाला आयोजित की। बैठक के दौरान भा.मा.ब्यूरो की गतिविधियों तथा डब्ल्यू टी ओ–टी बी टी पृच्छा बिंदु के रूप में इसके कार्यों को शिष्टमंडल के समक्ष बताया गया तथा इन चर्चाओं के दौरान उपरोक्त मुद्दों पर उनकी पूछताछें स्पष्ट की गई।

- MoU between the Bureau of Indian Standards and Department of National Trade Measurement and Standards (DNTMS), Fiji, was signed on Mutual cooperation in the field of Standardization and Conformity Assessment during 12-13 February 2014.

BIS participated in the following important meetings regarding bilateral cooperation:

- BIS delegation visited Standardization, Administration of Peoples Republic of China and Certification and Accreditation Administration of the Peoples Republic of China (CNCA) for mutual cooperation in field of Standardization and Conformity Assessment during 24-28 May 2013.
- Commercial counselors, Office of the Commercial Counsellor, Turkish Embassy visited BIS on 12 June 2013 and held discussions with on Turkey's Conformity Assessment, Certification and Quality Infrastructure.
- The first meeting of Indo-German Joint working group on quality infrastructure for co-operation in standardization, conformity assessment and product safety was held at New Delhi during 12-13 December, 2013.
- A meeting of BIS officials was held with officials from the Turkish Embassy on 13 January 2014 at New Delhi. Deliberations on the status of MoU between BIS and Turkish Standards Institution (TSE), mandatory certification and registration schemes of BIS took place during the meeting.
- An eight member delegation from Institute of Electrical and Electronics Engineers (IEEE) visited BIS on 25 February 2014 to discuss cooperation between BIS and IEEE in the light of the proposed MoU between BIS and IEEE. Both the sides expressed that soon they get all the requisite clearances and can sign the MoU at the earliest. In the meeting, the future course of action for adoption of IEEE Standards by BIS was discussed.
- UN ESCAP South and Southwest Asia office organized the fourth technical capacity building workshop on Afghanistan accession to the WTO from 11 -13 March 2014 at New Delhi. During the meeting, activities of BIS and its working as WTO- TBT Enquiry Point were explained to the delegation and their queries with respect to the above issues were clarified during the interaction.

क्षेत्रीय सहयोग कार्यक्रमों में सहभागिता

भा.मा.ब्यूरो ने निम्नलिखित क्षेत्रीय सहयोग कार्यक्रमों में भाग लिया

- 08 अप्रैल 2013 को नई दिल्ली में 'निर्माण उद्योग में मानकीकरण का महत्व' विषय पर एशियन भागीदारों के लिए प्रस्तुतिकरण दिए गए तथा 22 मई 2013 को होनोलूलू, यू एस ए में आयोजित पी ए एस सी की 36वीं बैठक के दौरान 'सामाजिक जरूरतों एवं मांगों को पूरा करने हेतु मानकीकरण पर बढ़ता भरोसा' विषय पर प्रस्तुतिकरण दिए गए।
- 4–6 दिसम्बर के दौरान इंडिया–ब्रॉजील साउॅथ अफ्रीका (आई बी एस ए) की तीसरी त्रिपक्षीय बैठक साउॅथ अफ्रीकन ब्यूरो ऑफ स्टैन्डर्डस (एस ए बी एस), प्रीटोरिया, दक्षिण अफ्रीका में आयोजित की गई। इसके अतिरिक्त भारतीय शिष्टमंडल की बैठक में एस ए बी एस (नेशनल स्टैन्डर्डस बॉडी ऑफ साउॅथ अफ्रीका), ए बी एन टी (नेशनल स्टैन्डर्डस बॉडी ऑफ ब्रॉजील), साउॅथ अफ्रीकन नेशनल एक्रेडिटेशॅन सिस्टम (एस ए एन ए एस), नेशनल रेगुलेटर फॉर कम्पलसरी स्पेसीफिकेशॅन (एन आर सी एस), साउॅथ अफ्रीका एंड नेशनल मेट्रॉलॉजी इंस्टिट्यूट ऑफ साउॅथ अफ्रीका (एन एम आई एस ए) के सदस्यों द्वारा भाग लिया गया।
- भा.मा.ब्यूरो ने ढाका बंगलादेश में दिनांक 31 मार्च, 2014–01 अप्रैल, 2014 के दौरान साउॅथ एशियन रिजनल स्टैन्डर्डस आर्गेनाइजेशन (एस ए आर एस ओ) की तकनीकी प्रबंध बोर्ड की बैठक में भाग लिया।

Participation in Regional Co-operation Programmes

BIS participated in the following Regional Cooperation Programmes:

- Presentations were made for ASEAN participants on 'Importance of Standardization in the Manufacturing Industry' at New Delhi on 08 April 2013 and on 'Increasing Reliance on Standardization to address societal needs and demands' during 36th PASC meeting held at Honolulu, USA on 22 May 2013.
- The third tripartite meeting of India-Brazil-South Africa (IBSA) was held at South African Bureau of Standards (SABS), Pretoria, South Africa during 4-6 December 2013. Besides the Indian delegation the meeting was attended by members from SABS (National Standards Body of South Africa), ABNT (National Standards Body of Brazil), South African National Accreditation Systems (SANAS), National Regulator for Compulsory Specifications (NRCS), South Africa and National Metrology Institute of South Africa (NMISA).
- BIS participated in the South Asian Regional Standards Organization (SARSO) Technical Management Board meeting during 31 March 2014 - 01 April 2014 at Dhaka, Bangladesh.

प्रशिक्षण सेवायें

उद्योग के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमः

अप्रैल 2013–मार्च, 2014 के दौरान राष्ट्रीय मानकीकरण प्रशिक्षण संस्थान (NITS) ने लगभग 1.59 करोड़ का राजस्व कमाते हुए उद्योग जगत के लिए 10 लीड ऑडिटॅर पाठ्यक्रमों सहित 47 इन–हाउॅस कार्यक्रम, 29 खुले कार्यक्रम आयोजित किये।

विकासशील देशों के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण (आई टी पी) कार्यक्रम

विकासशील देशों के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम (आई टी पी) विदेशी मामले मंत्रालय, भारत सरकार की वित्तीय सहायता से आयोजित किये गये।

क प्रबंध पद्धतियों पर 10वें अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम (02–27 सितम्बर, 2013) में 18 विकासशील देशों के 28 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

ख मानकीकरण एवं गुणता आश्वासन पर 45वें अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम (07 अक्तूबर से 29 नवम्बर, 2013) में 24 विकासशील देशों के 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

आयोजित किये गये प्रशिक्षण कार्यक्रमों की कुल संख्या
(उद्योग, आई टी पी एवं भा मा ब्यूरो कर्मचारियों के लिए)
Total No. of Training Programs organised
(Including for Industry, ITP and for BIS employees)



ग विकासशील देशों हेतु प्रयोगशाला गुणता प्रबंधन पद्धति पर चौथे अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम (03–21 फरवरी, 2014) में 24 विकासशील देशों के 28 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

TRAINING SERVICES

Training Programmes for Industry

During the period April 2013 - March 2014, National Institute of Training for Standardization (NITS) organized 47 In-house programmes, 29 Open programmes including 10 Lead Auditors courses for the industry thus generating revenue of around Rs. 1.59 crores.

International Training Programmes (ITP) for Developing Countries

The ITPs were organised with the financial support from Ministry of External Affairs, Government of India.

a. The 10th International Training Programme on Management Systems (02-27 September 2013) was attended by 28 participants from 18 developing countries.

b. The 45th International Training Programme on Standardization and Quality Assurance (07 October to 29 November 2013) which was attended by 35 participants from 24 developing countries.

c. 4th International Training Programme on Laboratory Quality Management System for developing countries (03-21 February 2014) was attended by 28 participants from 24 developing countries.

आई टी पी : एक कक्षा प्रशिक्षण सत्र,
ITP: A Class-room training session

आई टी पी : औद्योगिक दौरे पर प्रतिभागी,
ITP: Participants on Industrial visit

आई टी पी : समापन समारोह,
ITP: Valedictory Program

iii) भा.मा.ब्यूरो कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

अप्रैल 2013–मार्च 2014 की अवधि के दौरान, केवल भा.मा. ब्यूरो कार्मिकों के लिए 16 कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें निम्नलिखित शामिल थे:

क. आई.एस. 15700 के अनुसार सार्वजनिक सेवा संगठन द्वारा सेवा गुणता पर कार्यान्वयन कार्यक्रम

ख. प्रमाणन गतिविधियों में रिफ्रेशर कोर्स

ग. 'आई.एस./आई.एस.ओ. 9001:2008 के अनुसार जागरूकता' पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

घ. 'कार्यस्थान पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न संबंधी जागरूकता उत्पन्न करने के लिए सुग्राही बनाने' के लिए प्रशिक्षण

ड. ए एवं एच केन्द्रों की ''हॉलमार्किंग एवं ऑडिट'' पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

च. 'एल.डी.सी.ई. द्वारा पी.एस./अनु.अधि. के रिक्त पद को भरने के लिए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीद्वारों' के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

छ. 'मध्य क्षेत्रीय कार्यालय दक्षिणी क्षेत्रीय कार्यालय पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय उत्तर क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारियों के लिए निवारक सतर्कता' पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

ज. प्रभावी संप्रेषण और प्रस्तुतिकरण दक्षता

झ. सूचना अधिकार और रिकॉर्ड प्रबंधन

इन कार्यक्रमों में लगभग भा.मा.ब्यूरो के 336 कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया और 23 सहभागियों को ओपन कार्यक्रमों में प्रशिक्षण दिया गया।

(iii) Training Programmes for BIS Employees

During the period April 2013 - March 2014, 16 programmes were exclusively organized for BIS officials, which included the following:

a. Implementation programme on 'Service Quality by Public Service Organization as per IS 15700'

b. Refresher Course in Certification Activities

c. Training Programme on 'Awareness as per IS/ISO 9001:2008'

d. Training for Sensitizing to create Awareness regarding 'sexual harassment of women's at workplace'

e. Training Programme on 'Hallmarking and Audit of A and H Centres'

f. Training Programme for 'SC/ST Candidates for filling vacant post of PS/SO through LDCE'

g. Training Programme on 'Preventive Vigilance for officers of CRO, SRO, ERO, NRO'

h. Effective Communication and Presentation Skills

i. RTI and Record Management

Around 336 BIS employees have been trained in these programmes and 23 participants were trained in the Open programmes.

सतर्कता गतिविधियाँ

भा.मा.ब्यूरो के सतर्कता विभाग का अध्यक्ष मुख्य सतर्कता अधिकारी है। भा.मा.ब्यूरो मुख्यालय में सतर्कता विभाग और समूह ख, ग और घ के कर्मचारियों के लिए प्रत्येक अनुशासनात्मक प्राधिकारी के सचिवालय (संबद्ध उप महानिदेशक) में सात सतर्कता अनुभाग हैं।

सतर्कता विभाग, केन्द्रीय सतर्कता आयोग (सी वी सी), केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सी.बी.आई.) और उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय विभाग के साथ निकट समन्वय से काम करता है। सतर्कता विभाग को केन्द्रीय सतर्कता आयोग, डी.ओ.पी.टी. इत्यादि द्वारा निर्दिष्ट विषय पर जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार ब्यूरो में सतर्कता संबंधी गतिविधियों के प्रबंधन का कार्य करना होता है। इसके अतिरिक्त इसके क्रियाकलापों में निम्नलिखित शामिल हैं :

सतर्कता जागरूकता सप्ताह – समापन समारोह
Vigilance Awareness Week - Closing ceremony

(क) निरोधात्मक सतर्कता (अर्थात् प्रक्रियाओं को नियोजित करना, प्रशिक्षण, सहमत सूची और संदिग्ध सत्यनिष्ठा वाले अधिकारियों की सूची तैयार करना)

(ख) दंडात्मक सतर्कता (अर्थात् प्राप्त शिकायतों की जांच, छानबीन करना, दोषी अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्क कार्यवाही करना) इत्यादि

(ग) निगरानी एवं खोज (अर्थात् निरीक्षण, वार्षिक संपत्ति दाखिले की छानबीन, मानिटरिंग, समीक्षा बैठकें इत्यादि करना)

'निरोधात्मक सतर्कता' पर प्रशिक्षण कार्यक्रम बनाया गया जिसमें भा.मा.ब्यूरो के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए सतर्कता मामलों से संबंधित विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया। ये कार्यक्रम 26–27 फरवरी 2014 के दौरान 17 सहभागियों के लिए पश्चिम क्षेत्रीय कार्यालय, मुम्बई में 04–05 मार्च 2014 के दौरान 13 सहभागियों के लिए पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता में 20–21 मार्च 2014 के दौरान 19 सहभागियों के लिए एन.आई.टी.एस., नोएडा में, 24–25 मार्च 2014 के दौरान 19 सहभागियों के लिए उत्तर क्षेत्रीय कार्यालय प्रयोगशाला, मोहाली में और 27–28 मार्च 2014 के दौरान 13 सहभागियों के लिए दक्षिण क्षेत्रीय कार्यालय, चैन्नई में संचालित किये गए।

वर्ष के दौरान चार अलग–अलग क्षेत्रीय कार्यालयों के अन्तर्गत आने वाले 04 शाखा कार्यालयों, अर्थात् बंगलोर शाखा कार्यालय, देहरादून शाखा कार्यालय, गाजियाबाद शाखा कार्यालय और भुवनेश्वर शाखा कार्यालय में निरोधात्मक सतर्कता ऑडिट संचालित किए गए।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह

भा.मा.ब्यूरो में 28 अक्टूबर से 02 नवम्बर 2013 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया। सप्ताह के दौरान भा.मा.ब्यूरो के कर्मचारियों के लिए बैनरों के प्रदर्शन, क्विज प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता और स्लोगन लिखने की प्रतियोगिता सहित अनेक गतिविधियां संचालित की गईं। 01 नवम्बर 2013 को मानक भवन, नई दिल्ली में सप्ताह का समापन और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह भा.मा.ब्यूरो के देशभर के विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों, शाखा कार्यालयों और प्रयोगशालाओं में मनाया गया।

VIGILANCE ACTIVITIES

Vigilance set up of BIS is headed by the Chief Vigilance Officer (CVO) and comprises of Vigilance Department at the Headquarters and seven Vigilance Sections in the secretariat of each of the Disciplinary Authority for Ground B, C and D employees (Deputy Director General concerned).

The vigilance department functions in close co-ordination with the Central Vigilance Commission (CVC), the Central Bureau of Investigations (CBI) and the Ministry of Consumer Affairs, Food and Public Distribution. It is entrusted with the responsibility of managing all vigilance related activities in the Bureau in accordance with the guidelines on the subject issued by Central Vigilance Commission, DOPT etc. This inter-alia, include activities related to:

(a) Preventive Vigilance (e.g. streamlining of procedures, training, preparation of 'agreed list' and 'list of officers of doubtful integrity' etc.)

(b) Punitive Vigilance (e.g. scrutiny of complaints received, investigations, disciplinary action against the officers at fault etc.)

(c) Surveillance and Detection (e.g. inspections, scrutiny of annual property returns, monitoring, review meetings etc.)

Training programmes on 'Preventive Vigilance' was designed covering various aspects related to vigilance matters for senior officers of BIS. These programmes were conducted during 26-27 February 2014 at WRO, Mumbai for 17 participants; 04-05 March 2014 at ERO, Kolkata for 13 participants; 20-21 March 2014 at NITS, Noida for 19 participants; 24-25 March 2014 at NRO Lab, Mohali for 19 participants and 27-28 March 2014 at SRO, Chennai for 13 participants.

Preventive vigilance audits were conducted in 04 Branch Offices namely Bangalore Branch Office, Dehradun Branch Office, Ghaziabad Branch Office and Bhubaneshwar Branch Office, falling under four different regions of BIS during the year.

VIGILANCE AWARENESS WEEK

Vigilance Awareness Week was observed in BIS from 28 October to 02 November 2013. During the Week, a number of activities, including display of banners, quiz competition, essay writing competition and slogan writing competition were conducted on the theme for employees of BIS. The closing and award ceremony of the Week was organized on 01 November 2013 at Manak Bhavan, New Delhi. The vigilance awareness week was also celebrated at various regional offices, branch offices and laboratories of BIS across the country.9

तकनीकी सूचना सेवाएं

उद्योग, आयातकों, निर्यातकों, व्यक्तियों तथा सरकारी अभिकरणों को पूछताछों के उत्तर में तकनीकी सूचना सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। अप्रैल 2013 –मार्च 2014 के दौरान 400 से अधिक पूछताछों का उत्तर दिया गया।

पहचान संख्या की स्पॉन्सरशिप

क) जारीकर्ता पहचान संख्या (आई.आई.एन.)

अंतर्राष्ट्रीय मानक आई.एस.ओ./आई.ई.सी. 7812–1 पहचान पत्र– जारीकर्ताओं की पहचान – भाग 1: संख्यांकन पद्धति अंतर्राष्ट्रीय और/अथवा अंतर–उद्योग अंतर परिवर्तन में प्रयुक्त पहचान कार्ड के जारीकर्ताओं की पहचान को विनिर्दिष्ट करता है। यह संख्या प्रमुख उद्योग तथा कार्ड जारीकर्ता की पहचान करती है। बैंकों/वित्तीय संगठनों के आवेदनों का समर्थन अमेरिकन बैंकर्स एसोसिएशन (ए.बी.ए) को करके भा.मा.ब्यूरो आई.एस.ओ. 7812–1 (ई) के अनुसार आई.आई.एन. जारी करने में सुविधा देता है। अवधि के दौरान 02 जारीकर्ता पहचान संख्या जारी की गईं।

(ख) विश्व विनिर्माण पहचानकर्ता (डब्ल्यू.एम.आई.) जारी करना

सोसाइटी ऑफ ऑटोमोटिव इंजीनियर्स (एस.ए.ई.), यू.एस.ए. के साथ समन्वय में भा.मा.ब्यूरो भारत में आटोमोबाइल विनिर्माताओं और निर्यातकों को आई.एस.ओ. 3780:1983 सड़क के वाहन– विश्व विनिर्माता पहचानकर्ता (कोड) जारी करने का उत्तरदायित्व पूरा करता है। वर्ष के दौरान डब्ल्यू. एम.आई. कोड आबंटन के लिए आठ (8) आवेदनों पर डबलू. एम.आई. कार्यवाही की गई।

(ग) डी जी एफ़ टी अधिसूचना सं. 44 (आर ई–2000) पर तकनीकी स्पष्टीकरण

डी.जी.एफ.टी. के निर्देशानुसार विभिन्न उत्पादों के लिए भारतीय बाज़ार में प्रवेश करने से पहले भा.मा.ब्यूरो प्रमाणन लेना अनिवार्य है। यदि कोई उत्पाद इन निर्देशों के अंतर्गत आता है या नहीं, जहां तक भा.मा.ब्यूरो के मानकों का संबंध है, के बारे में स्पष्टीकरण भा.मा.ब्यूरो द्वारा ही जारी किए जाएंगे। ये स्पष्टीकरण सभी संबंधितों के लिए बाध्यकारी होंगे। मार्च 2014 को वर्तमान में 92 उत्पाद इन निर्देशों के दायरे में आते हैं। वर्ष के दौरान भा.मा.ब्यूरो ने विभिन्न उत्पादों के लिए ऐसे 55 मामलों पर स्पष्टीकरण जारी किए।

TECHNICAL INFORMATION SERVICES

BIS provides Technical Information Services to industry, importers, exporters, individuals and government agencies in response to their enquiries. More than 400 such enquiries were responded during the period April 2013 – March 2014.

Sponsorship of Identification Numbers

(a) Issuer Identification Number (IIN)

The International Standard ISO/IEC 7812-1 Identification Cards - Identification of issuers - Part 1: Numbering system specifies a numbering system for the identification of issuers of the identification cards used in International and/ or inter-industry interchange. It identifies the major industry and the card issuer. BIS facilitates issue of IIN as per ISO 7812-1 by sponsoring applications of Banks/ Financial Organizations to the American Bankers Association (ABA). 02 Issuer Identification numbers have been issued during the period.

(b) World Manufacturer Identifier (WMI) number

In co-ordination with the Society of Automotive Engineers (SAE), USA, BIS issues WMI Codes as per ISO 3780: 1983 Road Vehicles - World Manufacturer Identifier (Code) to automobile manufacturers and exporters in India. 08 applications were processed for the allotment of WMI Code during the period.

(c) Technical Clarifications on DGFT Notification No. 44 (RE-2000)

As per instructions by DGFT, BIS certification is mandatory for various products before they enter Indian market. Clarifications on whether a product is covered within the instructions or not, in so far as BIS standards are concerned, would only be issued by BIS and such clarifications shall be binding on all concerned. As on March 2014 present, 92 products fall within the ambit of instructions. BIS issued 55 clarifications during the year on different products.

पुस्तकालय सेवाएं

